राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 10
लखनऊ, सोमवार 08 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य -रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





काशी व अयोध्या के बाद यूपी का बड़ा पर्यटन होगा विंध्याचल : जयवीर सिंह 03

डीएम व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा 10


सीएम योगी ने लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में विभिन्न व्यवसायों के 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा

# युवाओं को रोजगार देने के लिए हम प्रतिबद्ध

▸ प्रदेश के 286 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 92 व्यवसाय संचालित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में भी भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां सांसद एवं विधायकगण सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर युवाओं के सपनों को साकार करने के साक्षी बने।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ निरंतर कार्यरत है। देश के सबसे अधिक युवाओं वाले प्रदेश की युवा आकांक्षाओं को देखते हुए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए प्रदेश के 286 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 92 व्यवसाय संचालित हैं, जिनमें 1,84,280 सीटें उपलब्ध हैं। इन संस्थानों में 7768 अनुदेशक के पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 6577 नियमित और 1191 आउटसोर्सिंग के हैं। वर्ष 2022 में रिक्त 2406 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से प्रारम्भ की गई थी, जिसके तहत 1510 अनुदेशकों का चयन हुआ है।



शेष 341 पदों का परिणाम भी शीघ्र घोषित होने की संभावना है। इस प्रकार कुल 1851 चयनित अनुदेशक विभाग को प्राप्त होंगे, जिनसे राजकीय आईटीआई में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित होगा। प्रदेश सरकार ने बीते आठ वर्षों में 60 से अधिक नए राजकीय आईटीआई स्थापित कर संचालन प्रारम्भ कराया है। वर्तमान में 324 राजकीय आईटीआई के माध्यम से 82 ट्रेड में लगभग 1.84 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी इच्छुक युवा की आर्थिक स्थिति प्रशिक्षण में बाधा न बने, इसके लिए मासिक फीस मात्र 40 रुपए निर्धारित की गई है। साथ ही प्रदेश के लगभग 3000 निजी आईटीआई में 6 लाख सीटों पर प्रशिक्षण उपलब्ध है। यहां प्रवेश लेने वाले युवाओं को फीस प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जा रही है।सरकार ने राजकीय आईटीआई को सुदृढ़ करने हेतु प्रधानाचार्यों के 150 से अधिक और प्रशिक्षकों के 1510 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति की है। इसके अतिरिक्त 900 से अधिक पद आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे गए हैं।

भविष्य की तकनीकों जैसे सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, लेजर कटिंग, सीएनसी, थ्री डी प्रिंटिंग, डिजिटल कम्युनिकेशन आदि में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आईटीआई का उन्नयन किया जा रहा है। इस दिशा में टाटा टेक्नोलॉजीज लि. एवं 18 विश्वस्तरीय कंपनियों के सहयोग से प्रथम चरण में 150 आईटीआई का उन्नयन किया गया, जिसके तहत 9 नए ट्रेड और 23 शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू हुए हैं। इस परियोजना पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और हर वर्ष 15 हजार से अधिक युवा प्रशिक्षित हो रहे हैं। सफलता को देखते हुए 62 अन्य आईटीआई के उन्नयन को भी स्वीकृति दी गई है, जिस पर 3350 करोड़ रुपये व्यय होंगे। प्रदेश के प्रत्येक इच्छुक युवा को उसके घर के नजदीक निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन सक्रिय है। पिछले आठ वर्षों में इस मिशन के माध्यम से 14 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 5.65 लाख को रोजगार और सेवायोजन से जोड़ा गया है। वर्तमान में 1000 से अधिक प्रशिक्षण पार्टनर्स के सहयोग से 350 से अधिक कोर्स संचालित हो रहे हैं।

### सफल अभ्यर्थियों ने जताया सीएम का आभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर अब योग्यता और मेहनत के दम पर हासिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ने हजारों युवाओं के जीवन को नई दिशा दी है। रविवार को लोकभवन के सभागार में नियुक्ति पत्र पाने वाले नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी मेहनत ही नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है।योगी सरकार की नौकरियां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अब रोजगार के अवसर योग्यता और मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को ही मिलेंगे, न कि सिफारिश वालों को। सीएम योगी के इसी मिशन को उनकी टीम धरातल पर उतारने में लगी है। मैनपुरी की सीमा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मैंने राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बरेली से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरी हुई, जिसकी वजह से उनकी मेहनत रंग लाई।

## परिषदीय स्कूलों में होगी 5352 नियमित विशेष शिक्षकों की नियुक्ति



बेसिक में लगभग 80 हजार दिव्यांग बच्चे कर रहे पढ़ाई, विभागीय अधिकारियों के भेजे गए प्रस्ताव को उच्च स्तर पर मिली मंजूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए 5352 नियमित विशेष शिक्षक रखे जायेंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। बेसिक में लगभग 80 हजार दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में सात मार्च को रजनीश कुमार पांडेय व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य मामले में दिए गए आदेश के बाद माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है। 9 सितंबर को मामले में एफिडेविट देना है। इससे पहले माध्यमिक में 47 और अब बेसिक में 5352 विशेष शिक्षक रखने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव पर सहमति हुई है। आवश्यकता के अनुसार विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकेगी। विशेष श्रेणी के बच्चों में सीखने, बोलने, व्यवहार से संबंधित समस्या रहती है। इन्हें पढ़ाने के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त विशेष शिक्षक होते हैं। वर्तमान में एक निर्धारित मानदेय पर विशेष शिक्षकों से काम लिया जा रहा है। 2200 से अधिक संविदा शिक्षक तैनात हैं। जबकि अब इन पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के भेजे गए प्रस्ताव को उच्च स्तर पर मंजूरी मिल गई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में दो सितंबर को कैबिनेट की बैठक में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 47 विशेष शिक्षकों को रखने का निर्णय किया गया था। यह वर्तमान पदों में से ही बदलने की अनुमति दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली ने बाढ़ प्रभावित के लिए 52 ट्रक सामग्री पंजाब भेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों को रवाना किया है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ग्रस्त पंजाबवासियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पंजाब की मिट्टी की महक दिल्ली की रगों में रची-बसी है। हम एक ही परिवार हैं और जब पंजाब संकट में है तो दिल्ली उसका दर्द बांटने के लिए उसके साथ खड़ी है। उन्होंने सभी मंत्रियों, अधिकारियों और स्वयंसेवकों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इतने कम समय में भोजन सामग्री से लेकर हर आवश्यक वस्तु की व्यवस्था सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान से भी बात की है और उन्हें आश्वस्त किया है कि इस कठिन घड़ी में दिल्ली पंजाब के लिए हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

### घुसपैठिया बचाओ आंदोलन चला रहा है विपक्ष : संबित पात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को विपक्ष पर घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को धमकियां दी जा रही हैं, जो लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने इस पर कठोर कार्रवाई की मांग की। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि बिहार में आरंभ किए गए मतदाता सूची को अपडेट करने के विशेष अभियान को लेकर कांग्रेस और गांधी परिवार सहित पूरा विपक्ष हताशा और निराशा में है। इसी कारण विपक्ष 'घुसपैठिया बचाओ आंदोलन' चला रहा है और राहुल गांधी की यात्रा 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' में बदल गई है। पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को स्पष्ट कहा था कि देश को हर कीमत पर घुसपैठियों से बचाना होगा। इसके बावजूद विपक्षी दल इसके विरुद्ध बयान दे रहे हैं।

### चंद्र ग्रहण के चलते राममंदिर सहित मठ-मंदिरों के कपाट बंद

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की रामनगरी अयोध्या में चन्द्र ग्रहण के चलते प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी समेत सभी मठ-मंदिर के कपाट रविवार को दोपहर की आरती करने के बाद बंद कर दिए गए हैं, । चंद्र ग्रहण के बाद सोमवार को प्रातः काल पुनः मंदिर के कपाट खुलेंगे और आरती, पूजा के बाद भक्तों के दर्शन क्रम शुरू होगा। यह जानकारी श्रीरामजन्म भूमि ट्रस्ट ने दी है। आज रविवार को इस साल का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत सहित विश्व के कई देशों में दिखाई देगा। ज्योतिष और खगोल विज्ञान दोनों दृष्टिकोण से यह खास माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार, चंद्र ग्रहण का आरंभ रात 9 बजकर 58 मिनट पर होगा। इसका मध्य काल रात 11 बजकर 41 मिनट पर रहेगा और समाप्ति रात 1 बजकर 27 मिनट पर होगी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायमूर्ति आज लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नवनियुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ राय और न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल का शपथ सोमवार 8 सितम्बर को होगा। शपथ समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा। समारोह में सभी न्यायमूर्तिगण, न्यायिक अधिकारी, परिवारीजन व अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। समारोह का सर्किट टी वी के जरिए मार्बल हाल में सजीव प्रसारण की भी व्यवस्था की जा रही है। शपथ ग्रहण समारोह के चलते अदालतें पौने 11 बजे से बैठेंगी। शपथ लेने के बाद 160 जजों वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के अलावा न्यायाधीशों की कुल संख्या 86 हो जाएगी।

## ट्रम्प टैरिफ से उभरी चुनौतियों पर देशहित में केन्द्र सरकार उठाए ठोस कदम : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि ट्रम्प टैरिफ के बाद उभरी नई चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है।

बसपा प्रमुख मायावती रविवार को पार्टी के कार्यालय में बैठक की। जिसमें यूपी स्टेट के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने शामिल होकर पार्टी की ओर से दिए गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट दी। बैठक में भारत पर अमेरिका के लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा हुई। ट्रम्प टैरिफ से उभरी नई चुनौतियों का जिक्र करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि इससे सही से निपटने के लिए भारत सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है। वरना देश में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा घरों से दूर पलायन की विवशता आदि की समास्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, जिससे बचना बहुज जरूरी है।

## पीईटी परीक्षा के दौरान पकड़ा गया फर्जी परीक्षार्थी

**प्रयागराज ।** पेट परीक्षा 2025 के दौरान रविवार को बायोमेट्रिक मैच करने के दौरान प्रयागराज के नैनी स्थित हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय से एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। सूचना पर नैनी पुलिस टीम उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की। अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर जंग बहादुर यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बलिया जनवपद के बैरिया थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी आर्यन सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह है। इसके खिलाफ जौनपुर जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी जय प्रकाश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय प्रेम नाथ गुप्ता की तहरीर पर नैनी थाने में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की गई।

## पंजाब के मुक्तसर साहिब में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का साथी गिरफ्तार, पांच पिस्तौलें भी बरामद

एजेंसी



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के एक साथी को गिरफ्तार करके उसके पास से पांच .32 बोर पिस्तौलों सहित 10 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं।

पुलिस महानिदेशक पंजाब गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए जिला बठिंडा के माही नंगल निवासी बलजिंदर सिंह उर्फ़ रैंच की आपराधिक पृष्ठभूमि है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। वह सरहदी राज्य में शांति और सद्भावना भंग करने के लिए गोल्डी बराड़ गैंग को अवैध हथियारों की सप्लाई करता था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बरामद किये गए हथियार गोल्डी बराड़ के निर्देशों पर उसके मुख्य सहयोगी कपूरथला जेल में बंद मलकियत सिंह उर्फ़ किट्टा भानी के ज़रिये खरीदे गए थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एजीटीएफ पंजाब प्रमोद बान ने बताया कि डीएसपी एजीटीएफ बठिंडा रेंज जसपाल सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीमों को राज्य में सनसनीखेज अपराध की साजिश रचने की पुख्ता जानकारी मिली थी।

## वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा चुनाव आयोग : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। उन्होंने इस संदर्भ में कुछ पुराने उदाहरण देते हुये कहा कि मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद



निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवेदनों में साजिश कर बेहद सलीके से हजारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिये गये। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जाँच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जाँच का आदेश दिया।

## लालबाग के राजा का विसर्जन, तेज बहाव में डूबे चार लोग, 13 लापता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में गणेश उत्सव के समापन के बाद मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कम से कम चार लोग डूब गए और 13 अन्य लापता हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के चाकन क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोग अलग-अलग जलाशयों में बह गए। उन्होंने कहा कि दो लोग वाकी खुर्द में भामा नदी में और एक शेल पिंपलगांव में बह गया तथा एक अन्य व्यक्ति पुणे ग्रामीण के बिरवाड़ी में एक कुएं में गिर गया। अधिकारी ने बताया कि चार लोगों में से दो के शव अब तक बरामद कर लिए गए हैं तथा अन्य दो की तलाश जारी है। नांदेड़ जिले के गडेगांव में एक नदी में तीन लोग बह गए।

## एससीओ व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर आगाह किया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि भारत ने छह सितंबर को व्लादिवोस्तोक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का प्रतिनिधित्व करते हुए वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अमिताभ कुमार ने बैठक में विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए एक खुली, निष्पक्ष, समावेशी और भेदभाव रहित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया।

भारत ने यह भी कहा कि व्यापार से जुड़े जलवायु उपायों के चलते अनुचित भेदभाव नहीं होना चाहिए। मंत्रालय के मुताबिक भारत ने अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करके और व्यापार सुविधा के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाकर लगातार व्यापार घाटे को दूर करने का भी आह्वान किया। ये टिप्पणियां इसलिए अहम हैं, क्योंकि भारत के वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को चीन के दुर्लभ पृथ्वी चुम्बक और उर्वरक पर निर्यात प्रतिबंधों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ा है। चीन भी इस संगठन का सदस्य है। एससीओ व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर आगाह किया।

## हजरतबल दरगाह विवाद में 26 लोग पुलिस हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 3 सितंबर को हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन 4 सितंबर को अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने शनिवार को 26 लोगों को हिरासत में लिया है।

कार्यशाला

भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला संसद के जीएमसी बालयोगी सभागार में हुई

# जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दो दिवसीय कार्यशाला में रविवार को ऐतिहासिक जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया जहां वह आम कार्यकर्ता की तरह कार्यशाला की आखिरी पंक्ति में सहज भाव से बैठे दिखाई दिए।

भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार सुबह 11 बजे से संसद के जीएमसी बालयोगी सभागार में शुरू हुई। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए। इस कार्यशाला में उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी और विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी है।



इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की घोषणा को साकार करने पर भाजपा सांसदों ने प्रस्ताव पारित करके उनका अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया। भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन सांसदों के लिए महत्वपूर्ण चार सत्र होंगे। पहला सत्र आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत, ईज ऑफ डूइंग और युवा शक्ति एवं रोजगार पर होगा। दूसरा सत्र सांसदों की ओर से सोशल मीडिया के प्रभावी प्रयोग पर होगा। तीसरा सत्र सांसदों की स्थायी समिति के समूहों से संबंधित है, जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों की संसदीय समितियों से जुड़ा है। इसमें संसदीय समिति की कार्यवाही का महत्व, संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियमावली का इस्तेमाल, मंत्रालय रिपोर्ट का अध्ययन और सांसद के रूप में व्यवहार और सावधानी आदि पर चर्चा होगी। चौथे और अंतिम सत्र में सागरीय क्षेत्र, लेफ्ट विंग क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, शहरी क्षेत्र और पहाड़ी और उत्तर पूर्व क्षेत्र के बारे में चर्चा होगी। भाजपा कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा सांसदों को चुनाव प्रक्रिया, मतदान करने का तरीका और सावधानियों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मोदी के जन्मदिन पर 75 शहरों में होगा नमो युवा रन अभियान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा 21 सितंबर को सुबह 7 बजे 'नमो युवा रन' का आयोजन करेगा। देशभर के 75 स्थानों पर 10 लाख युवा इस रन में शामिल होंगे। सांसद तेजस्वी सूर्या ने पीएम मोदी को सबसे बड़ा फिटनेस आइकन बताया। अभिनेता और फिटनेस मॉडल मिलिंद सोमन को इस कार्यक्रम का एंबेसडर बनाया गया है। सांसद तेजस्वी सूर्या और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से इस अभियान की घोषणा की। इस अवसर पर अभिनेता और मॉडल मिलिंद सोमन को नमो युवा रन का एंबेसडर घोषित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर तेजस्वी सूर्या और मिलिंद सोमन ने पुश-अप चैलेंज में भी भाग लिया। मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में कर भार लगातार घटा है।

## भारतीय छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड में जीते सात पदक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 16 अगस्त को चीन के जिनिंग में आयोजित 18वें अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया।

टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 7 पदक हासिल किए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय भूविज्ञान युवा आंदोलन (आई-जीवाईएम) रिपोर्टर श्रेणी में भी तीसरा पुरस्कार मिला। विजेता छात्रों में लुधियाना के रयांश गुप्ता को स्वर्ण, रजत और आई-जीवाईएम तृतीय पुरस्कार मिला। कपूरथला के चारुव्रत



बैंस को 2 रजत और 1 कांस्य, जयपुर की अपम निधि पांडे को 1 रजत और दिल्ली की प्रियांशी घनघास को 1 कांस्य प्राप्त हुआ। छात्रों को प्रोफेसर देवेश वालिया और प्रोफेसर हेमा अच्युतन ने मार्गदर्शन दिया तथा डॉ. जगवीर सिंह पर्यवेक्षक के रूप में साथ रहे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इन युवाओं ने राष्ट्र को गौरव दिलाया है। यह उपलब्धि भारत की स्टार्टअप क्रांति के बाद युवाओं, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों के छात्रों में नई आकांक्षा और आत्मविश्वास की भावना को दर्शाती है।

## खबरें एक नजर में

### गन्ने के खेत में मिले गौवंश के अवशेष

**फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गन्ने के खेत में गौवंश के ग्रामीणों ने अवशेष देखे। जैसे जैसे लोगों को पता चला घटना स्थल पर भीड़ जुट गयी और स्थिति तनाव के कारण गांव में पुलिस तैनात कर दी गयी है। पुलिस ने मवेशी डाक्टर राकेश वर्मा को बुलाकर नमूना लेकर गौवंश के अवशेष को जमीन में दफनवाया है। फरधान थाना क्षेत्र लालपुर गांव निवासी दोश्त मोहम्मद ने दो बछड़े आवारा पकड़े थे जिनसे खेती का कार्य करते थे । ग्रामीणों के कथनानुसार कभी कभी बैल छोड़ देते थे कुछ दिन पहले इस जोड़ी का एक बैल गायब हो भी चुका था जो नहीं मिला । बीती 5 सितंबर रात दूसरा बैल भी गायब हुआ और 7 सितंबर को इनके की गन्ने के खेत में गौवंश के अवशेष ग्रामीणों ने देखे घटना स्थल पर भीड़ जुटने लगी और स्थिति तनावपूर्ण हुई। क्षेत्र वासियों के कथनानुसार जिसका बैल गायब हुआ उसके पुत्र को पुलिस ने पकड़ा है इस कारण मुश्लिम संप्रदाय के लोग थाना क्षेत्र की एक चौकी मनिकापुर उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव से मिले भी हैं।
थाना प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी का कहना है गौ वंश अवशेषों का नमूना लेकर जमीन में दफना दिया गया है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### महिला थाने में 12 विवादों पर हुई काउंसलिंग, 7 जोड़े की हुई विदाई



**लखीमपुर-खीरी।** परिवारिक विवादों को सुलझाने और बिखरते रिश्तों को जोड़ने के लिए महिला थाना लगातार सराहनीय पहल कर रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला के नेतृत्व में काउंसलरों की टीम ने 12 प्रकरणों पर काउंसलिंग कर 07 जोड़ों की विदाई कराई। यह कार्य पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। महिला थाना परिसर में आयोजित इस सुलह प्रयास में काउंसलर नीति गुप्ता और कय्यूम ज़रवानी ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और साझी गृहस्थी से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से वार्ता की। आपसी सहमति और काउंसलिंग के बाद 7 दंपतियों ने एक बार फिर साथ रहने का निर्णय लिया और थाने से विदाई होकर घर लौटे। इन्हीं मामलों में कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला अयोध्यापुरी का एक प्रकरण विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। रक्षाबंधन पर पत्नी के मायके में अधिक दिनों तक रुकने से पति-पत्नी के बीच विवाद गहराया था। पत्नी की शिकायत पर जब पति को बुलाकर थाने में काउंसलिंग कराई गई तो दोनों पक्ष पुनः साथ रहने को तैयार हो गए। इसी प्रकार 05 मामलों में पति-पत्नी के बीच अत्यधिक मनमुटाव पाया गया, जिनमें दोनों पक्षों की सहमति से उन्हें सोचने-समझने के लिए समय दिया गया है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानूनी कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि परिवारों को टूटने से बचाना भी है। काउंसलिंग के माध्यम से हम रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करते हैं और यह समाज के लिए सकारात्मक संदेश है।

### लकड़कट्टों के हौंसले बुलंद, दिनदहाड़े पेड़ों पर चला आरा



**मितौली, खीरी।** थाना क्षेत्र की मढिया चौकी अंतर्गत पिपरझला-हरगांव मार्ग पर लगे पेड़ों को लकड़कट्टों द्वारा खुलेआम काटकर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। बताया जा रहा है कि लकड़ी को काटने के बाद एक स्थान पर एकत्रित किया जाता है और फिर ट्राली या ऑटो में भरकर ठेकों पर बेचा जाता है। कटान इतनी खुली तरीके से हो रहा है कि पुलिस और वन विभाग की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। सरकारी जमीन पर लगे वृक्षों का इस तरह से निडर होकर कटान होना चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां एक ओर सरकार लाखों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण करा रही है, वहीं दूसरी ओर लकड़कट्टे बेधड़क हरियाली को नष्ट कर रहे हैं। इस बाबत जब क्षेत्रीय वन रक्षक अफजाल खां से दूरभाष पर बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पिपरझलाह्नहरगांव मार्ग पर किसी भी लकड़कट्टे द्वारा पेड़ नहीं काटे गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष कुछ लोगों ने कठगूलर के पेड़ काटे थे, जो प्रतिबंधित नहीं होते और जमतुआ श्रेणी में आते हैं ह्यालांकि सूत्रों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं। वहीं निमचेनी गांव में भी पेड़ों का कटान हुआ था। इस संबंध में जब वन रक्षक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 2404 मरीजों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सफल आयोजन किया गया। मेलों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. बी. पी. सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघनी में आयोजित मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर से दवाएं या जांचें न लिखी जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को आवश्यक सभी औषधियां और जांच सेवाएं स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आयोजित मेलों में कुल 2404 मरीजों का उपचार किया गया, जिनमें 962 पुरुष, 837 महिलाएं और 605 बच्चे शामिल रहे। मेले में रक्तचाप एवं मधुमेह जांच, टीकाकरण, नेत्र परीक्षण, महिला एवं प्रसूति सेवाएं, बाल रोग परामर्श, परिवार नियोजन परामर्श, पोषण संबंधी जानकारी तथा सामान्य रोगों की जांच और उपचार जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला लेखा प्रबंधक प्रभात मौर्या सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघनी का संपूर्ण स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### गणेश विसर्जन के दौरान राप्ती पुल से दंपति ने लगाई छलांग, पत्नी बची, पति लापता

**उतरौला (बलरामपुर)।** गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार शाम राप्ती नदी पुल पर उस वक्त सनसनी फैल गई जब दंपति ने अचानक नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद एनडीआरएफ टीम और उतरौला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पत्नी को बचा लिया, लेकिन पति गहरे पानी में डूब गया। दंपति की पहचान तुलसीपुर थाना क्षेत्र के सड़वा गांव निवासी कालीप्रसाद चौहान और उनकी पत्नी संध्या चौहान के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पुल पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कालीप्रसाद ने नदी में छलांग लगा दी। यह देख संध्या भी नदी में कूद गई। विसर्जन की भीड़ में संध्या मूर्तियों के बीच फंस गई, जिससे एनडीआरएफ के जवानों को उसे सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता मिली। अपराध निरीक्षक मृत्युंजय सिंह ने बताया कि कालीप्रसाद की तलाश एनडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों की मदद से की जा रही है। वहीं संध्या की हालत अभी सामान्य नहीं होने के कारण उससे विस्तृत पूछताछ नहीं की जा सकी है।

### भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष बने यदुनंदन मिश्रा




**बलरामपुर।** किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर भगवती आदर्श विद्यालय धर्मपुर मेंसफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के बाद कार्यकारिणी का विस्तार एवं गठन किया गया जिसमें यदुनंदन मिश्रा को दोबारा किसान संघ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान संघ के प्रांतीय पदाधिकारी हरिवंश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यदुनंदन मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत एवं अवध प्रांत के महामंत्री उत्कर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में संगठन के विस्तार और किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से एक व्यक्ति तीन गांव का भ्रमण करे तथा एक वर्ष में तीन गांवों को आदर्श स्वरूप में बदले जैसे संकल्प पारित किए गए। साथ ही किसानों को आ रही मूलभूत समस्याओं जैसे समय से विद्युत आपूर्ति, नकली खाद-बीज की रोकथाम, सिंचाई की सुविधा और यूरिया की उपलब्धता पर गंभीर विमर्श किया गया। अवध प्रांत के महामंत्री उत्कर्ष ने बताया कि आगामी 9 सितंबर को भारतीय किसान संघ पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिवस के रूप में मनाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी ब्लॉकों पर संगठन के पदाधिकारी खंड अध्यक्षों के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में किसानों को राहत देने हेतु प्रमुख मांगें शामिल होंगी, जिनमें समय पर सिंचाई हेतु बिजली की उपलब्धता, यूरिया की समस्या का समाधान, नकली बीज-खाद की रोकथाम जैसे मुद्दे प्रमुख रहेंगे बैठक के दौरान भारतीय किसान संघ बलरामपुर की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें समिति का संरक्षक हरिवंश सिंह, जिलाध्यक्ष यदुनंदन मिश्र और जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मदन गोपाल व अटल वर्मा को सौंपी गई, जबकि सह मंत्री के रूप में शिवयोगी और ओम प्रकाश चौरसिया नियुक्त किए गए। रघुनाथ प्रसाद शुक्ला को कोषाध्यक्ष का दायित्व मिला। इसके अतिरिक्त कृष्ण कुमार को जैविक प्रमुख, अखिलेश तिवारी को गन्ना प्रमुख तथा अजय कुमार को युवा प्रमुख बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नवल किशोर, सुरेंद्र कुमार मिश्र और मंगल बाबू को शामिल किया गया। इस प्रकार दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने में ऐतिहासिक साबित हुआ।

# बाढ़ ने दी बरोठा में दस्तक, गांव का संपर्क टूटा, मुश्किल में जनजीवन

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



शारदा नदी के बढ़ते जलस्तर ने अब निघासन तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरोठा में दस्तक दे दी है। शनिवार की शाम बाढ़ का पानी गांव में घुस आया, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। चारों ओर फैले पानी ने गांव का आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव से बाहर निकलना बेहद कठिन हो गया है। गांव के रास्ते पर पानी भर जाने से साइकिल, बाइक और पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। लोग किसी तरह से जान जोखिम में डालकर इधर-उधर आ-जा रहे हैं। वहीं, खेतों में खड़ी धान व गन्ने की फसलें पानी में डूबने लगी हैं। किसान मायूस हैं, उनका कहना है कि अगर पानी जल्दी नहीं उतरा तो पूरी मेहनत चौपट हो जाएगी। गांव में पानी घुसते ही अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने घरों से सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कोशिश शुरू कर दी। कई घरों में पानी घुस गया है, जिससे परिवारों को खाना पकाने और रहने में कठिनाई हो रही है। महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्रशासन को दे दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस राहत नहीं पहुंची है। राहत शिविर और नाव की व्यवस्था न होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। गांव के लोग अब प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं। किसानों ने बताया कि बरोठा में खेत पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। गन्ना, धान और सब्जियों की फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों ने कहा कि बाढ़ के इस प्रकोप ने उनकी कमर तोड़ दी है।

### बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों का दर्द



सड़कों पर डेढ़ से दो फीट पानी भरा हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों को लेकर बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। अगर किसी को अस्पताल जाना पड़े तो बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**धीरेंद्र पाण्डेय**



मेरे खेतों में लगी हमारी धान की लगभग 6 एकड़ जिसकी गाटा संख्या 1021 फसल पानी में पूरी तरह डूब गई हैं। पूरे साल की मेहनत चौपट हो रही है। सरकार से मेरा निवेदन है मेरा और मेरे सभी किसान भाइयों को जल्द मदद नहीं पहुंचाएगी तो हमें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

**राहुल राज युवा किसान**



गांव का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं बचा। नाव या कोई वैकल्पिक व्यवस्था होती तो कुछ राहत मिलती।

**अमर प्रकाश शुक्ला**

## धौरहरा तहसील क्षेत्र में राहत कार्यः कहीं सेवा और सतर्कता, तो कहीं लापरवाही भी सामने आई

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धौरहरा तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत कार्य तेज़ी से जारी है, अधिकारी, नेता,और समाज सेवी पूर्ण रूप से सक्रिय है । जहां एक ओर लोग सेवा भाव से अपने निजी खर्च पर पीड़ितों तक मदद पहुँचा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लापरवाहियां भी उजागर हो रही हैं।

धौरहरा के पूर्व विधायक पुत्र एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख ईसानगर राजीव अवस्थी (लालू भैया) ने मड़वा, लुधौनी, प्रीतमपुरवा सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने राहत वितरण के साथ ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया। उनके साथ ब्लॉक प्रमुख ईसानगर आलोक कटिया (दीपू भैया), सुनील तिवारी, निर्भय मिश्र, आशीष वर्मा सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे। राहत कार्य की सबसे अहम बात यह रही कि सेवा को दिखावे से दूर रखने के लिए सामूहिक रूप से केवल एक फोटो लिया गया और फिर कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं, दूसरी ओर जसवंत नगर, मड़वा, लुधौनी सहित कई गांवों में राहत सामग्री 120 माइक्रोन की पॉलिथीन में पैक कर बांटी जाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की पॉलिथीन में रखा भोजन लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रहता और इससे बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इस बीच धौरहरा तहसील प्रशासन भी पूरी सतर्कता अपना रहा है। बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षा के साथ राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की डॉक्टर टीम लगातार सक्रिय रहकर प्रभावित लोगों की जांच और उपचार में लगी हुई है। तहसील प्रशासन ने मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा- फोटो सामने आई हैं, जांच कराई जाएगी। यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

## लक्ष्मी नगर कॉलोनी में बनी सीसी रोड का विधिवत उद्घाटन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर के लक्ष्मी नगर कॉलोनी में शनिवार को 15वें वित्त आयोग की निधि से निर्मित सीमेंट-कंक्रीट (सीसी) रोड का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह का आयोजन धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन-अर्चन कर पं0 श्यामनारायण मिश्रा द्वारा फीता काटकर सड़क का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वार्ड सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू तथा कॉलोनी के वरिष्ठजन ब्रज बिहारी लाल शुक्ला, बाबूराम शुक्ला, माया देवी एवं मीरा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नगर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करना है। सीसी रोड का निर्माण इसी दिशा में एक और मजबूत कदम है। मैं सदैव नगरवासियों की सेवा में तत्पर हूं।÷इस् मौके पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी ने भी नगर विकास में पालिका की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वार्डवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सभासद अमितांशु मिश्र पुच्ची, राम गुलाम पाण्डेय, अशोक शुक्ला, देवेंद्र प्रसाद तिवारी, रमेश तिवारी, सत्यदेव मिश्रा, उमेश शुक्ला, पूर्व सैनिक मिथिलेश अवस्थी, ब्रजेश शुक्ला, महेंद्र तिवारी, विजय मिश्रा, सतेंद्र भारती, अवधेश बाजपेई, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, पं. लवकुश शास्त्री, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी तथा जेई अनिल यादव सहित सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## पिपरिया डीह में गौआश्रय स्थल का शुभारंभ, निकली गौसम्मान यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पिपरिया डीह में 6 सितम्बर को गौआश्रय स्थल का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा किया गया। इस अवसर पर 1 किलोमीटर लंबी गौसम्मान यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग गौसेवा संयोजक विनीत सिंह भदौरिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने गौआधारित कृषि आयाम संयोजक शिवांशु सिंह द्वारा स्थापित इस गौआश्रय स्थल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने गौसेवा को सनातन संस्कृति का मान बिंदु बताया और सभी को सनातन मूल्यों की रक्षा हेतु सतत कार्य करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन जिला गौ सेवा संयोजक डॉ. पीयूष शुक्ला ने किया। इस अवसर पर शिवराम सिंह, मुकेश सिंह चौहान, संतोष सिंह, नीरज वर्मा, सुमित मिश्रा, अनुज त्रिवेदी, आदित्य प्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रसव पीड़ित महिला को निजी अस्पताल भेजा, परिजनों से अभद्रता का आरोप

**▸ गरीब किसान मजदूर पार्टी ने सीएचसी स्टाफ पर लगाए गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




सीएचसी गोला में एक प्रसव पीड़िता को लेकर भारी लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि महिला चिकित्सक और स्टाफ की मिलीभगत से प्रसूता को जबरन निजी अस्पताल भेजने का दबाव बनाया गया और परिजनों के सवाल पूछने पर उनके साथ अभद्रता की गई। मामला मोहल्ला भूतनाथ निवासी मुकेश की पत्नी रंजना का है, जिन्हें शनिवार सुबह 11 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी गोला में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि महिला चिकित्सक और नाइट शिफ्ट में तैनात स्टाफ दिन भर यह आश्वासन देते रहे कि सामान्य डिलीवरी ही होगी और घबराने की जरूरत नहीं है। परिजनों के मुताबिक, रात करीब 12:30 बजे अचानक डॉक्टरों ने कह दिया कि मरीज को यहां से कहीं और ले जाना होगा। जब परिजनों ने दिनभर दिए गए आश्वासनों की बात उठाई तो डॉ ने न केवल नाराजगी जताई बल्कि कथित तौर पर पुलिस बुलाने की धमकी भी दी। गरीब किसान मजदूर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने सीएचसी स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह मामला केवल लापरवाही का नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का है। सीएचसी स्टाफ वेतन लेने के बावजूद मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर कर रहा है, ताकि वहां का फायदा हो। इस तरह गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है, यादव का कहना है कि रंजना के परिजनों ने सूझबूझ दिखाते हुए मरीज को सनम हॉस्पिटल, मितौली में भर्ती कराया, जहां रात करीब 3:30 बजे सामान्य प्रसव से दो बच्चों का सुरक्षित जन्म हुआ।

## गोला की समाजसेविका रंजीत कौर पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आईं

**▸ इंसानियत की मिसाल, अपील पर लोग जोड़ने लगे हाथ**

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



पंजाब की भीषण बाढ़ ने हज़ारों परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई घर बह गए, खेतों की फसलें तबाह हो गईं और लोग खाने-पीने की चीजों के लिए तरस रहे हैं। ऐसे कठिन समय में लखीमपुर खीरी जिले के गोला क्षेत्र की समाजसेविका रंजीत कौर खुद आगे आई हैं। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक मुहिम छेड़ी है और लोगों से अपील की है कि वे इंसानियत के नाते इस राहत अभियान से जुड़ें। रंजीत कौर की अपील पर गोला क्षेत्र से लोग कपड़े, सूखा राशन, दवाइयाँ और आर्थिक सहयोग देने के लिए आगे आने लगे हैं। महिलाओं और युवाओं ने भी इस अभियान में भागीदारी शुरू कर दी है। गाँव-गाँव जाकर रंजीत कौर लोगों से संपर्क कर रही हैं और राहत सामग्री इकट्ठा कर रही हैं। उनका कहना है कि ÷यह समय एक-दूसरे का सहारा बनने का है। पंजाब के हमारे भाई-बहन संकट में हैं, उनकी मदद करना हमारा फर्ज है। इस नेक पहल में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुम्हारन टोला ने भी अहम भूमिका निभाई है। गुरुद्वारे में बाढ़ राहत सहायता हेतु रसीदें छपकर तैयार हो चुकी हैं। कोई भी व्यक्ति जो मदद करना चाहता है, वह गुरुद्वारे में टोनी भाई से संपर्क कर सहयोग राशि दे सकता है और रसीद प्राप्त कर सकता है।अधिवक्ता रंजीत कौर और समाजसेवी विश्वनाथ राजपूत की इस पहल की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि ÷ऐसे समय में गोला की बेटी ने मानवता की सच्ची मिसाल पेश की है। पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए गोला गोकर्णनाथ की समाजसेविका रंजीत कौर उम्मीद की किरण बनकर सामने आई हैं। उनकी मुहिम से क्षेत्र के लोग राहत सामग्री और सहयोग देने के लिए जुड़ने लगे हैं। गुरुद्वारा कमेटी का साथ इस अभियान को और मजबूत बना रहा है। अब ज़रूरत है कि और लोग आगे आकर पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाएँ।

## जीएसटी में राहत से व्यापारियों में खुशी, भाजपा नेता सुमित सिंह ने जताया आभार



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में दी गई राहत को लेकर व्यापारियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है।भाजयुमो के जिला मंत्री सुमित सिंग्ज ने कहा कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल व्यापारियों को राहत देगा, बल्कि आम जनता को भी सीधा लाभ पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी आने से व्यापार का माहौल और बेहतर होगा तथा छोटे व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी। इससे रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।जिला मंत्री सुमित सिंह ने सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। सुमित सिंह ने कहा कि व्यापारियों को अब पारदर्शिता और सरल कर प्रणाली का लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे नई कर व्यवस्था का लाभ उठाते हुए ईमानदारी से अपने कारोबार को आगे बढ़ाएं।

### अश्लील वीडियो और धमकी के मामले में एफआईआर दर्ज

**धौरहरा खीरी।** धौरहरा थाना क्षेत्र के भटपुरवा कला गाँव निवासी आयशा बानो पत्नी फारूक खां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आयशा बानो ने आरोप लगाया कि दिनांक 29 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 की रात करीब 12 बजे से सुबह 4 बजे तक गाँव के ही मुजम्मिल पुत्र इस्लाम और छोटकन्ना उर्फ समीर पुत्र मकबूल ने उनके मोबाइल नंबर पर अश्लील वीडियो, गंदी-गंदी मैसेज और रिकॉर्डिंग भेजी। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें डराने-धमकाने की भी कोशिश की। पीड़िता ने इस संबंध में 07 सितम्बर 2025 को थाना धौरहरा में लिखित तहरीर दी, जिस पर धौरहरा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## जनपद को मिले नवचयनित 23 अनुदेशक, युवाओं को बेहतर व्यावसायिक/तकनीकि शिक्षा एवं कौशल होगा प्राप्त

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत व्यावसायिक शिक्षा ,कौशल विभाग और उद्यमशीलता विभाग में नवचयनित 1510 अनुदेशकों को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया । इस अवसर पर जनपद में नव चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी , डीएम पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। नव चयनित अनुदेशकों एवं सभी उपस्थित अतिथिगणों द्वारा मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, डीएम पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा नव चयनित 23 अनुदेशको को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर को विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से सरकारी भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराकर युवाओं की मेहनत एवं योग्यता का सम्मान करने का कार्य कर रही हैं ,साथ ही साथ बड़ी संख्या में युवाओं को व्यवसाय से जोड़कर युवाओं के सपनो का साकार करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा हैं । डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि सभी नवचयनित अनुदेशक सकारात्मकता एवं पूरी इमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। स्वयं को नई तकनीकी से अपडेट रखे जिससे छात्रों को तकनीकी का बेहतर ज्ञान रहें। जनपद में 23 नवचयनित अनुदेशकों से जनपद में आईटीआई में अनुदेशकों की संख्या 17 से बढ़कर 40 हो जाएगी। युवाओं को बेहतर व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त होगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री श्याम मनोहर तिवारी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, आईटीआई प्रिंसिपल व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## वर्गीकृत

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने मुवकिल जगदेव कुमार पुत्र स्व. भगवत स्वरूप व सरोज सिंघल पत्नी जगदेव कुमार निवासी तिकुनिया जिला लखीमपुर खीरी ने अपने पुत्र मोहित सिंघल व पुत्रवधू माही सिंगल को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति मकान व जमीन जायदाद से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी भी लेनदेन व कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनके किसी कृत से मुवकिल का कोई वास्ता नहीं है।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे सेवा रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम "THYSEN FATMA" आयु 34 वर्ष अंकित है, जो कि अशुद्ध है। मेरी पत्नी का शुद्ध नाम "TAHSEEN FATIMA" शुद्ध जन्मतिथि 01-01-1971 है।

सैय्यद मुसर्रत अली
(भूतपूर्व सैनिक नं- 13891599LEX NC)
पुत्र स्व. सुल्तान अली निवासी ग्राम कुरखिला, पोस्ट खेवली, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी (उ.प्र)

### सूचना

यह की प्रार्थी ने 27/7/2016 को अपना नाम नितिन सिंह से बदलकर नवीउल्ला सिद्दीकी कर दिया है और मुस्लिम धर्म को अपना लिया है भविष्य में उसका नाम नवी उल्ला सिद्दीकी के नाम से जाना जाए और समस्त पत्रावलियों में यह नाम दर्ज कर दिया जाए।

### सूचना

मैं सूचनार्थी शिवम पुत्र रणधीर सिंह निवासी-पनवाड़ी, परगना/तहसील-कुलपहाड़, जिला-महोबा का हूं, मेरी प्रथम टीसी 2021 स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज, पनवाड़ी जिला-महोबा वास्तव में कहीं खो गई है, जो काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली।

सूचनार्थी
शिवम पुत्र रणधीर सिंह

HOME TUITION WALA
घर पर ही ट्यूशन पढ़वायें।
2 Days Free
Demo For Class
Nursery to 12th
ICSE/ CBSE/UP BOARD
Male/ Female Tutors are available
Mobile 7784888786
(9Am-9Pm)

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# मधुमक्खी पालन के लिए 90 दिनों का निःशुल्क प्रशिक्षण देगी सरकार

## मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का होगा विस्तार, सहारनपुर, बस्ती व प्रयागराज में होगा मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ोत्तरी हेतु सार्थक कदम उठा रही है। प्रदेश में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन और शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को प्रेरित कर रही है।

मधुमक्खी पालन हेतु 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान कर रही है। मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का विस्तार होगा। मधुमक्खियाँ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों की आर्थिक वृद्धि, फसलों में पर-परागण से उत्पादन क्षमता में वृद्धि तथा पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान करतीं हैं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों की आय में वृद्धि हेतु कृषि के साथ ऐसे अनुपूरक व्यवसायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनमें कम भूमि और कम पूंजी की आवश्यकता होती है। मधुमक्खी पालन ऐसा ही व्यवसाय है, जिसे अपनाकर किसान कम समय और कम लागत में अधिक आय अर्जित कर सकते है।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को वैज्ञानिक ढंग से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, बस्ती, राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक तीन माह का निःशुल्क प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ भानु प्रकाश राम ने बताया कि 90 दिवसीय प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएँ सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने निकटतम केन्द्र संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर बस्ती अथवा अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर आवेदन करना होगा। प्रशिक्षणार्थियों को ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितम्बर है। आवेदन पत्र के साथ दो सत्यापित व्यक्तियों या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र आवश्यक है।

# टीईटी की अनिवार्यता हो समाप्त, प्रत्येक जिला मुख्यालय पर दिया जाएगा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए प्रदेश के सभी प्रदेशीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष व मंत्रियों को निर्देश जारी करते हुए आंदोलन की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने बताया कि प्रदेश के लाखो शिक्षक शिक्षिकाओं के भविष्य को सुरक्षित एवं संरक्षित हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संकल्पित होने के हितार्थ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टेट अनिवार्यता के संबंध में दिए गए आदेश के क्रम में उक्त आदेश को मानवीय आधार पर वापस किए जाने हेतु दिनांक 10 सितंबर 2025 को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति विभिन्न निर्धारित योग्यताओं को पूरा करते हुए हुई है। शिक्षकों की सेवाकाल के अवशेष अंतिम वर्षों में टीईटी को लागू कर देने से उनके सम्मान को ठेस पहुंच रही है। इसलिए टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु अपील की जाएगी।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लखनऊ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि दिनांक 10 सितंबर 2025 को जिला कलेक्ट्रेट कैसरबाग लखनऊ पर अपराह्न 2.30 बजे जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट होकर अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## खबरें एक नजर में

### कांशीराम की पुण्यतिथि पर मायावती करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती 9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर लखनऊ स्थित काशीराम स्मारक स्थल पर एक बड़ी रैली करेंगी। इस रैली में लगभग दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। नौ साल पहले मायावती ने लखनऊ में एक बड़ी रैली की थी, जिसके बाद अब यह रैली होने जा रही है। यह जानकारी बसपा उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने पार्टी की बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब में दी। उन्होंने कहा कि देश भर में 95 प्रतिशत पदाधिकारी और बूथ कमेटियां तैयार हो चुकी हैं। बसपा आगामी चुनावों में पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। इस रैली को राज्य में होने वाले पंचायत चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी की कोशिश यह दिखाने की भी हो सकती है कि वह और उसकी मुखिया चुप बैठने वालों में नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को मायावती ने लखनऊ में पार्टी की समीक्षा बैठक की, जिसमें प्रदेश भर के सभी बड़े नेता और जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए।

### पितृ पक्ष पर श्रद्धालुओं ने गोमती नदी पर किया पितरों को तर्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में पितृ पक्ष का आरंभ हो गया है। श्रद्धालुओं ने गोमती नदी स्थित कुड़ियाघाट पर जाकर अपने पितरों को तर्पण किया। पंडित कमला कांत द्विवेदी ने बताया कि आश्विन मास में मनु द्वारा श्राद्ध की परंपरा शुरू की गई थी। श्राद्ध पितृ ऋण चुकाने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। धर्म ग्रंथों में ऋषि–मुनियों ने इसका विशेष महत्व बताया है। उन्होंने श्राद्ध विधि के बारे में जानकारी दी। प्रतिदिन गौ ग्रास निकालने के बाद ही तर्पण करना चाहिए। श्राद्ध की तिथि पर ठाकुर जी को भोग लगाने के बाद गौ ग्रास के साथ जलचर और नभचर जीवों के लिए भी भोजन निकालना चाहिए। इसके बाद सात्विक और योग्य ब्राह्मण को भोजन कराकर दान करना चाहिए। यह धार्मिक अनुष्ठान 15 दिनों तक चलेगा। यह पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है। कार्यक्रम में ऋद्धि किशोर गौड़, दीपक तिवारी, गौरव बाजपेयी और पुरुषोत्तम चौरसिया सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जिनके घर कांच के बने हों, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए : भूपेंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा ,अखिलेश यादव जी, जिनके अपने ही घर कांच के बने हों, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। आपकी सरकार का कुख्यात नारा सबको याद है समाजवादी पार्टी का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है! उन्होंने कहा,रद्दी में पड़े अखबारों का हर पन्ना गवाही देता है कि सपा राज में माफिया लालबत्ती की गाड़ियों में घूमते थे, खुलेआम कानून को चुनौती देते थे, दंगे यूपी की पहचान बन गए थे, जातिवाद और भ्रष्टाचार अपने चरम पर था और आम जनता का जीना दूभर हो गया था।ये सब किसके संरक्षण में हो रहा था, यह बताने की जरूरत नहीं है, जनता भी जानती है और आप भी। आज डबल इंजन वाली भाजपा सरकार में दंगे भी बंद हैं और दंगाई भी बंद हैं। जहाँ तक पीडीए के ढोंग की बात है, वो आप रहने दीजिए। हाल ही में आपने जिस तरह एक पिछड़े समाज से आने वाली बहन के साथ व्यवहार किया, वो पूरे प्रदेश ने देखा है। रही बात दरार की, तो आप खुद ही जानते हैं

### पितृ पक्ष पर मेडिकल कॉलेज में भंडारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रोटी कपड़ा फाउंडेशन द्वारा पितृपक्ष के अवसर पर मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर के निकट दोपहर 1.00 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में मरीजों के तीमारदारों ने भोजन प्राप्त किया। सचिव रिद्धि किशोर गौड़ के अनुसार कोई भी अपने पितरों की स्मृति में भंडारे में भागीदार हो सकता है। पितृ पक्ष में जरूरतमंद भूखे लोगों को भोजन करने का विशेष महत्व होता है फाउंडेशन के आशीष अग्रवाल ने बताया भंडारे में दाल चावल ,कढ़ी चावल, छोले चावल, बूंदी का वितरण किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश आनंद ने बताया 7 तारीख से 21 तारीख तक नियमित रूप से मेडिकल कॉलेज के निकट भंडारा दोपहर 1.00 बजे प्रारंभ होगा आज इस अवसर पर फाउंडेशन की उपाध्यक्ष आकांक्षा आनंद अजय मेहरोत्रा भी उपस्थित रहे। भंडारे के लिए 9415424703 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पोते के साथ टहलने निकले दादा को सांड ने सींग मारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के खजुहा मोहल्ले में आवारा सांडों के आतंक की एक भयावह घटना सामने आई। 58 वर्षीय विजय रस्तोगी अपने 4 वर्षीय पोते के साथ टहलने निकले थे, तभी दो सांडों ने उन पर हमला कर दिया। यह पूरी घटना मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विजय रस्तोगी अपने पोते को लेकर मोहल्ले में टहल रहे थे। इसी दौरान एक सांड ने सामने से आकर दोनों पर हमला कर दिया। उन्होंने जैसे ही अपने पोते को बचाने की कोशिश की, पीछे से एक और सांड ने आकर उन पर हमला बोल दिया। सांड ने उन्हें अपने सींगों में फंसा लिया और हवा में उछालकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और डंडों की मदद से सांडों को भगाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत विजय रस्तोगी को पास के चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें गहरी चोटें आई हैं। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आवारा सांडों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगर निगम द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### जर्जर मकान गिरा, पांच मोटरसाइकिल दबी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुराने लखनऊ में पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिर गया। इससे मलबे में पांच मोटरसाइकिल दब गईं और रास्ता बाधित हो गया। मकान का बड़ा हिस्सा अभी भी लटका हुआ है। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत कर बचे मकान के हिस्से को गिराने की मांग की है। घटना रकाबगंज क्षेत्र के खजुवा दुर्गा काली मंदिर के पास हुई। क्षेत्र के पार्षद राजीव बाजपेई ने बताया मकान काफी लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। इसे गिराने की मांग भी की जा रही थी। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता भी निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 5 मिनट पहले ही हम वहां से निकले थे। इसके बाद सूचना मिली कि मकान गिर गया। लोगों का कहना है कि नगर निगम ने नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नगर निगम के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। इस दौरान एक्सीएन संजीव प्रधान और जेई उमेश पाल मौजूद हैं। मौके पर मलबा हटाया जा रहा। लोगों का कहना है कि अगर बची हुई बिल्डिंग नहीं गिराई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से तत्काल बिल्डिंग गिराने की मांग की है।

### थार दुकान में घुसी, चपेट में आने से महिला गंभीर घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक बेकाबू थार दुकानों में जा घुसी। हादसे में मानक नगर की रहने वाली 65 वर्षीय शोभा चौधरी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तुरंत लोक बन्धु अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया। बाद में उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेन्टर रेफर कर दिया गया। वहां उनकी स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के चुंगी इलाके में रविवार सुबह 5 बजे हुई। थार सबसे पहले न्यू हिंद होटल से टकराई। टक्कर से होटल का काउंटर टूट गया। होटल मालिक के अनुसार करीब सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आसपास की कई दुकानों का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। हादसे के बाद थार में सवार चारों युवक गाड़ी छोड़कर भाग निकले। लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। सरोजनी नगर पुलिस ने थार को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने के साथ ही आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोग इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## विंध्याचल को पर्यटन प्रतीक के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : जयवीर सिंह

# काशी व अयोध्या के बाद यूपी का बड़ा पर्यटन होगा विंध्याचल

**मां विंध्यवासिनी मंदिर में उमड़ रहे श्रद्धालु नवरात्रि तक आंकड़ा पहुंचेगा एक करोड़ पार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मिर्जापुर का विंध्याचल यूपी का बड़ा पर्यटन स्थल बनकर उभर रहा है। काशी और अयोध्या की तरह ही मां विंध्यवासिनी मंदिर की लोकप्रियता नए आयाम छू रही है।

अनुमान है कि मौजूदा वर्ष मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या 1 करोड़ के पार पहुंच जाएगी। 2025 के शुरुआती छह महीनों में ही 64 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। हर महीने औसतन 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे। 2024 में वर्षांत तक यह आंकड़ा 78 लाख था, जिसे इस बार आसानी से पार कर लिया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया, श्तीर्थयात्रियों की इस बढ़ती आमद से विंध्याचल त्रिकोण यात्रा विंध्यवासिनी देवी मंदिर, अष्टभुजा मंदिर और काली खोह मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर भी रौनक बढ़ी है। परंपरा के अनुसार श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी, मां अष्टभुजा देवी और मां कालीखोह मंदिरों की परिक्रमा करते हैं। विंध्यवासिनी में रिकॉर्ड भीड़ के चलते पास ही पहाड़ी पर स्थित अष्टभुजा मंदिर में इस साल अब तक 38 लाख से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं, जबकि वर्ष 2024 में पूरे साल 55 लाख दर्शनार्थी आए थे। गुफा स्थित कालीखोह मंदिर भी इन दिनों रोजाना हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार है। मौजूदा समय में वर्षभर श्रद्धालु और पर्यटक विंध्याचल पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें धार्मिक और प्राकृतिक दोनों आकर्षण अपनी ओर खींच रहे हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग मीरजापुर में पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम कर रहा है।

**तेजी से किया जा रहा ईको-टूरिज्म परियोजनाओं पर काम**

उत्तर प्रदेश सरकार विंध्याचल को पर्यटन प्रतीक के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। सरकार द्वारा विंध्याचल कॉरिडोर के साथ विभिन्न ईको–टूरिज्म परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन के साथ मिर्जापुर की प्राकृतिक, सांस्कृतिक खूबसूरती का अनुभव कराना है। सरकार अष्टभुजा और काली खोह मंदिर क्षेत्र का भी कॉरिडोर शैली में पुनर्विकास कर रही है। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़कों, घाटों और परिवहन सुविधाओं को उन्नत किया जा रहा है। मल्टी–लेवल पार्किंग, शौचालय, भीड़ प्रबंधन क्षेत्र, यात्री सुविधाएं तैयार हो रही हैं। गंगा तट पर नए घाट और पथ का निर्माण भी योजनाबद्ध है, जिससे श्रद्धालु अनेक घाटों को जोड़ते हुए धार्मिक यात्रा कर सकेंगे। शाम की गंगा आरती को और भव्य बनाने के लिए भी विशेष मंच बनाए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि श्अब वे दिन नहीं रहे, जब मीरजापुर में मानसून के मौसम में ही झरनों को देखने के लिए भीड़ उमड़ती थी।

विंध्याचल की पहाड़ियों और मीरजापुर के प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन योजना में शामिल किया गया है। झरने, जंगलों और ट्रैकिंग पथों को विकसित कर पर्यटकों को नया अनुभव देने का प्रयास किया जा रहा है।

### आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल ने कराया प्रसव

**लखनऊ ।** रविवार सुबह लखनऊ जंक्शन पर एक मानवीय और साहसिक नजारा देखने को मिला। कानपुर से आई गर्भवती महिला अंजलि को प्लेटफार्म पर अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो मौके पर तैनात आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल देवदूत बनकर मदद के लिए आगे आईं। सुबह लगभग 6.15 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर तैनात आरपीएफ कॉन्स्टेबल पूनम यादव ने देखा कि एक महिला यात्री दर्द से कराह रही है। महिला की हालत बिगड़ते देख उन्होंने तुरंत इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक अमित राय को दी। महिला कांस्टेबलों की टीम मौके पर पहुंची और यात्रियों की मदद से चादर व साड़ी से घेरा बनाकर प्रसव कराया। कानपुर नगर थाना क्षेत्र की यात्री अंजलि गर्भवती थीं। वह घरवालों के साथ किसी जरूरी काम से लखनऊ आई थीं।

# संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह सम्पन्न, उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच

**योगी सरकार की पहल से संस्कृत भाषा को नई उड़ान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का भव्य समापन हुआ। संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा किसंस्कृत प्रतिभा खोज योजना उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसे वर्ष 2023 में आरम्भ किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न बोर्डों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करते हैं।

यह प्रतियोगिता जनपद, मण्डल और राज्य स्तर पर आयोजित होती है तथा इसमें 10 प्रकार की प्रतियोगिताएँ सम्मिलित रहती हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में छात्रों के साथ अभिभावक, अध्यापक एवं विद्यालयों के संयोजकों सहित 8 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता हुई। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों की छुपी हुई प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना, संस्कृत भाषा लोकप्रिय बनाना है। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।संस्कृत गीत प्रतियोगिता में अकांक्षा द्विवेदी ने प्रथम, मान्या वर्माने द्वितीय एवं अंकिता दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### फिल्म द बंगाल फाइल्स को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री करने की मांग

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को एक पत्र लिखकर लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र निवासी लीगल एक्टिविस्ट संजय शर्मा ने हाल ही में प्रदर्शित फिल्म द बंगाल फाइल्स को राज्य में टैक्स फ्री घोषित करने की मांग की है। शर्मा ने अपने पत्र में तर्क दिया है कि यह फिल्म ऐतिहासिक तथ्यों और बंगाल में हुए जातीय-सामाजिक संघर्षों पर आधारित होने के कारण न केवल राष्ट्रहित में उपयोगी है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी सिद्ध हो सकती है। यह फिल्म राजनीतिक षड्यंत्र, सामाजिक वैमनस्य और ऐतिहासिक संघर्षों को उजागर करती है, जिससे आमजन को घटनाओं की वास्तविकता समझने का अवसर मिलेगा।

# भाइजपाइयों को जमीन कब्जों से मिले फुर्सत तभी लेंगे संगठन की सुध : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपाई जमीन-कब्जा, भ्रष्टाचार और आपसी कलह से फुर्सत पा लेंगे, तभी संगठन की सुध ले सकेंगे।

अखिलेश यादव का यह बयान एक दिन पूर्व मेरठ में चौधरी द्वारा दिये गए बयान के परिपेक्ष्य में आया है, जिसमे उन्होंने कहा था '' थाना चौकी छोड़कर संगठन को संभाले जिला अध्यक्ष। रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव कहा ''इसके पीछे भाजपा के खात्मे के मूल कारण हैं, भाजपा की सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नकारात्मक राजनीति। अकूत पैसे कमाने की महाभ्रष्ट सोच? किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरी-कारोबार विरोधी नीतियां? भाजपाइयों के किसी के सगे नहीं होने के हर दिन बढ़ते उदाहरण। भाजपाइयों के हर स्तर व हर तरफ से भ्रष्ट-चारित्रिक पतन के आते समाचार व वीडियो। भाजपा व उनके संगी-साथियों द्वारा संविधान व आरक्षण को पिछले दरवाजे से खघ्त्म करने की साजिश। भाजपा द्वारा अपने सहयोगी दलों का घोर अपमान, उपेक्षा व तिरस्कार। पीडीए के लिए भाजपाइयों के मन में कूट-कूटकर भरी दुर्भावना? पीडीए समाज के उत्पीड़न-शोषण को बढ़ावा देने की वर्चस्ववादी सोच। सच तो ये है कि समाज में दरार डालते-डालते भाजपा खुद ही दरारों से भर गई है। भाजपा गई। गौरतलब है कि कि भाजपा इन दिनों पंचायत चुनाव को लेकर लगातार सक्रिय है। जगह जगह जाकर वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बूस्ट कर रहे हैं।

# तैराकी चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र ने जीते दो सिल्वर मेडल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र अयान यादव ने द्रविण पादुकोण एकेडमी, बंगलुरू में आयोजित सी.आई.एस.सी.ई. नेशनल स्विमिंग चैम्पियनशिप में दो सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस नेशनल चैम्पियनशिप में अयान ने 100मी ब्रेस्टस्ट्रोक एवं 200मी ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धाओं में यह उपलब्धि अपने नाम की है। ,

चैम्पियनशिप का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सी.आई.एस.सी.ई.) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस नेशनल चैम्पियनशिप में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी तैराकी प्रतिभा की बदौलत राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने के संकेत दिये हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार तैराक के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**सी.एम.एस. छात्र को 2,58,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के छात्र प्रणव सूरी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफविस्कॉन्सिन मेडिसिन द्वारा 2,58,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रणव ने इस उपलब्धि का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

### धरने पर बैठे किसानों के बीच पहुंचे अखिलेश

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने पारा थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे पर स्थित शुभी ढाबा एवं रेस्टोरेंट को शनिवार को बिना नोटिस सील कर दिया। इस कार्रवाई के विरोध में भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के पदाधिकारी, किसान और ढाबा संचालक धरने पर बैठ गए। रविवार को धरना स्थल पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। अखिलेश यादव ने एलडीए अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां फायदा होता है, वहां कोई कार्रवाई नहीं होती। लेकिन जहां कोई लाभ नहीं होता, वहां बिना नोटिस दिए तानाशाही ढंग से कार्रवाई की जाती है।

# युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार, 32 बोर की पिस्टल बरामद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में ब्लैक-बक होटल के बाहर एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में बाल-बाल बचे युवक ने थाने में तहरीर दी थी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से अवैध असलहा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पीड़ित आयुष सिंह ने बताया कि अपने कुछ दोस्तों के साथ 5 सितंबर की रात ब्लैक-बक होटल गया था। जैसे ही वह होटल की पार्किंग में अपनी कार स्विफ्ट (यूपी 32 एलएम 7503) के साथ पहुंचा, उसी समय वहां खड़ी दो कारों से 7-8 युवक बाहर निकले और उस पर अचानक ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। आयुष सिंह ने अपनी तहरीर में जिन युवकों पर हमला करने का आरोप लगाया है, उनमें शिवम सिंह, विवेक तिवारी उर्फ हनी, रजत चौधरी, अर्पित मिश्रा सहित 4,5 अज्ञात लोग शामिल हैं। आयुष ने बताया कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की नीयत से घेर कर फायरिंग की। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। उसकी कार पर भी गोलियों के निशान पाए गए हैं, जिससे हमले की गंभीरता स्पष्ट होती है। घटना की सूचना मिलते ही अलीगंज थाना पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार सोनकर की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों विवेक तिवारी उर्फहनी तिवारी और रजत चौधरी को गिरफ्तार कर लिया।

### मोदी के शासनकाल में देश में निष्पक्ष चुनाव एक सपना सा हो गया : कांग्रेस

**लखनऊ।** लोकतंत्र में चुनाव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। चुनाव वह माध्यम है, जिससे जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है और शासन को वैधता मिलती है। लोकतंत्र में चुनाव ही एक मात्र रास्ता होता है जिसके जरिए बिना हिंसा के सत्ता परिवर्तित होती है और प्रत्येक नागरिक को बराबरी का अधिकार प्राप्त होता है। इसके साथ ही चुने हुए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह रहते हैं, क्योंकि उन्हें फिर से 5 वर्ष बाद चुनाव लड़ना होता है, अगर वे जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर सकती है। मोदी के शासनकाल में देश में निष्पक्ष चुनाव एक सपना सा हो गया है। देश और प्रदेश की सत्ता काबिज पर भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलीभगत कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर दी है।

**बैठक** — बीजेपी ने बैठक कर बनाए सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यक्रम

# राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करते हैं बीजेपी कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयन्ती तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की रविवार को पार्टी मुख्यालय पर बैठक हुई।

बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ता के रूप तो कार्य करते ही हैं। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा के कार्यों में भी अपनी अग्रणी भूमिका का निवर्हन करते हैं। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितम्बर से पार्टी द्वारा शुरू किये जा रहे सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों के तहत युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यो में अपनी सहभागिता करनी है। युवा मोर्चा द्वारा कार्यक्रमों को लेकर पूरे प्रदेश में नवमतदाताओं और युवाओं से संपर्क के लिए व्यापक अभियान चलाना चाहिए।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी संगठन की योजनानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को 17 सितम्बर को मोदी के जन्मदिवस पर जिलों में रक्तदान शिविर लगाकर 75 युनिट रक्तदान करना है। उन्होंने कहा इसके लिए हमें पहले से उन कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर लेनी चाहिए जिन्हें रक्तदान करना है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि युवा मोर्चा व भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समय-समय पर जनसेवा के लिए समर्पित होकर सेवा भाव से रक्तदान करता है। उन्होंने कहा चाहे स्वच्छता के कार्यक्रम हो या देशहित से जुड़े अन्य विषय सभी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ राष्ट्रसेवा और जनसेवा के लिए अग्रसर रहते हैं। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि समय-समय पर पार्टी संगठन द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम और अभियान नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का भी एक सशक्त माध्यम होते हैं।

उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में चाहे रक्तदान करना हो या नमों मैराथन या अन्य कोई भी कार्यक्रम जिसे युवा मोर्चा आयोजित कर रहा है उसमें हमारा प्रयास होना चाहिए कि ऐसे नव मतदाता और युवा बड़ी संख्या में इन कार्यक्रमों में सम्मिलित हों जो अभी पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी कार्यक्रम प्रभावी हों, इसके लिए युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को योजनापूर्वक प्रवास कर कार्यक्रमों की सफलता के लिए रूपरेखा तैयार करनी चाहिए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल करने के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क करेंगे।

# बेकाबू स्कार्पियो की टक्कर से बाइकसवार दो होमगार्ड गंभीर रूप से घायल, एक की मौत

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** लखनऊ-बहराइच हाईवे पर शनिवार रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइकसवार दो होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आननफानन दोनों को एंबुलेंस की मदद से शहर के मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद एक होमगार्ड को लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

बताया गया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के दोगही बट्टहा निवासी रामशंकर यादव (40) पुत्र उदय राज व शिवनाथपुर बुबकापुर के रहने वाले हरि प्रसाद (50) पुत्र रत्न बाइक से शहर के दरगाह थाना गणेश पूजा विसर्जन में ड्यूटी पर बहराइच जा रहे थे। कोतवाली देहात इलाके के कीर्तनपुर स्थित नवोदय विद्यालय के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो उनकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर घिसटने लगी। इस दौरान दोनों होमगार्ड ने मदद की गुहार लगाई, लेकिन स्कार्पियो चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। कुछ दूर घिसटने के बाद दोनों होमगार्ड बाइक से छिटक गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना देने के साथ किसी तरह दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो चुके थे दोनों जवानों के सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस पहुंचने के बाद दोनों को एंबुलेंस से बहराइच मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। बहराइच मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात डॉ. रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि दोनों जवानों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में लाया गया था. हरि प्रसाद की हालत गंभीर थी। हरि प्रसाद के सिर में गंभीर चोटें हैं और पैर की हड्डी भी टूट गई थी। उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था रामशंकर का इलाज किया जा रहा है। वहीं एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने बताया कि सड़क हादसे में एक होमगार्ड जवान की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हुई है। टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो की पड़ताल हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है दुर्घटना के दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम और एसपी पहुंचे इतिहासकार के घर, भेंट की अपनी पुस्तक प्रेरणा

**बहराइच ।** पयागपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने वरिष्ठ साहित्यकार परमेश्वर सिंह से मुलाकात की। यह मुलाकात बभनियावां चौकी के लोकार्पण के बाद हुई।

परमेश्वर सिंह, उनके छोटे भाई पूर्व जिला जज विनोद कुमार सिंह और योगेंद्र सिंह ने अधिकारियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया। दोनों अधिकारियों ने इतिहासकार से करीब एक घंटे तक विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान भारतीय इतिहास और साहित्य पर विशेष चर्चा हुई। परमेश्वर सिंह ने अधिकारियों को अपनी लिखी पुस्तक प्रेरणा भेंट की। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी रामानंद कुशवाहा, एसडीएम अश्वनी पांडेय और क्षेत्राधिकारी राज सिंह यादव मौजूद थे। इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख समय प्रसाद मिश्रा और एसएचओ पयागपुर करुणाकर पांडेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकथाम व परिवार नियोजन पर पंचायतें निभाएंगी अहम भूमिका

**जरवल में आयोजित हुआ अभिमुखीकरण कार्यक्रम**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जरवल ब्लॉक में आयोजित ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों के एकदिवसीय अभिमुखीकरण में यह साझा संकल्प लिया गया कि गाँव-गाँव की पंचायतें अब बाल विवाह रोकथाम, परिवार नियोजन और पोषण जैसे मुद्दों पर गंभीरता से काम करेंगी। यह कार्यक्रम उम्मीद परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक विकास अधिकारी कार्यालय में सम्पन्न हुआ, जिसमें दो दिनों में कुल 148 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख इं. वीपेंद्र प्रताप सिंह ने की, उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार दबाव में बेटियों की शादी जल्दी कर दी जाती है, लेकिन यह परंपरा उनकी जान के लिए खतरा है। यदि पंचायतें आगे बढ़कर जागरूकता फैलाएँगी तो हम बाल विवाह को रोक सकते हैं और बेटियों को पढ़ाई का अवसर दे सकते हैं। खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों का शरीर पूरी तरह विकसित नहीं होता। ऐसे में गर्भधारण से उनके कुपोषित होने और प्रसव के समय गंभीर खतरे का जोखिम बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा पंचायतों को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति की बैठकों में इन बातों की चर्चा करनी चाहिए, इस पहल से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान गाँव के स्तर पर ही हो सकता है। परिवार नियोजन साधनों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सीएचसी जरवल के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश ने कहा परिवार नियोजन अपनाकर दो गर्भधारण के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखा जा सकता है। इससे माँ को पोषण की भरपाई का समय मिलता है और अगला बच्चा भी स्वस्थ जन्म लेता है।

यही वजह है कि जहाँ परिवार नियोजन अपनाया जाता है, वहाँ मातृ और शिशु मृत्यु दर में तेजी से कमी आती है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नजद इमाम, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राजेश कुमार सिंह, राज्य प्रतिनिधि मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार और राज्य प्रतिनिधि पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से बलबीर सिंह समेत जिला एवं ब्लॉक स्तर के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गणेश विसर्जन यात्रा में उमड़ी भीड़, प्रतिमाओं का विसर्जन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गणेश चतुर्थी के समापन पर देर शाम से विसर्जन यात्रा शुरू हुई। नगर के विभिन्न इलाकों से 40 से अधिक गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकाली गई। हजारों श्रद्धालु भजन गाते और नृत्य करते हुए गणपति को विदाई देने निकले। यात्रा में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाए। फखरपुर इलाके में भक्तों ने बुलडोजर पर सवार होकर गजानन को विदाई दी। यात्रा में सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। यात्रा मार्ग छावनी, घंटाघर, पीपल तिराहा और काजीपुरा समेत अन्य इलाकों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी नगर, थाना प्रभारी दरगाह राजनाथ सिंह, नगर कोतवाल राकेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी यात्रा के साथ चल रहे हैं। सरयू तट पर देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

### पत्नी ने पति पर किया हमला, दंपति अस्पताल में भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फखरपुर थाना क्षेत्र में एक अजीब घटना सामने आई है। सेमरी टेडवा महंत गांव में 45 वर्षीय दुखीराम जब अपनी गाय को चराने जा रहे थे, तब उनकी मानसिक रूप से बीमार पत्नी लल्ली ने उन पर हमला कर दिया। घटना के दौरान दुखीराम की पालतू गाय ने अपने मालिक की रक्षा करते हुए लल्ली पर हमला कर दिया। इस दौरान बचाव का प्रयास कर रहे दुखीराम भी गाय की चपेट में आ गए। हमले में दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। परिजनों ने घायल दंपति को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात डॉ. आशीष वर्मा के अनुसार दोनों का इलाज जारी है। घायल दुखीराम के भतीजे लच्छी राम ने बताया कि गाय उनके चाचा को बहुत मानती है और हमेशा उनके साथ रहती है। उन्होंने बताया कि उनकी चाची मानसिक रूप से बीमार हैं और अक्सर इस तरह का व्यवहार करती हैं।

### भूमि पूजन के साथ रामलीलस महोत्सव 2025 की तैयारी शुरु



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्री रामलीला कमेटी रानीबाजार गोंडा द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन सन 1971 प्रति वर्ष होता रहा है, इसी क्रम श्री रामलीला महोत्सव 2025 का आगाज आज भूमि पूजन के साथ हो गया। श्री रामलीला कमेटी रानीबाजार गोंडा द्वारा आज रानीबाजार श्री रामलीला चौराहा रेलवे क्रासिंग पर श्री रामलीला महोत्सव 2025 की सफलता के लिए भूमि पूजन किया गया जिसमें कमेटी के अध्यक्ष वैभव नारायण, लालजी तिवारी, गौरीशंकर कसौधन (मंटू भाई) पूरनचंद गुप्ता (पप्पू भाई), राजनारायण मोदनवाल (राजू भाई)अनिल कसौधन (घर वाला), ध्रुव कमलापुरी, चंद्रप्रकाश कसौधन (चंदू भाई), विशाल कसौधन, शिवभोला पटवा, शम्भूनाथ मोदनवाल (महन्थ जी), वेद प्रकाश सोनी,शिवशंकर सोनी, अरविन्द सोनी, राम कसौधन, अवधेश कसौधन, दिनेश साहू,भोला मोदनवाल, संतोष मोदनवाल,आकाश मोदनवाल, विकास मोदनवाल,सोनू मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

### ईद मिलादुन्नबी में तिरंगे के हमशक्ल झंडा लहरा कर बढ़ाई सर गर्मी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के छपिया थाना क्षेत्र में ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर मसकनवा बाजार में नि काले गए जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान एक वि वादित वीडियो सामने आया है। जहां सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एक व्यक्ति ऐसा झंडा थामे दिखाई दे रहा है जो राष्ट्रीय ध्वज से मिलता-जुलता है। अंतर केवल इतना है कि उस पर अरबी लिपि और धार्मिक चिन्ह अंकित हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तिरंगे की तरह दिखने वाले झंडे में अशोक चि न्ह की जगह धार्मिक चीज लिखी गई है और वहां से अशोक चिन्ह गायब है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पूरे मा मले को लेकर के मनकापुर क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल ने छपिया थानाध्यक्ष को पूरे मामले में जांच करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो ने के बाद लोगों के अंदर आक्रोश भी है जिस को लेकर के छपिया थाने की पुलिस पूरी तरी के से अलर्ट मोड पर है और लगातार सोशल मीडिया सहित भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर भी नजर रखी जा रही है।

# नवनियुक्त अनुदेशकों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

**शिक्षित बच्चे ही कल देश का भविष्य होंगे : रामनिवास वर्मा**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के 1510 अनुदेशकों को लोक भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री योगी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों के साथ जनपद में नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ करते हुए बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि आप द्वारा शिक्षित बच्चे ही कल देश का भविष्य होंगे। आप सभी देश की वर्तमान परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को दक्ष बनायें। उन्होंने कहा कि आप सब की जिम्मेदारी है कि बच्चों को इतना दक्ष बना दें कि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर देश के विकास में योगदान कर सकें। इस अवसर पर विभिन्न ट्रेडों अन्तर्गत नवनियुक्त अनुदेशकों अमन राठौर, रितेश विश्वकर्मा, राघवेन्द्र सिंह, सूरज कुमार, योगेश कुमार, संदीप कुमार, तेज प्रताप, शशिकान्त, नागेन्द्र यादव, अरूण कुमार, हिमांशु प्रजापति, प्रशांत मौर्या, मनीष कुमार उपाध्याय, अनुज सिंह, अरविन्द कुमार राय, गोविन्द कुमार राव, सुनील कुमार निषाद, सत्यम ओझा, राम चन्द्र, अरविन्द कुमार वर्मा, रविकान्त चौहान, मृत्युंजय सिंह, नन्दलाल गुप्ता, विमलकान्त शर्मा, पंकज कनौजिया, संत कुमार, अश्वनी यादव, उमाकान्त यादव, मेनका सिंह व नीरज कुमार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अनुदेश मेनका सिंह व अनुज ने अपने अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक डी.के. त्रिपाठी ने किया।

## सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान को दी गई विदाई

**बहराइच ।** रविवार को सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड जवान का विदाई समारोह का आयोजन पुरानी तहसील प्रांगण तहसील कैसरगंज में कंपनी कमांडर हरिशंकर राय की अध्यक्षता में मे हुआ। सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान चंद्रवीर सिंह को फूल माला अंग वस्त्र मिष्ठान व नगद धनराशि कंपनी कैसरगंज के समस्त होमगार्ड जवानों के सहयोग से किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वर्मा रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान चंद्रवीर सिंह की सेवा कॉल का विस्तार से वर्णन किया व मौजूद जवानों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव ने सरकार से मांग किया कि होमगार्ड विभाग में जो काला कानून एवं दोहरी नीति को समाप्त किया जाए व सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान को कम से कम 500000 रूपए दिया जाए।

# वैदवान प्रीमियर लीग सीजन-3 की ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**नीलामी प्रक्रिया में शाद अहमद सबसे महंगे खिलाड़ी जबकि वैभव सिंह दूसरे नम्बर पर रहे, 27 सितंबर से केडीसी ग्राउंड पर खेली जाएगी प्रतियोगिता**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** वैदवान क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-3 , 2025 के ट्रॉफी का रविवार को अनावरण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीसीए सचिव इशरत महमूद खान रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीनियर क्रिकेटर मनीष सिंह मौजूद रहे।ट्रॉफी अनावरण मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा किया गया। आईपीएल के तर्ज पे खेली जाने वाली इस प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की नीलामी कराई गई।

नीलामी प्रक्रिया में मंडल के 136 क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। नीलामी में टीम मालिको ने खिलड़ियों पर दांव लगाया । इस प्रीमियर लीग का शुभारंभ 27 सितंबर से केडीसी क्रिकेट ग्राउंड पर किया जाएगा। जिसमें बहराइच पैंथर्स,बहराइच राइडर्स, बहराइच रॉयल, बहराइच हिटर्स, बहराइच टाइटन, बहराइच स्ट्राइकर ,मनकापुर लायंस, बहराइच शिवाज़े फाइटर्स की टीमें प्रतिभाग करेंगी। नीलामी प्रक्रिया में शाद अहमद सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। जबकि वैभव सिंह दूसरे व ओसामा तीसरे नंबर पर रहे । 136 खिलाड़ियों में 120 खिलाड़ियों की नीलामी हुई, जबकि 16 खिलाड़ी को खरीददार नहीं मिले। नीलामी प्रक्रिया का संचालन गोविंद सिंह चौहान ने किया। इस दौरान प्रीमियर लीग के मुख्य आयोजक हरेंद्र वेदवान, बृजेश सिंह क्रिकेटर, देवा रॉय, आयुष चित्रांश, प्रदीप गुप्ता, प्रीत वेदवान, समीर, मोहित मिश्र, शादाब खान टीटी, सहित लोग मौजूद रहे ।

# पहुंचकट्टा में आदर्श बाल रामलीला समिति का हुआ पुनर्गठन

समृद्धि न्यूज



**विशेश्वरगंज, बहराइच।** धर्म और संस्कृति की अमिट परंपरा को संजोते हुए आदर्श बाल रामलीला समिति पहुँच कट्टा का पुनर्गठन धूमधाम से किया गया। कई वर्षों से विकास मंच पहुँच कट्टा के बैनर तले हो रहे रामलीला मंचन को अब समिति की पुरानी संरचना के अनुरूप पुनः बहाल कर दिया गया है।

समिति की नई कार्यकारिणी इस प्रकार है - अध्यक्ष डॉ. विकास द्विवेदी, उपाध्यक्ष डॉ. मनीष द्विवेदी, प्रबंधक अमनीष कुमार द्विवेदी, उप प्रबंधक जगदम्बा प्रसाद (गुड्डू बाबा), कोषाध्यक्ष शिवशंकर द्विवेदी, उप कोषाध्यक्ष कमल कुमार द्विवेदी, मंत्री राजेश द्विवेदी, उप मंत्री अजीत कुमार पाण्डेय तथा सह मंत्री नीलकमल शुक्ल। संरक्षक मंडल में महेंद्र कुमार पांडेय (दीपू) बालाजी फीलिंग स्टेशन पहुंचकट्टा, बद्री विशाल द्विवेदी, कैलाश नाथ गिरि, अनिल कुमार द्विवेदी, शारदा राम पांडेय, राम कीरत पांडेय पप्पू पांडेय, बाबूराम विश्वकर्मा, धनीराम विश्वकर्मा, रामभवन गोस्वामी, जगदीश गोस्वामी, जगन्नाथ गोस्वामी, सूबेदार गोस्वामी, हवलदार द्विवेदी, महेश दत्त पांडेय, सुखराम यादव, व्यास तहसीलदार द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल किए गए हैं। मंच प्रबंधन की जिम्मेदारी राजेश गोस्वामी (पल्लू बाबा) और विक्रम पांडेय (इलेक्ट्रीशियन) को सौंपी गई है। वहीं, व्यवस्थापक पांडेय (घुल्लुर पांडेय) व सह व्यवस्थापक महेश कुमार गोस्वामी होंगे। कलाकार अध्यक्ष की भूमिका सर्वेश कुमार गिरि निभाएँगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष की रामलीला को और भी भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

## मेडिकल कॉलेज में छुट्टर कुत्तों के घूमने से भयभीत है बच्चों के अभिभावक

**गोंडा।** मेडिकल कॉलेज प्रशासन की अनदेखी से चिलड्रेन वार्डों में आवारा कुत्ते घूम रहे, आवारा कुत्तों से नवजात शिशुओं को खतरा बना रहता है। यह समस्या यहां लम्बे समय से है, बावजूद इसके अस्पताल प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।अस्पताल में सुरक्षा गार्डो की तैनाती है। इनकी ड्यूटी में 24 घंटे रहती है। यहाँ सुरक्षा कर्मी भी आवारा कुत्तों को वार्डों में घुसने से न हीं रोक पा रहे हैं।यही नहीं परिसर में निराश्रित मवेशियों का अड्डा रहता है गोंडा मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाएं दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं। गोंडा मेडिकल कॉलेज में देवीपाटन मंडल के दूर दराज इलाकों से चिलड्रेन वार्ड में बच्चों के इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ होती है। अधिकार तर अस्पताल के वार्ड भरे हुए रहते है।उस चिलड्रेन वार्ड में कुत्तों की मौजूदगी अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को बयां कर रही थीं। स्थिति यह है कि थोड़ी सी लापरवाही होने पर यह आवारा कुत्ते चिलड्रेन वार्ड में बच्चों पर झपट्टा मार सकते हैं।

# परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा 2025 का आयोजन दिनांक 06.09.2025 शनिवार व 07.09.2025 रविवार को 04 पालियों प्रत्येक दिवस दो पालियों (प्रथम पाली 10.00 से 12.00 पूर्वाहन, द्वितीय पाली अपराहन 3.00 बजे से 5.00 बजे तक) जनपद गोण्डा में भी किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद एवं सजग है। कल दिनांक 06.09.2025 को दोनो पालियों में आयोजित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त आज दिनांक 07.09.2025 को भी पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापन, सुरक्षा प्रबंध, प्रवेश/निकास व्यवस्था, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी हेतु महिला पुलिस बल की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारियों की तैनाती एवं बल वितरण की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान द्वारा बताया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक/उप निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों पर लगातार भ्रमणशील रहें और किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो । महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर लगे कैमरों की रियल टाइम निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

परीक्षा के प्रत्येक कमरे में वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य है। इससे परीक्षा की प्रक्रिया पारदर्शी बने रहने में सहायता मिलेगी। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनो प्रकार की टीमें अपना काम कर रही है। महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास नो पार्किंग जोन, वाहन रोकथाम, अभ्यर्थियों के लिए एकल दिशा मार्ग व्यवस्था, एवं प्रशासकीय वाहनों हेतु अलग पार्किंग व्यवस्था लागू कराये।

# 24,923 अभ्यर्थियों ने दी पीईटी परीक्षा, 4261 रहे अनुपस्थित

**जिला प्रशासन की सक्रियता से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई प्रारंभिक अर्हता परीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**गोंड़ा।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा गोंडा के 18 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई।दो दिन में चार पालियों में कुल चौबीस हजार 923 परी क्षार्थियों ने परीक्षा दी,जबकि चार हजार 261 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस बार परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया जो पिछली परीक्षाओं की तुलना में काफी अधिक है।द्वितीय पाली में सात हजार 296 में से छः हजार 305 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 991 ने परीक्षा नहीं दी।परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए।18 परीक्षा केंद्रों पर सात सौ अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई थी एक हजार से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे,साथ ही 18 स्टैटिक मजिस्ट्रेट,18 सेक्टर मजिस्ट्रेट,18 केंद्र व्यवस्थापक और 18 अति रिक्त केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की गई है। खुफिया विभाग और यूपीएसटीएफ ने सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की।परीक्षा के बाद प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं डबल लॉक में जमा कराई जा रही हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, फातिमा स्कूल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए यातायात वि भाग और रोडवेज प्रशासन को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए है।

## छुट्टा गोवंशों से आए दिन हो रही है दुर्घटना प्रशासन ठोक रहा है ताली

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश सरकार का दवा पूरी तरह हुआ फेल जनपद में छुट्टा गोवंश की समस्या से हर कोई परेशान है।गांव से लेकर शहरों तक में छु ट्टा गोवंश लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। हा ईवे पर छुट्टा गोवंश दिन भर जमे रहते हैं जिस से वाहन चालक भी खतरे से बाहर नहीं, लोगों ने जिला प्रशासन को कई बार शिकायत की है, लेकिन छुट्टा गोवंश की समस्या से निजात नहीं मिली। गोण्डा- लखनऊ हाइवे की सड़कों पर छुट्टा गोवंश घूमते रहते है। छुट्टा गोवंश गांव से लेकर खेतों में रात दिन घूमते हैं। इससे लोगों की फसलें नष्ट हो रही हैं। गोण्डा - बलरामपुर रोड पर छुट्टा गोवंश हर समय बैठे रहते हैं। रोड से गुजरने वाले वाहन चालक छुट्टा गोवंश से बच कर निकलते हैं।बीच रोड पर सांड़ सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। बस और ट्रक जैसे बड़े वाहन भी कभी कभी काफी देर तक खड़े रहते हैं। वही लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर जिला प्रशासन को कई बार पत्र दिए गए। मगर किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**कार्यक्रम** — आईटीआई गोण्डा के परिसर में गरिमामयी कार्यक्रम में दिए गए नियुक्ति पत्र

# अनुदेशकों की नियुक्ति से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में और आएगा सुधार

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गोण्डा के परिसर में एक गरिमामयी कार्यक्रम के अंतर्गत नव नियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण, आईटीआई स्टाफ, नव नियुक्त अनुदेशकगण एवं छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डीएम ने नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए नव नियुक्त अनुदेशकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह नियुक्ति न केवल आपके व्यक्तिगत जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि युवाओं के तकनीकी कौशल विकास में भी आपकी अहम भूमिका सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, और आईटीआई संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

जनपद मुख्यालय के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गोंडा के परिसर में आयोजित नव नियुक्त अनुदेशक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान 32 नव नियुक्त अनुदेशकों को जिलाधिकारी गोंडा एवं मुख्य विकास अधिकारी गोंडा तथा सभी आईटीआई संस्थानों के प्राचार्यगण ने नियुक्ति पत्र वितरित किया।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने भी नव नियुक्त अनुदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी अनुदेशकों से संस्थान के छात्रों के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। संस्थान के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि नव नियुक्त अनुदेशकों की नियुक्ति से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में और सुधार आएगा, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त अनुदेशकों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और इस अवसर के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय प्रताप सिंह, प्राचार्य आईटीआई संस्थान गोंडा, प्राचार्य आईटीआई संस्थान मनकापुर, प्राचार्य आईटीआई संस्थान तरबगंज तथा प्राचार्य आईटीआई संस्थान करनैलगंज उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन से अधिक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जिनका इलाज महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजगंज कस्बे के रुद्र नगर में दो पक्षों में जमीनी विवाद हो गया सभासद रामकुमार यादव तथा राम अभिलाष यादव के बीच विवाद में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं रामकुमार यादव निवासी वार्ड नंबर 6 रूद्र नगर ने बताया कि मैं अपने दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के राम अभिलाष अरुण कुमार पुत्रगण रामलाल व हरिप्रसाद वह अन्य द्वारा मारपीट की गई और भद्दी भद्दी गालियां दी गई जिसमें मेरा पुत्र तथा पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए हैं वहीं दूसरे पक्ष के राम अभिलाष निवासी वार्ड नंबर 6 रूद्र नगर महराजगंज ने बताया कि सभासद राम कुमार यादव के पक्ष द्वारा जमीन पर खूंटा गड़ा जा रहा था तथा पेड़ भी काटा गया है वहीं उन लोगों ने परिवार सहित इकट्ठा होकर जमकर मारपीट की है जिसमें मैं मेरा भाई सहित मेरी घर के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं वहीं घायलों का इलाज महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस द्वारा करवाया जा रहा है दोनों पक्षों ने बताया है कि हमने थाने पर तहरीर दी है।

### नदी में उतराता मिला युवती का शव

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूप खेड़ा गांव के पास सई नदी में युवती का उतराता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि बीते 5 सितंबर को बछरावां थाने में आफरीन उर्फ सोनी पुत्री रियाज़ अहमद उम्र 22 वर्ष निवासी सुदौली के परिजनों ने घर से बिना बताए कहीं चली गई अपनी लड़की की स्थानीय थाने में गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस लगातार युवती की खोजबीन कर रही थी। आसपास लोगों की जानकारी पर पुलिस लगातार सई नदी के आसपास उसकी खोजबीन में जुटी हुई थी। रविवार को उसका शव घटना स्थल से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर भूप खेड़ा के पास बरामद हुआ। जिसको पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी। युवती का शव मिलने के पश्चात उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ग्रांड पैरेंट्स डे का हुआ आयोजन, नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम



**सीतापुर।** अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज में ग्रांड पैरेंट्स डे मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष विद्यालय की प्रबंध निदेशक मंजू जिंदल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद कमर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर वर्ग के बच्चों द्वारा अपने दादा-दादी, नाना-नानी के लिए अनेक प्रकार के रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के बाल सुलभ कार्यक्रमों के मध्य दादा-दादी, नाना-नानी के लिए भी एक कार्यक्रम भी रखा गया, जिसमें उन्हें आधा मुहावरा या आधी कहावत बोलकर शेष भाग की सबसे पहले स्टेज पर आकर पूर्ति करनी होती थी इस कार्यक्रम में उन लोगों ने ऐसे उत्साह पूर्वक भाग लिया जैसे वे अपनी बचपन की कक्षा में कोई प्रतियोगिता में भाग ले रहे हो। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य के प्रेरक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

### अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान सुरेन्द्र कुमार पुत्र गोविन्द प्रसाद उम्र करीब 39 वर्ष निवासी गोपाल के गोदाम मो खूबपुर थाना रामकोट जिला सीतापुर मूल पता ग्राम मासूम नगर थाना खैराबाद जिला सीतापुर को काशीराम कालोनी के सामने सीतापुर शाहजहांपुर रोड के पास से 1 अदद तमंचा देशी 315 बोर, 1 अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में संबंधित धारा व आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### 65 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अभियान के तहत रविवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कल्लू उर्फ रामऔतार लोध पुत्र बसंतलाल लोध नि. शंकरगंज मजरे छतहुआ थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 65 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिसके विरुद्ध जनपद के थाना मोहनगंज व जायस पर चोरी, हत्या के प्रयास, आबकारी अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कुल 12 अभियोग पंजीकृत हैं।

### घर में घुसकर चोरों ने लाखों का माल उड़ाया




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बीती रात अज्ञात चोर घर मे घुसकर हजारों का माल लेकर फरार हो गए जिसकी शिकायत भुकतभोगी ने पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के जामो रोड स्थित पालपुर कस्बा निवासी मोहम्मद जसीम का घर पुलिस थाने से करीब पचास कदम दूर है बीती रात घर को अज्ञात चोरों द्वारा निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान लेकर अज्ञात चोर रफू चक्कर हो गए भुक्तभोगी को जानकारी उस वक्त हुई जब वह बीते शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे खाना खाने के लिए छत पर बने कमरे की ओर गए तो आहट पाकर चोर पीछे के रास्ते कूद फांदकर भाग निकले तत्पश्चात वहां अलमारी व बक्से का सामान बिखरा व अस्त व्यस्त देख दंग रह गए जिसकी जानकारी होने पर आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए जिसकी सूचना भुक्तभोगी ने डायल 112 पुलिस को दी। वहीं भुक्तभोगी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि यदि पुलिस सही समय से मौके पर पहुंचती तो चोर पुलिस की गिरफ्त मे होते लेकिन पुलिस सूचना के लगभग एक घंटे बाद मौके पर पहुंची और हाथ मलती रह गई। घटना से पीड़ित मोहम्मद जसीम ने थाने पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि घटना की जाच पडताल की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### चैत्रा वी. का दो दिवसीय जनपद दौरा आज से

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उप्र चैत्रा वी, आईएएस का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त के क्रम में आज 8 सितम्बर को महानिदेशक पूर्वान्ह 11 बजे सर्किट हाउस अमेठी पहुँचेंगी तथा जनपद में समर्थ उप्र-विकसित उप्र@2047-अभियान के दृष्टिगत नामित प्रबुद्ध जनों के साथ विचार-विमर्श तथा सम्बन्धित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगी व अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे दिन 9 सितम्बर को जनपद में समर्थ उप्र-विकसित उप्र@2047-अभियान के सम्बन्ध में विचार-विमर्श तथा समीक्षा एवं विभागीय कार्यालय का निरीक्षण, समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त अपरान्ह् 4 बजे जनपद से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना जामो पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना गौरीगंज में वांछित अभियुक्त अख्तर हुसैन उर्फ राजू पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम संपतपुर मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना गौरीगंज व जगदीशपुर पर चोरी, आर्म्स एक्ट, धोखधड़ी, गैंगेस्टर अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में कुल 14 अभियोग पंजीकृत है।

# पीईटी-2025 की परीक्षा सकुशल संपन्न

> दोनों दिन की चारों पालियों में कुल पंजीकृत 39552 के सापेक्ष 32050 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 7502 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 23 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि P PET 2025 की प्रथम पाली में पंजीकृत-9888 के सापेक्ष 7989 अभ्यर्थी उपस्थित रहें तथा 1899 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली में पंजीकृत 9888 के सापेक्ष 8101 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 1787 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार आज की आयोजित दोनों पालियों की परीक्षा में पंजीकृत 19776 के सापेक्ष 16090 अभ्यर्थी उपस्थित रहें व 3686 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, कंट्रोल रूम से जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे द्वारा निगरानी की जा रही थी। कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी तथा उनका पर्यवेक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि PET की परीक्षा के दूसरे दिन भी समस्त संबंधित अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को ट्रैफ़िक, बस, ईरिक्शा आदि की समस्या से ना गुजरना पड़े, इसके लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी। जनपद में दोनों दिन की चारों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

## विधायक अदिति सिंह ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के लालूपुर चौहान में सदर विधायक अखिलेश सिंह के द्वारा शुरू की गई परंपरा को विधायक अदिति सिंह के द्वारा बखूबी निभाया जा रहा है। रविवार को कई दशकों से लालूपुर चौहान में जनता के दुख दर्द सुनने का कार्य विधायक अखिलेश सिंह के द्वारा किया जाता था जिसे अब अदिति सिंह ने संभाल रखा है रविवार को विधानसभा क्षेत्र के दूर दराज से आए हुए लोगों ने अपनी अपनी समस्या सदर विधायक को बताई सदर विधायक ने गंभीरता पूर्वक लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निदान करने के निर्देश दिए। विधायक अदिति सिंह ने कहा कि जनता को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए जनता की समस्याओं को अधिकारी कर्मचारी प्रमुखता से देखें और सरकार की मंशा अनुसार कार्य हो उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी पहली प्राथमिकता जनता के कार्यों को ही देते हैं इसलिए हम सभी युद्ध स्तर पर जनता की समस्याओं को निपटने का कार्य करें।

## सौ वर्ष पुराने परंपरागत दंगल का हुआ आयोजन



**सताव, रायबरेली।** विकासक्षेत्र के देदानी गांव में सौ वर्ष पुराने परंपरागत दंगल का भव्य आयोजन किया गया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे पहलवानों ने अखाड़े में अपने दांव-पेच दिखाए। इस दौरान गोरखपुर के पहलवान रमेश ने शानदार प्रदर्शन कर 5100 रुपये की इनामी कुश्ती अपने नाम की। ग्रामीणों की भारी भीड़ इस ऐतिहासिक दंगल की गवाह बनी। दांव-पेच देखते ही दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। आयोजकों का कहना था कि यह दंगल न केवल खेल की परंपरा को जीवित रखता है बल्कि नई पीढ़ी को भी ग्रामीण खेलों से जोड़ता है। आयोजन में समाजसेवी अमित द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों से जारी इस परंपरा को आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। खेलों से गांवों में नई ऊर्जा और भाईचारा पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर समाज को सही दिशा दिखाना ही उनका और उनके परिवार का कर्तव्य है।

## भाद्र पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



भाद्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने डलमऊ के गंगा तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई रविवार को भाद्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर जनपद एवं गैर जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने एक दिन पूर्व ही डलमऊ गंगा तट के विभिन्न घाटों पर डेरा डाल दिया था और ढोल मंजीरा की धुन पर भजन कीर्तन आज का आयोजन करते हुए रात्रि जागरण किया तथा भोर होते ही गंगा मैं स्नान करना आरंभ कर दिया उसके बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्थित मंदिर एवं शिवालयों में विधि विधान से पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी पूर्णिमा पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने तीर्थ पुरोहितों को वस्त्र, पात्र एवं दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान डलमऊ गंगा तट के वीआईपी घाट संकट मोचन घाट पक्का घाट पथवारी घाट गऊघाट रानी शिवाला घाट महावीरन घाट नागेश्वर घाट गऊघाट सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई पड़ी सनातन परंपरा के अनुसार धार्मिक मान्यता है कि वर्ष की 11 पूर्णिमा पर स्नान करने से जितना पुण्य मिलता है उतना ही भाद्र मास की पूर्णिमा पर स्नान करने से मिलेगा। इस पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए विभिन्न लोको में विराजमान पित्र देव स्वयं गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं।सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के महंत स्वामी देवेंद्रानंद गिरि ने बताया कि शास्त्रों में गंगा नदी को स्वर्ग की नदी कहा गया है गंगा एकमात्र ऐसी नदी है जो तीनों लोकों में स्वर्ग पृथ्वी और पाताल लोक में बहती हैं इसलिए गंगा का स्पर्श प्राप्त होने से मुक्ति मिल जाती है इसलिए गंगा के किनारे श्राद्ध तर्पण और अंतिम संस्कार किया जाता है।

### भाद्र पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने कराया तर्पण

भाद्र माह की पूर्णिमा के प्रारंभ होने के पश्चात पितृपक्ष आरंभ हो चुका है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तीर्थ पुरोहितों से विधि विधान से मंत्रोउच्चारण के साथ जल तर्पण एवं पितरों की शांति के लिए पिंडदान किया। बताया जाता है कि पितृपक्ष 15 दिन तक रहेंगे इन दिनों अपने पितरों पूर्वजों को जल तर्पण करने से मनुष्य की सभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है। तथा शरीर निरोग एवं पारिवारिक जनों को सुख समृद्धि शांति की प्राप्ति होती है। पितृपक्ष के दौरान रिश्तेदारी में रात्रि विश्राम करना निषेध माना गया है जल तर्पण कर रहे व्यक्ति को दूसरे के घर का भोजन एवं पानी ग्रहण करना अशुभ माना जाता है।

## लापरवाही: पेट्रोल पंप पर बोतलों में मिल रहा पेट्रोल

> पंप मालिक कर रहे है नियमों की अनदेखी, प्रतिबंध के बावजूद भी बोतल में मिल रहा पेट्रोल

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों के लिए न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और न ही एक्सप्लोसिव एक्ट के नियमों का पालन किया जा रहा है। इन पेट्रोल पंपों पर खुलेआम नियमों का मखौल उड़ाया जा रहा है। रोक के बाद भी बोतलों में पेट्रोल दिया जा रहा है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है सवाल यह है कि आखिर जब बोतल में पेट्रोल डीजल देने पर पाबंदी है, इसके बाद भी पंपों पर खुलेआम इस नियम से खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है। डलमऊ क्षेत्र के ऊंचाहार-लालगंज मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर कोल्ड्रिंग की बोतल में पेट्रोल देने का एक वीडियो सामने आया है जहां पंप के कर्मचारी के द्वारा बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा हैं खुलेआम नियमों का मखौल उड़ाए जाने से लोगों की सुरक्षा का खतरा हो सकता है इसको ध्यान में रखते हुए बोतल में पेट्रोल देने पर पाबंदी लगाना जरूरी है लेकिन पंपों पर खुलेआम इस नियम से खिड़वाड़ किया जा रहा है और बिना आनाकानी किए बोतलों में पेट्रोल डाल दिया जाता हैं। विस्फोटक अधिनियम के तहत इसके लिए सरकार ने सुरक्षा नियम तय किए हैं जिसका पालन सभी पेट्रोलियम कंपनी के पंपों में अनिवार्य रूप से करना होता है। लेकिन डलमऊ क्षेत्र के पेट्रोल पंप में कर्मचारी इस नियम को ठेंगा दिखाकर पेट्रोल बेच रहे हैं ।

### खतरनाक है प्लास्टिक की बोतल का इस्तेमाल

पेट्रोलियम पदार्थ अत्यंत ज्वलनशील होता है आसपास हल्की सी भी चिंगारी भारी पड़ सकती है। पेट्रोल पंप में ग्राहकों को प्लास्टिक की बोतलों या कंटेनरों में पेट्रोल देना प्रतिबंधित है। लोग पानी की प्लास्टिक बोतलों को पेट्रोल लाने ले जाने में उपयोग में लाते हैं जो काफी खतरनाक है। यदि पेट्रोल देते समय इसमें आग लग जाए तो पंप में गंभीर हादसा हो सकता है। पेट्रोल पंपों पर प्लास्टिक व शीशी में पेट्रोल देना गलत है। जनसुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर पेट्रोल पंप स्वामियों को भी सजगता बरतनी चाहिए।

## डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी सीतापुर अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के द्वितीय दिवस की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान आर.एम.पी.इंटर कॉलेज, सुमित्रा मॉडर्न स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर आदि परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान परीक्षा केंद्रो पर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर सकुशल परीक्षा संपन्न हुई।

## वृद्धा को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलेडा गांव में खेतों में काम कर रही वृद्धा को सर्प ने डस लिया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए निजी वाहन से पहुंचाया गया अस्पताल, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल किया गया रेफर। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की वृद्धा किसाना पत्नी हेमराज उम्र 60 वर्ष निवासी तिलेडा अपने खेतों में काम करने गई थी, तभी उसे सर्प ने डस लिया। जानकारी होने पर पड़ोस में रहने वाली घायल महिला सुमित्रा पत्नी रामू के द्वारा वृद्धा किसाना को इलाज के लिए निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## घायल साथी ने बताया सांड से टकराकर हुई है अनूप की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र पीपरपुर के अंतर्गत दो दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई 17 वर्षीय अनूप की मौत में नया मोड आया है। जहां परिजनों ने प्रधान राजेश तिवारी पर बोलेरो कार से टक्कर देकर दुर्घटना करने का आरोप लगाया था। वहीं अनूप के घायल साथी अमन ने सांड से टकराने से हुई मौत की पुष्टि की है। शुक्रवार को देर रात मई ग्राम सभा निवासी रामस्वरूप गौतम के पुत्र अनूप कुमार की हारीपुर बाज़ार से लौटते समय गौशाला के पास सांड से टकराकर मौत हो गई थी। उस समय बाईक पर अनूप के अलावा उसके 3 साथी आदर्श, अमन और मयंक भी सवार थे, सभी घायलों को निकट स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था जहां डाक्टरों ने अनूप को मृत घोषित कर दिया था। बाकी साथियों को जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेज दिया गया था। होश में आने पर घायल साथी अमन ने सांड से टकराने की पुष्टि की है। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी राजकुमार कोरी ने राजेश तिवारी पर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। पत्रकार संतोष तिवारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी तथा थोड़ी ही देर में राजेश तिवारी बोलेरो लेकर आ गए थे जिससे सभी घायलों को निकट स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। पुलिस भी हादसे को सांड से टकराने से मान रही है पुलिस को घटना स्थल की जांच में घटना स्थल पर जानवर के बाल मिलने की बात कही है। पुलिस मामले में तहरीर को भी लेकर प्रत्येक दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

# सेवा भारती परिचय बैठक की गई आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



सेवा भारती की बैठक शहर के प्रेम नगर स्थित जैन मंदिर प्रांगण में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी ने की। बैठक में अतिथी में विभागाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल व पालक सुभाष गुप्ता रहे। सर्वप्रथम अतिथियों को जिला प्रचार प्रमुख आकाश राय, सम्पर्क प्रमुख अशोक प्रजापति ने पटका पहनाकर स्वागत किया। बैठक के दौरान विभाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, स्वरोजगार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में कार्य करता है। पालक सुभाष गुप्ता ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य पिछडे एवं अभावग्रस्त लोगों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं स्वावलंबन के विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा तथा स्वैच्छिक संस्थाओं व समर्पित कार्यकर्ताओं के सहयोग से समाज का निर्माण करना है। जिला कार्यवाह मातृ शक्ति सरिता जैन ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों की लाखो महिलाओं ने मिलकर स्व रोजगार महिला सेवा का गठन किया है यह उन आर्थिक और सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए काम करता है जिन्होंने महिलाओं को समाज के हाशिये पर रखा है। जिला कार्यवाह बालिका विकाश कौशल सीमा जैन ने कहा कि सेवा भारती द्वारा बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जहाँ बच्चों को निरूशुल्क शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सिखाए जाते हैं। संगठन का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को सुसंस्कारित करके राष्ट्र के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान विभाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल,पालक सुभाष गुप्ता, जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता, जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी,जिला प्रचार प्रमुख आकाश राय,डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य, जिला कार्यवाह मातृ शक्ति सरिता जैन, जिला कार्यवाह बालिका विकाश कौशल सीमा जैन, रीना अग्रवाल, सरिता जैन,अनिल अग्रवाल, अशोक अवस्थी, अशोक प्रजापति, रवि अग्रवाल, खेम चंद्र डोडेजा, कमलेश मेहरोत्रा, अनूप कुमार,दिनेश राय, त्रिलोचन सिंह अरुण मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, संजीव अग्रवाल, बाबूराम जोशी, संतोष खेतान, नूतन जैन, आशुतोष शुक्ल, संजय दीक्षित आदि रहे।

### भादौ पूर्णिमा पर सिद्धादास धाम पर भंडारे का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जामों के हरगांव में सिद्ध पीठ सिद्धादास धाम पर रविवार भादों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कुड़वार की ग्राम सभा माँझना के ग्राम प्रधान अभय सिंह द्वारा किया गया। अभय सिंह ने बाबा सिद्धादास के दरबार में सपरिवार श्रद्धा पूर्वक ब्राह्मणों सहित इष्ट मित्र तथा वहां के स्थानीय निवासियों को भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा सिद्धादास धाम पर प्रत्येक पूर्णिमा व अमावस्या को यहां पर मेला लगता है, दूर दूर से लोग अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए यहां आते हैं और मान्यता है कि बाबा सिद्धादास सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। यह स्थान प्राचीन काल से बाबा सिद्धादास की तपोस्थली के रूप में जाना जाता है।

## मोबाइल देकर 13 वर्षीय बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

> भाई की हत्या और वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव एक व्यक्ति द्वारा एक 13 वर्षीय किशोरी को कुछ दिन पहले मोबाइल देकर बातचीत शुरू की। उसके बाद आरोपी द्वारा फोन कर किशोरी को शाम के समय बुलाया गया, किशोरी द्वारा आने से मना करने पर आरोपी द्वारा न आने पर उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी गई। किशोरी के जाने पर आरोपी द्वारा एक बाग में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया, तथा किशोरी को धमकी दी गई कि यदि वह किसी से बताती है तो उसका वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। भुक्तभोगी किशोरी ने घर पहुंचकर मां को आपबीती सुनाई। पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्य वाई की मांग की है। दी गई तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूंछतांछ करते हुए अग्रिम विधिक आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। पीड़िता के पिता ने कहा है कि बाजार शुकुल थानाक्षेत्र के किशनी निवासी कदीरूल ने बहला फुसलाकर बुलाया और न आने पर भाई की हत्या करने की धमकी देकर बुलाकर दुष्कर्म किया, साथ ही आरोप है कि आरोपी युवक द्वारा किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी गई। यह भी बताया कि आरोपी युवक द्वारा कुछ माह पूर्व लड़की को मोबाइल फोन भी दिया गयाथा। पिता द्वारा स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई व न्याय की मांग की गई है। पुलिस आरोपी युवक पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूंछतांछ जांच पड़ताल अग्रिम विधिक एवं आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है।

## मटियारी भवन पर पूर्व विधायक ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के द्वारा चल रहा जीवन जनहित में समर्पित कार्यक्रम 7 सितंबर रविवार को सदस्य प्रदेश परिषद पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने मटियारी भवन जूठीपुर पर समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में कुल 45 मामले आए जिसमें से 28 मामलों को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निस्तारण किया गया। मटियारी जी का कहना है कि जनता की हर समस्या का समाधान ही है मेरी प्राथमिकता है। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी जनसुनवाई की एवं जनता जनार्दन की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याएं सुलझाने के दिए निर्देश। पिछली बार आए मामलों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। गौरीगंज की जनता मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरीगंज की जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

## पेयजल की कमी से मचेगा हाहाकार

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैसपृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित हैसपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97 प्रतिशत समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है सअत: मात्र 3 प्रतिशत जल ही पीने के योग्य है, इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुष्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामत: पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी–बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफजलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार–तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अत: यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है।

# उमर खालिद का मामला और भारत में कानून का विरोधाभास

टी नवीन



**यह विरोधाभास भारत की न्याय व्यवस्था के मूल में एक खतरनाक विरोधाभास को उजागर करता हैरू जहाँ असहमति जताने वालों को अपराधी बनाकर आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत जेल में डाल दिया जाता है, वहीं सत्ता में बैठे लोग खुलेआम भड़काऊ बयान देने के बावजूद बेखौफ घूमते हैं। इस प्रकार, उमर खालिद की जमानत से इनकार न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी, बल्कि एक गहरे लोकतांत्रिक संकट को भी दर्शाता है। कानून के क्रियान्वयन में घोर असमानता स्पष्ट है। एक ओर, उमर खालिद जैसे छात्र और सामुदायिक कार्यकर्ता एक भेदभावपूर्ण कानून की आलोचना करने वाले भाषण देने के लिए वर्षों तक सलाखों के पीछे रहते हैं।**

पांच साल के लंबे इंतजार के बाद, उमर खालिद की जमानत याचिका आखिरकार सुनवाई के लिए आई, लेकिन एक बार फिर खारिज कर दी गई। विडंबना यह है कि उनके खिलाफ लगाया गया अपराध हिंसा का कृत्य नहीं, बल्कि असहमति में उनकी भागीदारी हैकृभेदभावपूर्ण नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ उनका रुख। देश भर के मानवाधिकार निकायों और नागरिक समाज द्वारा व्यापक रूप से आलोचना किए गए इन कघनूनों को धार्मिक भेदभाव को संस्थागत रूप देने वाला माना गया, जिससे लाखों लोगोंकृखासकर मुसलमानों की नागरिकता छिनने का खघ्तरा पैदा हो गया। फिर भी, अंतरात्मा की आवाज माने जाने के बजाय, उमर खालिद को एक साजिशकर्ता करार दिया गया और कठोर गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में डाल दिया गया।

उमर खालिद इस भाग्य में अकेले नहीं थे। उनके साथ, अन्य छात्र और सामुदायिक कार्यकर्ता,शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, खालिद सैफी, अतहर खान, मोहम्मद सलीम, शिफा-उर-रहमान, मीरान हैदर और शादाब अहमदकृपर भी यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। सभी पर 2020 के दिल्ली दंगों को भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। उनका कथित अपराध कई भाषणों और विरोध प्रदर्शनों से उनका जुड़ाव था। उदाहरण के लिए, शरजील इमाम पर मुसलमानों से अनिश्चितकालीन चक्का जाम के माध्यम से पूर्वोत्तर को शेष भारत से ष्काटनेष् का आग्रह करने का आरोप लगाया गया था। उमर खालिद को अमरावती में दिए गए एक भाषण से जोड़ा गया था, जहाँ उन्होंने सीएए/एनआरसी की मंडराती छाया में मुसलमानों की दुर्दशा के बारे में बात की थी और बड़े पैमाने पर लामबंदी का आह्वान किया था। मीरान हैदर, खालिद सैफी, गुलफिशा फातिमा और शिफा-उर-रहमान जैसे अन्य लोगों का संबंध दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए भाषणों से था, जिनमें सीएए/एनआरसी, बाबरी मस्जिद के विध्वंस, तीन तलाक के अपराधीकरण और कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने का जिक्र था। पुलिस ने दावा किया कि ये बयान मुसलमानों में डर और गुस्सा पैदा करने के लिए थे, जिससे अशांति फैल रही थी।

जबकि इन युवा कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया, अंतहीन कानूनी लड़ाइयों में उलझाया गया और उनकी स्वतंत्रता छीन ली गई, वहीं सत्तारूढ़ दल के नेता, जिन्होंने खुलेआम भड़काऊ भाषण दिए थे, बिना किसी को छुए बच निकले। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने नारा लगाया देश के गद्दारों को, गोली मारो सालों कोष। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के दौरान तीन दिन का अल्टीमेटम जारी करते हुए चेतावनी दी कि अगर प्रदर्शनकारियों ने सड़कें खाली नहीं कीं, तो उनके समर्थक मामले को अपने हाथ में ले लेंगे। दोनों बयानों ने निस्संदेह जनता की भावनाओं को भड़काया और दिल्ली दंगों से पहले के आवेशपूर्ण माहौल में योगदान दिया। फिर भी, उनके खिलाफ कभी भी तुलनात्मक गंभीरता की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

यह विरोधाभास भारत की न्याय व्यवस्था के मूल में एक खतरनाक विरोधाभास को उजागर करता हैरू जहाँ असहमति जताने वालों को अपराधी बनाकर आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत जेल में डाल दिया जाता है, वहीं सत्ता में बैठे लोग खुलेआम भड़काऊ बयान देने के बावजूद बेखौफ घूमते हैं। इस प्रकार, उमर खालिद की जमानत से इनकार न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी, बल्कि एक गहरे लोकतांत्रिक संकट को भी दर्शाता है। कानून के क्रियान्वयन में घोर असमानता स्पष्ट है। एक ओर, उमर खालिद जैसे छात्र और सामुदायिक कार्यकर्ता एक भेदभावपूर्ण कानून की आलोचना करने वाले भाषण देने के लिए वर्षों तक सलाखों के पीछे रहते हैं। दूसरी ओर, सत्ताधारी दल के नेता, जिन्होंने भड़काऊ नारे लगाए या अल्टीमेटम जारी किए, खुलेआम घूमते हैं, उनके राजनीतिक करियर पर कोई असर नहीं पड़ता। यह दोहरी न्याय व्यवस्था युवा नागरिकों को बताती है कि कानून सभी के साथ समान व्यवहार नहीं करताय बल्कि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि सत्ता किसके हाथ में है। असहमति को अब अपराध माना जाता है। सीएए, एनआरसी के खिलाफ आवाज उठाना एक ऐसा कृत्य जो पूरी तरह से विरोध करने के लोकतांत्रिक अधिकार के अंतर्गत आना चाहिएकृको आतंकवाद करार दिया गया है।

आतंकवाद के वास्तविक खतरों से निपटने के लिए बनाए गए एक असाधारण कानून, यूएपीए के माध्यम से, राज्य ने असहमति को ही अपराध बना दिया है। यह परिवर्तन एक गहरा बदलाव दर्शाता हैरू राज्य जितना अधिक आलोचना से डरता है, उतना ही अधिक वह इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में पुनर्परिभाषित करने का प्रयास करता है। यह न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि नागरिक और राज्य के बीच की सीमा को भी पुनर्परिभाषित करता है। उमर खालिद और अन्य लोगों के लिए, यही प्रक्रिया सजा बन गई है। बिना मुकदमे के पाँच साल की कैद, जिसके बाद जमानत से इनकार, दर्शाता है कि कैसे यूएपीए लोगों को अनिश्चित काल तक जेल में रखने के लिए बनाया गया है। निर्दोषता की धारणा, जो न्याय की आधारशिला है, निरर्थक हो जाती है। राजनीतिक प्रभाव से रहित आम नागरिकों के लिए, यह एक भयावह सत्य का संकेत हैरू एक बार ऐसे कानूनों के तहत आरोपित होने पर, चाहे वह दोषी हो या निर्दोष, स्वतंत्रता एक मायावी स्वप्न बन जाती है। जमानत न मिलना युवाओं, छात्रों और कार्यकर्ताओं के लिए एक गंभीर संदेश है।

## विचार

# अभी और बदलेंगे डोनाल्ड ट्रंप के बोल

प्रेम शर्मा



**ट्रंप भारत को लेकर अभी और लचीले होगें यह तय है। इसके पीछे एक दो नही बल्कि ऐसे कई निर्णय है जो भारी सरकार द्वारा लिये जा चुके हैं। जैसे ट्रंप के तमाम प्रयासों के बावजूद भारत रूसी तेल पर अपने पुराने रुख पर कायम रहा है। टैरिफविवाद के बीच पीएम मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होकर इशारों में ट्रंप को सख्त संदेश दिया था। प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना उच्चस्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। दूसरी तरफट्रंप के सख्त रवैये से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पर्दे के पीछे से कोशिशें चल रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्रेड डील नवंबर तक फाइनल होने की हाल ही में उम्मीद जताई थी।**

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने बयानों और निर्णय को लेकर शुरू से ही चर्चा में है। हाल में टैरिफको लेकर वह पूरे विश्व में चर्चा में ही नही आए बल्कि इस निर्णय से उन्हें अपने ही देश में भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन भारत में भारी भरकम टेरिफ लगाने का खेल उन पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमरीकी के दादागिरी वाले निर्णय पर भारत की रणनीति के मद्देनजर ट्रप के बोल में बदलाव शुरू हो गया है। सम्भावना यह जताई जा रही है कि भारत को लेकर टैरिफ मामले में जल्द ही डोनाल्ड ट्रम्प बेकफुट पर नजर आएगें।

भारी भरकम टैरिफ और रूसी तेल खरीदने के लेकर पिछले दो दशकों के सबसे गहरे तनाव के बीच ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ तस्वीर पोस्ट हुए कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। इसका कूटनीतिक जबाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की गहराई से सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बहुत सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

ट्रंप भारत को लेकर अभी और लचीले होगें यह तय है। इसके पीछे एक दो नही बल्कि ऐसे कई निर्णय है जो भारी सरकार द्वारा लिये जा चुके हैं। जैसे ट्रंप के तमाम प्रयासों के बावजूद भारत रूसी तेल पर अपने पुराने रुख पर कायम रहा है। टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होकर इशारों में ट्रंप को सख्त संदेश दिया था। प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना उच्चस्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। दूसरी तरफ ट्रंप के सख्त रवैये से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पर्दे के पीछे से कोशिशें चल रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्रेड डील नवंबर तक फाइनल होने की हाल ही में उम्मीद जताई थी। इस ट्रेड डील को लेकर लगभग सहमति बन चुकी है।

कृषि और डेयरी जैसे कुछ क्षेत्रों पर बात अटकी हुई है। इसे लेकर अमेरिकी दल भारत आने वाला था। लेकिन इसी बीच ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद वार्ता थम गई। जाहिर बात है कि ये ट्रेड डील दोनों ही देशों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ये खतरा उठाने का जोखिम मोल नहीं लेना चाहेंगे। ट्रंप ने जिस तरह से भारत के ऊपर भारी भरकम 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए, उसे लेकर उन्हें अपने ही देश में तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर 8 सितंबर को ब्रिक्स के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, ईरान और यूएई आदि के 10 सदस्यीय ग्रुप की बैठक में टैरिफ पर चर्चा होने की संभावना है। निश्चित तौर पर यहाँ भी टैरिफ मामले में अमरीकी को लेकर कोई सार्थक रणनीति बन सकती है। यह सच है कि अमेरिका के लिए भारत आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक रूप से काफी अहम है। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भी है। 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपए बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। ऐसी कई अमरीकी कंपनियां है जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कमा रही हैं।

ट्रंप का पीएम मोदी को लेकर दिया गया बयान यह संकेत दे रहा है कि वह भारत पर टैरिफपर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते है।, लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है। अब राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है।

## पितृपक्ष: पितरों के प्रति श्रद्धा और संस्कृति की अनन्त परंपरा

राजेंद्र बहादुर सिंह

भारत की सांस्कृतिक धारा इतनी विशाल और गहन है कि इसमें जीवन और मृत्यु दोनों के रहस्यों की गहन व्याख्या मिलती है। यहाँ केवल वर्तमान या भविष्य ही नहीं, बल्कि अतीत और स्मृति भी उतनी ही पवित्र स्थान रखती है। इन्हीं परंपराओं में से एक है पितृपक्ष, जिसे श्राद्ध पक्ष भी कहा जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन अमावस्या तक चलने वाला यह कालखंड भारतीय समाज में विशेष महत्व रखता है। यह सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, अपनी जड़ों को याद करने और पारिवारिक-सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का अवसर है। पितृपक्ष अर्थात् पितरों को समर्पित पक्ष। हिंदू परंपरा में यह विश्वास है कि इस पखवाड़े में हमारे पूर्वज धरती पर अपने वंशजों से मिलने और आशीर्वाद देने आते हैं। यह कालमान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। जिस तरह एक वृक्ष अपनी जड़ों से रस पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य भी अपने पितरों की स्मृति और आशीष से शक्ति पाता है। इस दृष्टि से पितृपक्ष को भूतकाल और वर्तमान का सेतु कहा जा सकता है।

### तर्पण

## शिक्षा के प्रति समर्पित थे मेरे पिता इंजी. सुप्रभाष सक्सेना








मेरे पिता स्व. सुप्रभाष सक्सेना शिक्षा के प्रति ताजिंदगी समर्पित रहे। जिले का पहला सीबीएसई स्कूल संचालित करने के लिए उन्होंने अपनी सरकारी नौकरी तक छोड़ दी थी।

उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक संस्था स्पिक मैके के माध्यम से यहां के विद्यार्थियों व नागरिकों को विश्वस्तरीय नृत्य, गायन, वादन आदि विधाओं से रूबरू कराया। वह स्पिक मैके के उ. प्र. चैप्टर के उपाध्यक्ष भी थे। भारतीय संस्कृति में उनकी अटूट आस्था थी। छोटे बच्चों के लिए उन्होंने आवास विकास कॉलोनी में सुप्रभाष अकादमी की नींव रखी जबकि महानगरीय उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए अपने स्वतंत्रता सेनानी पिता स्व. जुगलकिशोर सक्सेना व माता शीतला देवी के नाम से जेएसआईटीएम का शुभारंभ पूर्वी बाईपास पर हाईवे किनारे किया। इसी परिसर में उन्होंने कक्षा 12 तक की उत्तम शिक्षा के लिए जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की भी स्थापना की। वर्ष 2019 में उनका निधन हो गया लेकिन उनके आशीर्वाद से जेएससीनियर सेकेंडरी स्कूल को सीबीएसई बोर्ड की मान्यता प्राप्त हो गई है। हालांकि वह आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन हर पल ऐसा लगता है जैसे वह हमारे आसपास ही हैं और हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं।

**हम आप के बताए मार्ग पर निरंतर चलने का संकल्प लेते हैं। पितृ पक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आप को शत-शत नमन.....**

**हिमांशु सक्सेना**
**छिबरामऊ (कन्नौज**



# राशिफल

**मेष:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी।

**बृषभ:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। बीते हुए दिनों को याद कर भाव-विभोर हो सकते हैं।

**मिथुन:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें।

**कर्क:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। भविष्य के प्रति मन में चिन्ताएं उत्पन्न होंगी।

**सिंह:-** किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा। शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा।

**कन्या:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकता है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरुरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्वबुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशा जनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**धनु:-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह अभाव रहेगा। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करें। छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें।

**कुंभ:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीत लिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मीन:-** सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीतिज्ञों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

# पेड़ों के अवैध कटान से बड़े खतरे की तरफ बढ़ते हम

हृदयनारायण दीक्षित

**सभ्यता के विकास में शुरुआत में पेड़-पौधे ही हमारे संरक्षक और विधाता थे। हम उनको प्रणाम करते थे। पानी देते थे। वैदिक काल से ही पेड़ पौधों को प्रेम करने वाली संस्कृति प्रवाहमान है। वैदिक काल के बाद का चरण हड़प्पा सभ्यता है। यह खूबसूरत नगरीय सभ्यता थी। आजादी के बाद में नगरों महानगरों का अराजक विकास हुआ। नगर क्षेत्र विस्तार की नीति पेड़ पौधों को आत्मीय समझने वाली होनी चाहिए। हम भारत के लोग वनस्पतियों में देवता देखते रहे हैं। लोक मान्यता में प्रत्येक पेड़ का एक देवता होता है। विष्णु पीपल के देवता हैं। बरगद के देवता शिव हैं। सोम के देवता चन्द्रमा हैं।**

सर्वोच्च न्यायालय ने पेड़ों की अवैध कटान पर तीखी टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि, ÷प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि पेड़ों की अवैध कटान हुई है।÷ कोर्ट ने केन्द्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब राज्यों से तीन हफ्तों में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा है कि, पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई दिखाई पड़ती है। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि, वह इसकी जांच करें। इसके लिए जो कुछ भी जरूरी हो, किया जाना चाहिए।

पेड़ कटानों का परिणाम देश के लिए घातक होता है। वृक्षों से वर्षा होती है। कटान से ऋतु चक्र गड़बड़ाता है। विश्व बैंक की 'दक्षिण एशियाई हॉटस्पॉट-तापमान के प्रभाव और जीवन स्तर का परिवर्तन' शीर्षक से रिपोर्ट आई थी। रिपोर्ट में अनुमान किया गया था कि सन् 2050 तक भारत की जीडीपी 28 प्रतिशत तक घट सकती है। अन्य तमाम संस्थाओं ने भी जलवायु परिवर्तन से भारत को खतरा बताया है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वृक्ष और वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। हम उन पर आश्रित हैं। पेड़ पौधों में भी जीवन होता है। हमारे और वृक्ष वनस्पतियों के बीच परस्परावलंबन है। वे सभी ऋतु चक्र को प्रभावित करते हैं। पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। इसी अव्यवस्था के चलते उत्तराखण्ड सहित देश के अन्य राज्यों में भूस्खलन, बादल फटने की घटनाएं भी चिन्ता का विषय हैं। तूफान और बाढ़ आती है। भारत की अधिकांश नदियां जलहीन हो रही हैं। ऋतु परिवर्तन का चक्र गड़बड़ा गया है। इसका असर पशु पक्षियों पर भी पड़ा है।

सन् 2000 में पेरिस में 'अर्थ कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। ऐसी बैठकें लगातार होती रहीं। 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। पर्यावरण इन लक्ष्यों में खासा महत्व रखता है। भारत ने टिकाऊ विकास के लक्ष्यों पर बढ़-चढ़कर काम किया है। पेट्रोल डीजल का उपयोग घटाने के प्रयास हुए हैं। विद्युत चलित वाहन बढ़ रहे हैं। लेकिन अभी ठोस परिणाम नहीं आए हैं।

सभ्यता के विकास में शुरुआत में पेड़-पौधे ही हमारे संरक्षक और विधाता थे। हम उनको प्रणाम करते थे। पानी देते थे। वैदिक काल से ही पेड़ पौधों को प्रेम करने वाली संस्कृति प्रवाहमान है। वैदिक काल के बाद का चरण हड़प्पा सभ्यता है। यह खूबसूरत नगरीय सभ्यता थी। आजादी के बाद में नगरों महानगरों का अराजक विकास हुआ। नगर क्षेत्र विस्तार की नीति पेड़ पौधों को आत्मीय समझने वाली होनी चाहिए। हम भारत के लोग वनस्पतियों में देवता देखते रहे हैं। लोक मान्यता में प्रत्येक पेड़ का एक देवता होता है। विष्णु पीपल के देवता हैं। बरगद के देवता शिव हैं। सोम के देवता चन्द्रमा हैं। अशोक के देवता इन्द्र और आदित्य हैं। आंवला के देवता विष्णु हैं। महाभारत में कथा है। कृष्ण ने एक बार पृथ्वी की पूजा की थी। वे समाधिष्ट हो गए। पृथ्वी स्त्री वेश में कृष्ण के सामने पहुंचीं। कृष्ण ने पृथ्वी से अभिलाषा की, ÷मां आप कैसे प्रसन्न होती हैं?÷ पृथ्वी ने कहा, ÷सभी जीवों को प्यार करो। पेड़ पौधों को संरक्षण दो। प्रतिदिन अपने भोजन का एक हिस्सा अलग रख लिया करो। जीव आएंगे और प्रसन्न होंगे। वृक्षों और वनस्पतियों को भी प्रेम की प्यास रहती है। पृथ्वी पर पेड़ पौधों की उपस्थिति एक असाधारण संरचना है। लाखों जीव और वनस्पतियां पृथ्वी में हैं। मैकडनल ने वैदिक माइथॉलजी में खूबसूरत टिप्पणी की है। ऋग्वेद के अनुसार वह वन वृक्षों का आधार हैं। वही वर्षा कराती हैं। अथर्ववेद में पृथ्वी सूक्त है। इस सूक्त में कहा गया है कि, ÷यह वनस्पतियों का आधार है। पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध वनस्पतियों में है।÷ पृथ्वी संसार की धारक है। पेड़ों की कटान के विरुद्ध अधिनियम हैं। लेकिन इस कटान में स्थानीय पुलिस की भागीदारी रहती है। पूर्वजों का ध्यान वनस्पतियों पर था। ऋग्वेद में वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद के एक सूक्त (1.34) में ऋषियों के वनस्पति प्रेम की झांकी है। अथर्वा के सामने एक लता है। लता से कहते हैं, ÷आप मधुरता के साथ पैदा हुई हैं।÷ फिर कहते हैं, ÷हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।÷ समूचे वैदिक वांग्मय में वनस्पतियां छाई हुई हैं। ऋषियों ने सोम को देवता बताया है। सोम को वनस्पतियों का राजा भी कहा गया है। (ऋग्वेद 9.114.2) सोम एक वनस्पति थी। इससे रस निकाला जाता था। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय थी। उनकी मान्यता थी कि सोम का रस पीने से अमृत्व मिल जाता है। वनस्पतियां कई तरह की हैं। पेड़ों की कटान की तरफ सर्वोच्च न्यायालय ने देश का ध्यानाकर्षण किया है। यह बहुत उचित है। यह भारतीय जन गण मन का ध्यान खींचने वाला है। विकास की अंधी दौड़ में हमारी अस्मिता समाप्तप्राय हो रही है। प्राचीन संस्कृति के अनेक अवशेष आज भी हम सब का ध्यान परंपरा की ओर आकर्षित करते हैं। कोई व्यक्ति अपने फार्म हाउस में एक छोटा-सा बगीचा बनाता है। उसका नाम पंचवटी रखता है। पंचवटी श्रीराम का विश्राम स्थल थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### नवदुर्गा महोत्सव मंडल की बैठक संपन्न तैयारियां शुरू

**भरूआ सुमेरपुर।** नवदुर्गा महोत्सव मंडल रामलीला मैदान कमेटी के बैठक के अध्यक्ष डॉ.शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर मंथन करके पंडाल आदि की सजावट पर चर्चा की गई।

इस वर्ष शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से सोमवार से शुरू हो रहे हैं। कस्बे के रामलीला मैदान में नवदुर्गा महोत्सव मंडल की ओर से भव्य पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। यह पंडाल कस्बे का सबसे पुराना पंडाल है। रविवार को नवदुर्गा महोत्सव मंडल कमेटी की बैठक में नवरात्र में रात के समय होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही पंडाल की भव्यता में किसी तरह की कोर कसर बाकी न रहे। इस पर विचार करके तैयारी को हरी झंडी दी गई। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, अमन कसौधन, सोनू गुप्ता, रामजी मिश्रा, डॉ.राहुल,वीरेंद्र शुक्ला, छुट्टन गुप्ता,रज्जन पांडे, संजू तिवारी,रेशु गुप्ता, टोनी गुप्ता, सीताराम गुप्ता, जय किशन गुप्ता, राजेश गुप्ता,आर्यन चंदेल, मोनू गुप्ता, राधे शुक्ला, बृजेश ओमर, आयुष पालीवाल आदि मौजूद रहे।

### डंपर को बचाने में हाईवे किनारे पलटा ट्रक

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुबह नेशनल हाईवे में गलत दिशा से आ रहे डंफर को बचाने में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। सुबह कानपुर से माल लोड करके सागर जा रहा ट्रक नवीन गल्ला मंडी के समीप गलत दिशा से आ रहे डंफर को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक गजाधर यादव कानपुर खलासी के साथ बाल-बाल बच गया। ट्रक में ट्रांसपोर्ट का सामान लदा हुआ है।

### अज्ञात कारणों के चलते मजदूर की पत्नी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के डामर गांव में बीती रात अज्ञात कारण के चलते मजदूर की पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टमको भेज दिया है। क्षेत्र के डामर गांव निवासी भगवान दास कोरी की पत्नी बीना 45 वर्ष ने बीती रात आठ बजे घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । भगवानदास मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता हैं। उसने बताया कि पत्नी मंदबुद्धि थी। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी तब पुलिस ने जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है आज उसका अंतिम संस्कार किया गया है।

### कुसमरा व पारा पीएचसी में आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के कुसमरा व पारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। कुसमरा स्वास्थ्य केंद्र का सीएचसी प्रभारी ने औचक निरीक्षण किया। जहां 21 मरीज पाए गए। क्षेत्र के कुसमरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 21 मरीजों ने अपना उपचार कराया। जिसमें ज्यादातर खांसी, जुकाम, वायरल बुखार आदि के मरीज रहे। वही सीएचसी प्रभारी डॉ.सुनील कुमार जायसवाल ने कुसमरा गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 21 मरीज पाए गए। उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएचसी प्रभारी ने बताया की निरीक्षण के दौरान डॉ.ऋद्धि सिद्धि, वार्ड बॉय कामता प्रसाद, स्टाप नर्स रश्मि व साबरीन आदि मौजूद रहे। वही पारा गांव में आरोग्य मेले में 49 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 17 मरीजों का ब्लड चेक, तीन ब्लड ग्रुप, दो शुगर, हीमोग्लोबिन 6, मलेरिया 7 टाइफाइड 5 आदि कराया। मेले में फार्मासिस्ट आनंद स्वरूप, स्टाफ नर्स रश्मि, एलटी देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी से शादी करने वाली महिला चार बच्चों की मां निकली



**सरीला (हमीरपुर)।** शनिवार को कस्बे के मंदिर पर हुई शादी में अब नया मोड़ आ गया है। महिला का पति अपने चार बच्चों के साथ कस्बा पहुंच कर अपनी पत्नी को समझाया और आपस में सुलह समझौता कर पत्नी अपने बच्चों को देखते हुए पति बच्चों के साथ वापस अपने घर चली गई। महिला के भाई और उसकी सास भी आई थी। गुजरात में मजदूरी करने के दौरान एक युवक का महिला से प्रेम प्रसंग शुरू हुआ था। जिसके बाद महिला युवक के घर आ गई। दोनों ने परिवार वालों से अनुमति लेकर शादी करने का फैसला लिया। शनिवार को कस्बे के मंदिर से धूमधाम से शादी हुई। शादी के वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया, जिससे यह प्रेम विवाह चर्चा का विषय बन गया। रविवार को शादी में नया मोड़ आ गया। जब उस महिला का पति अपने चार बच्चों व रिश्तेदारों के साथ कस्बा आकर उसने अपनी पत्नी को घर चलने की बात कही और उसको समझाया बुझाया। जिस पर महिला बच्चों को देखते हुए वापस घर जाने को राजी हो गई। यह शादी नगर व क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई और महिला अपने पति व बच्चों के साथ अपने घर वापस घर चली गई। इस दौरान कस्बे के लोगों का जमावड़ा लगा रहा और तरह तरह की चर्चाएं होती रहीं।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली के टिकारिया गांव हरी सिंह पुत्र पुन्ना ने बताया कि शनिवार की शाम उसकी भैस चर रही थी। तभी नहर के पास लगे विद्युत पोल में आ रहे भैंस की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया कि भैंस की कीमत करीब 80 हजार रुपए थी। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### पत्नी से झगड़ा करने के बाद पति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या



**बबेरू/बांदा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विनवठ गांव में एक 30 वर्षीय युवक ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद बीती रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विनवठ गांव निवासी विनोद सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह उम्र करीब 30 वर्ष यह शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि पत्नी से झगड़ा करने के बाद अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो देर रात पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से निकालकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक विनोद सिंह की तीन माह पहले सविता के साथ शादी हुई थी, मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। घटना को देखते हुए मृतक की मां कुसुम कली पत्नी सविता देवी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस का कहना है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### पितृपक्ष नदी-तालाबों में तर्पण करने वालों की उमड़ी भीड़



**बांदा।** कहते हैं कि जिनके सिर पर पितरों का हाथ नहीं होता, उन पर भगवान भी कृपा नहीं करते। रविवार से पितृपक्ष आरंभ हो गया है। अपने पितरों को जलांजलि व तिलांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में केन नदी, नवाब टैंक समेत विभिन्न तालाबों में भीड़ लगी रही। लोगों ने संसार सागर से विदा ले चुके अपने पूर्वजों को याद करते हुए श्रद्धा के साथ तर्पण कर उनसे आशीर्वाद मांगा। देवताभ्यरू पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च, नमः स्वाहायै स्वधायै च नित्यमेव नमो नमः। सनातन धर्म में पितरों को विशेष मान्यता प्रदान की गई है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में लिखा है बाढ़हिं पुत्र पिता के धरमा।' कहा जाता है कि जिसके पितर प्रसन्न रहते हैं, उस पर परमात्मा भी कृपा करते हैं। इसीलिए माता-पिता और वृद्धों की सेवा बताई गई है। वर्ष में एक पखवाड़ा पितरों के नाम किया गया है। इन दिनों में वे लोग जिनके माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका होता है, वे उन्हें जलांजलि देते हैं। मान्यता है कि इन्हीं दिनों में दिया गया जल उन्हें प्राप्त होता है। तिथियों के अनुसार इन्हीं दिनों में श्राद्धकर्म भी होता है, जिसमें पितरों का पूरी श्रद्धा के साथ पूजन करने के बाद गाय, कुत्ता और कौओं का भाग निकाला जाता है। मान्यता है कि गाय देव रूप है और कौए को पितृ के समकक्ष दर्जा दिया जाता है।जल देने का क्रम भाद्रपद मास की पूर्णिमा से आरंभ हो जाता है और अमावस्या तक चलता है। देव ऋण और पितृ ऋण से उऋण होने का यही एक माध्यम है। पितृपक्ष आरंभ होने के साथ ही शुभ कार्यों पर पूरी तरह विराम लग गया। नई चीजों की खरीदारी बंद होने से बाजारों की रौनक खत्म हो गई। इस दौरान शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, मुंडन से लेकर कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य पं. आनंद शास्त्री बताते हैं कि पितरों के तर्पण में कुशा व तिल का अनिवार्य प्रयोग करने से पितरों को दिया गया दान अक्षय फलदायी हो जाता है। चांदी व तांबे के पात्र पितरों को तारने वाले पात्र कहलाते हैं। श्राद्ध भोजन घर की दक्षिण दिशा में शांत अवस्था में कराने से पितर तृप्त होते हैं। रविवार को शहर के नवाब टैंक और अन्य छोटे-बड़े सरोवरों समेत केन नदी के विभिन्न घाटों में पितरों को तर्पण करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

# जनपद के नव चयनित 18 अनुदेशकों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न व्यवसाय के नव चयनित 1,510 अनुदेशकों के सापेक्ष जनपद से चयनित 18 अनुदेशकों को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने नियुक्त पत्र वितरित किए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी नव चयनित अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में प्रतिभाशाली अनुदेशकों की भर्ती होने से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें आशा है कि आपके कार्य एवं व्यवहार से व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास में परिवर्तन देखने को मिलेगा। कहा कि पहली नौकरी अपने आप में अनूठी होती है, जो बहुत बड़े संघर्षो से मिलती है। कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नहीं होती है, छोटा या बड़ा हमारा दृष्टिकोण होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उस देश के युवाओं के कौशल पर निर्भर करती है। आप सभी लोग पूरी कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते हुए अपने कौशल को प्रदर्शित कर लोगों को लाभान्वित करें। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, चेयरमैन कुलदीप निषाद, डीडीओ राघवेंद्र सिंह, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, आईटीआई के प्राचार्य बृजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली की लाइन दुरुस्त करने के नाम पर हरे पेड़ों की हो रही कटाई



**मुस्करा (हमीरपुर)।** बिजली की लाइन मरम्मत करने के नाम पर मंडी परिसर के अंदर हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने मंडी सचिव के आदेश पर पेड़ काटने की बात कही।

कस्बा स्थित नवीन गल्ला मंडी के अंदर हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिसमें नीम, कंजी, शीशम आदि के पेड़ों को जड़ से काट दिए गए है। इस मामले में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नाहर सिंह ने बताया कि मंडी परिसर के अंदर बिजली की लाइन पेड़ों से टकरा रही थी, जिसके चलते पेड़ों की कटाई की गई है। बताया कि यह कार्य मंडी सचिव के आदेश पर किया गया है। वहीं मंडी सचिव राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि विद्युत लाइन से टकराने वाले पेड़ों की छटाई के आदेश दिए थे, न कि कटाई के। पेड़ काटने वालों ने भूल बस छटाई न करके पेड़ों को नीचे से काट दिया है। गौरतलब है कि मंडी सचिव महीने में एक या दो बार ही मंडी में मौजूद रहते हैं। उनकी अनुपस्थिति में चतुर्थ श्रेणी से लेकर द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी अपनी मनमानी करते रहते हैं।

## चिकित्सक की सीट पर युवती ने बनाई रील, वीडियो वायरल

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**




सोमवार सुबह से सोशल मीडिया पर एक रील जमकर वायरल हो रही है। जिसमें एक युवती चिकित्सक की सीट पर बैठी हुई दिखाई दे रही है। वायरल वीडियो की पड़ताल करने पर पता चला कि रीलबाज युवती कस्बे की है और सरकारी अस्पताल के चिकित्सक के चेंबर पर सीट में बैठ कर युवती ने रील बनाई है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि युवती अस्पताल आई थी, हो सकता है कि चिकित्सक या स्टाफ इधर उधर हुआ हो तो युवती ने सीट पर बैठकर रील बना ली हो। उनके द्वारा मामले की जांच कराने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बताते चले कि पिछले सप्ताह इसी रीलबाज युवती का रागौल रेलवे स्टेशन पर एक युवक को पीटते हुए और युवक का मोबाइल छीनने का वीडियो वायरल हुआ था। लेकिन रेलवे पुलिस ने रीलबाज युवती के रसूख के चलते कोई कार्यवाही नहीं की थी।

## ओवरटेक कर रही प्राइवेट बस ने बाइक सवार रिटायर्ड शिक्षक को रौंदा, मौत

> पनवाड़ी मार्ग स्थित गल्ला मंडी के पास हुआ हादसा




**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राठ पनवाड़ी मार्ग स्थित गल्ला मंडी के पास छोटे भाई के यहां से लौट रहे रिटायर्ड शिक्षक की बाइक में ओवरटेक कर रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में रिटायर्ड शिक्षक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कोतवाली में खड़ा करा दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मझगवां थाने के अटगांव व हालपता अतरौलिया मोहल्ला निवासी 60 वर्षीय रमेश चंद्र सक्सेना पुत्र रामसहोदर सक्सेना रविवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे गल्ला मंडी नहर बाईपास पर स्थित अपने छोटे भाई अरुण सक्सेना के यहां से लौट कर वापस अपने घर अतरौलिया बाइक से जा रहे थे। तभी मंडी के पास एक पेट्रोल पंप के सामने ओवरटेक कर रही प्राइवेट बस ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉ कनिष्ठ माहुर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र राहुल सक्सेना ने बताया कि उसके पिता धगवां गांव में स्थित इंटर कालेज से सेवानिवृत्त शिक्षक थे। 29 सितंबर को उसके छोटे भाई राहुल सक्सेना की सगाई थी। जिसकी तैयारियों में जुटे हुए थे। बताया कि उसके पिता चाचा के यहां गए थे। पति की मौत पर पत्नी रेखा देवी का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि बस को कोतवाली में खड़ा करा दिया है। चालक बस छोड़कर भाग गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### जेके सीमेंट की संवेदनहीनता के चलते चली गई वर्कर की जान

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** जेके सीमेंट प्रबंधन की संवेदनहीनता के चलते समय पर उपचार नहीं मिलने से रविवार को तड़के कंपनी के कर्मी की जान चली गई। वर्कर के साथी रोते बिलखते शव को लेकर बिहार वापस चले गए हैं। वहीं फैक्ट्री प्रबंधन बचाव में उतर आया है। कस्बे से आगे हाईवे किनारे जेके सीमेंट का प्लांट लगा हुआ है। इस प्लांट में बिहार प्रांत के बक्सर जनपद के नवाडेरा का रहने वाला सुनील (40)पुत्र अजब चौधरी लोडिंग का कार्य करता था। इसके साथी दिनेश चौधरी ने बताया कि शनिवार/रविवार की रात 2:00 बजे इसको फैक्टरी के बाहर कमरे में सोते समय सर्प ने डस लिया। चीख पुकार सुनकर साथियों ने सर्प को मौके पर ही मार दिया और फैक्टरी के गेट पर पहुंचकर सिक्योरिटी इंचार्ज सुनील सिंह से मदद मांगी। लेकिन उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि फैक्टरी में डॉक्टर नहीं है। साथी दिनेश चौधरी ने बताया कि उनसे एंबुलेंस की मांग की। लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया। तब वह लोग इंगोहटा गांव से ई-रिक्शा ढूंढ कर लाएं और उसमें बैठाकर करीब 4:40 बजे सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में महज एक इंजेक्शन लगाकर कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। साथी शव लेकर बक्सर बिहार चले गए। दिनेश चौधरी ने बताया कि वह मृतक के गांव का रहने वाला पड़ोसी है। दोनों तीन माह पूर्व जेके सीमेंट में लोडिंग का कार्य करने के लिए आए थे। फैक्टरी के एचआर मैनेजर नीरज ओझा ने बताया कि घटना फैक्टरी के बाहर कमरे में हुई है। एंबुलेंस मांगने की जानकारी उन्हें नहीं है। कर्मी की सर्प काटने से मौत होने की सूचना मिली है। फिलहाल वह लखनऊ में है। फैक्टरी पहुंचकर मामले की जानकारी करेंगे।

## ग्रामीण पत्रकार एसो. की मासिक बैठक संपन्न



**पैलानी(बांदा), समृद्धि न्यूज़।**

> पत्रकारों की एकजुटता पर जोर

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पैलानी इकाई की मासिक बैठक रविवार को कस्बे के राजेश्वरी कान्वेंट स्कूल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष मुहम्मद यासिर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महामंत्री शिवम सिंह मौजूद रहे। बैठक में पत्रकारों के बीमा और पेंशन को लेकर महामंत्री शिवम सिंह ने चर्चा की गई। महामंत्री शिवम सिंह ने बताया कि आगामी 16 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बांदा को सौंपा जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक में स्थानीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीकांत ने सवाल उठाया कि सच्चे पत्रकारों को अपेक्षित सम्मान क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने चाटुकार पत्रकारों के बहिष्कार की मांग की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार तोप सिंह ने पत्रकारिता की मूलभूत जिम्मेदारियों और उसकी सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा पत्रकारों को ईमानदार और जनहितकारी पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया। अंत में तहसील अध्यक्ष मुहम्मद यासिर ने सभी पत्रकारों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की। बैठक में सरताज साह, रज्जब खान, लक्ष्मीकांत, अनुपम, तोप सिंह, सीरजध्वज तिवारी, शुभम तिवारी, फैजान, महबूब सहित दर्जनों ग्रामीण पत्रकार उपस्थित रहे।

## एसडीएम की मौजूदगी में रविवार को क्रय विक्रय केंद्र में वितरित की गई किसानों खाद



**राठ, हमीरपुर।** रामलीला मैदान स्थित क्रय विक्रय सहकारी समिति में खाद को लेकर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने स्वयं खड़े होकर किसानों को टोकन देकर कराकर खाद वितरित कराई है। किसान लाइन में खड़े होकर खाद लेकर शांति से घर चले गए। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था की कमी होने पर रविवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति केंद्र में किसानों को खाद वितरित कराई गई है। रविवार को 229 किसानों को टोकन दिए गए थे। किसानों शांति पूर्ण तरीके से लाइन में खड़े होकर खाद की बोरियां ली। एसडीएम ने बताया कि सोमवार को सभी सहकारी समितियों में खाद वितरित होगी। सभी किसानों को खाद मिलेंगी। किसान शांति व्यवस्था बनाए रखें। इस दौरान सीओ राजीव प्रताप सिंह, तहसीलदार वीरपाल सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पखरौली गांव में आरोग्य मेले का आयोजन

**बबेरू/बांदा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पखरौली गांव में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें 40 मरीजों को देखा गया सबसे ज्यादा बुखार जुखाम के मरीज पाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पखरौली गांव में आरोग्य मेले का आयोजन हर रविवार को किया जाता है जिसमें डा कमलेश वार्ड व्याय चन्द्र शेखर के द्वारा मरीजों को देखकर उपचार किया जाता है जिसमें मेले में 40 मरीजों का पंजीयन किए गए जिसमें सबसे ज्यादा बुखार मरीज आए और बुखार जुखाम खांसी पेट दर्द सहित तमाम मरीज देखे गए। इस दौरान प्रशान्त सहित स्टाफ मौजूद रहा अधीक्षक डा. ऋषिकेश ने बताया सिमौनी रयान शिव भभुवा पखरौली मझीवा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे 260 मरीज देखे गये।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बीपीएमए के सौजन्य से प्राप्त बैरिकेटिंगों का हुआ उद्घाटन

> भगवत प्रसाद अकादमी द्वारा छह बैरिकेटेंगे सड़क सुरक्षा हेतु की गई प्रदान

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज एवं संयुक्त सचिव अजय मिश्रा उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ/विजिलेंस प्रयागराज, मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा/समन्वयक चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ.पीयूष मिश्रा एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति जनपद बांदा/समाज सेवी सुनील सक्सेना द्वारा भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी बांदा में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों, शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिव राज जी द्वारा शिक्षकों में नियमों के प्रति जवाब देह तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता पर बल दिया। संयुक्त सचिव/विजिलेंस, प्रयागराज द्वारा सुरक्षित लेन में ही वाहन चलाने तथा ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतने की अपील की इसी क्रम में मंडलीय मास्टर ट्रेनर/समन्वयक डॉ.पीयूष मिश्रा द्वारा शिक्षकों को एक नोडल शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए छात्रों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु तत्पर रहकर एक आदर्श नागरिक का कर्तव्य निभाने की अपील की।जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य/समाजसेवी सुनील सक्सेना ने बांदा जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु समाज के हर वर्ग को मदद हेतु आगे आने की जरूरत बताई। इस अवसर पर डायरेक्टर अंकित कुशवाहा, प्रधानाचार्य शिवेंद्र श्रीवास्तव तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । अंत में डॉ.पीयूष मिश्रा द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई ।

## शिक्षकों की खुशहाली के लिए सीएम ने किये कई महत्वपूर्ण कार्यः एमएलसी



> व्यवसायिक शिक्षकों को दिये गये नियुक्ति पत्र

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त किए गए 1510 व्यवसायिक शिक्षकों (अनुदेशकों ) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का संजीव प्रसारण आज जनपद बांदा के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनपद में आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, एमएलसी बाबूलाल तिवारी एवं जिलाधिकारी जे. रीभा ने जनपद के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित कि कार्यक्रम में उपस्थित नव नियुक्त अनुदेशकों एवं आईटीआई के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 8 वर्षों में अनेको महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में स्किल इंडिया एवं कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिफेंस कारिडोर की स्थापना बुंदेलखंड में की जा रही है। उन्होंने नवनियुक्त अनुदेशक से कहा कि वह अपने पद एवं दायित्व का कुशलता से निर्वहन करें।उन्होंने कहा कि कौशल विकास में विद्यार्थी आत्मनिर्भर होकर स्व रोजगार प्राप्त कर सकेंगेस उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास एवं स्किल इंडिया तथा नॉनवेज संदेशों का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे. रीभा ने नवनियुक्त अनुदेशकों से कहा कि वह अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से निर्वहन करें। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य, के साथ निरंतर आगे बढ़ाने की कामना की। कार्यक्रम में माव जल शक्ति राज्य मंत्री, एमएलसी ,जिला अध्यक्ष भाजपा एवं जिलाधिकारी ने जनपद बांदा के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जिसमें निलेश सेंगर, सिया राज सिंह ,आलोक कुमार, अजीत सिंह, कुमारी अर्चना शिवहरे, सोनम अहिरवार, प्रदीप कुमार पटेल, निहाल यादव, विनय सिंह ,विनोद कुमार ,राहुल कुमार तथा रंजना कुशवाहा एवं अन्य अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

## पनवाड़ी मंडल की बैठक जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**






पनवाड़ी, भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक गायत्री मंदिर सुभाष नगर में आयोजित की गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिले के मुखिया जिलाध्यक्ष ने शिरकत की। बैठक के दौरान के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. दिग्विजय द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष हरनारायण यादव, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सोमवंशी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री श्रीप्रकाश अनुरागी, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर तिवारी सन्तोष अग्निहोत्री, श्रीप्रकाश मिश्रा, सन्तोष पाठक, नीरज द्विवेदी सहित समस्त मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष, बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी कार्यकर्ताओं का समर्पण और उत्साह संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यकर्ताओं का यह सहयोग निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी को और अधिक सशक्त एवं जनकल्याणकारी दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। बैठक के माध्यम से प्राप्त सुझाव एवं विचारों को संगठन की नीतियों में स्थान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। एवम आगामी स्नातक विधायक के विधान परिषद के चुनाव में कैसे अच्छी सफलता मिले इस पर भी मण्डल की बैठक मेंअहम विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई कार्यक्रम का संचालन महेंद्र वर्मा ने किया।

## खबरें एक नजर में

### पुरखों की याद में समजसेवियों ने पौध रोपित कर दी श्रद्धांजलि



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लक्ष्य फाउंडेशन के तत्वावधान में पितृपक्ष के दौरान अपने पूर्वजों की याद में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लक्ष्य फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा पौधे लगाकर पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी जायेगी रविवार को लक्ष फाउंडेशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के संयोजक आदर्श अवस्थी सोनू ने बताया कि लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा पुरे पितृ पक्ष में पूर्वजों की याद में पौधरोपण कर पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी जायेगी पूर्वजों की याद में रोपित किये गए पौधे से लोगो का भावना त्मक लगाव रहेगा जिससे लोग उन पौधों की ज्यादा देखभाल करेंगे और वो पौधे जल्दी तैयार होकर धरती पर हरियाली बढ़ाने का कार्य करेंगे। मुख्य रूप से हर्षवर्धन सिंह शशांक दीक्षित,ब्रजेश शुक्ला मन्नू, लवकुश, अभिषेक श्रीवास्तव अपना सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में लक्ष फाउंडेशन के अध्यक्ष पियूष मिश्रा, शिवा सिंह, विष्णु शुक्ला, तन्मय शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने नौ वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार, 54 के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई



**बाराबंकी।** जिले में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में शनिवार एवं रविवार को तीन वांछित तथा छह वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए। वहीं पुलिस ने 54 आरोपियों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा रविवार को मु.अस. 264/25 धारा 87/137(2)/64(2) एम/351(2) बीएनएस 5एल/5जे(2)/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सुमित पुत्र जगदीश नि ग्राम मड़वा थाना जहांगीराबाद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा मु.अस. 284/2025 धारा 331(4) /305(e) /317(2) बी एन एस बीएनएस से सम्बन्धित वांछितअभियुक्त/ चोर राजेश कुमार पुत्र वंशीलाल निवासी गोसाई पुरवा मजरे थोरथिया थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही से 1 अदद गैस सिलेण्डर बरामद किया गया। थाना मसौली पुलिस टीम ने मु.अस. 364/25 धारा 69/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 5स/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अंशु पुत्र अनंतराम निवासी ग्राम मोतीपुर चिड़ीमार मोहल्ला थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया।

### बेलहरा में अकीदत के साथ निकला मदहे सहाबा का जुलूस



**बेलहरा, बाराबंकी।** पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौम ए पैदाइश की खुशी के मौके पर बेलहरा कस्बे में जुलूस ए मदहे सहाबा अकीदत और उल्लास के साथ निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। शनिवार को कस्बा बेलहरा में अंजुमन मीलाद कमेटी के तत्वाधान में जुलूस ए-मदहे साहब अकीदत और धूमधाम से निकाला गया। जिसमें कस्बा सहित अन्य गांवों की करीब तीन दर्जन से अधिक अंजुमनों ने शिरकत कर सहाबा की शान में नातिया कलाम पेश किया। लच्छीपुर चौराहे से शुरू होकर यह जुलूस मुख्य मार्ग पर गुज़रते हुए देर रात किले के पास पहुंचा जहां पर समाजसेवियों द्वारा लगाए गए स्टालों पर सभी अंजुमनों का कलाम सुनने के बाद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। जुलूस से पूर्व स्थानीय ईदगाह से एक विशाल रैली निकाली गई,जिसमें हजारो की संख्या में शामिल लोग हाथों में तिरंगा और इस्लामी झंडा लेकर सरकार की आमद मरहबा.. आक़ा की आमद मरहबा के नारे लगा रहे थे। रैली का जगह जगह जलपान से स्वागत किया गया। यह रैली अपने निर्धारित रास्तों मैन बाजार,बाबा साहब,भटुवामऊ होकर सौरंगा में देर शाम समाप्त हुई। इस मौके पर पूरा कस्बा रोशनी से जगमगा रहा था, मुख्य मार्गो व मस्जिदों में भी सजावट की गई थी,जुलूस अपने निर्धारित समय पर बड़ी मस्जिद पहुंच कर सकुशल समाप्त हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के दुरुष्टिगत एसडीएम कार्तिकेय सिंह,सीओ जगत राम कनौजिया,थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र,चौकी प्रभारी अरविंद पटेल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से पैदल जा रहे अधेड़ की मौत

**उन्नाव।** कोतवाली गंगाघाट अन्तर्गत दुकान से सामान लेकर घर जा रहे अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को विजय बहादुर 52 पुत्र मनोहरलाल निवासी शुक्लागंज रविवार को घर का सामान लेने गये थे। कोतवाली गंगाघाट अन्तर्गत मरहलां चौराहा आजाद मार्ग के पास स्थित दुकान से सामान लेकर लौट रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। हादसे में विजय की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### हाइवे पर सेफ्टी गार्ड लगा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र में रविवार को लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर लोहे की ग्रिल लगाने का कार्य हो रहा था तभी तेज रफ़्तार बाइक कार्य के लिए खड़ी ट्रेक्टर-ट्राली में जा टकराई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना सोहरामऊ अन्तर्गत लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर आशाखेड़ा चौराहे के निकट लोहे की सेफ्टी ग्रिल लगाने के लिए श्रमिक ट्रेक्टर-ट्राली सड़क पर खड़ी करके डिवाइडर का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सोहरामऊ की तरफसे आ रही तेज रफ्तार बाइक सड़क पर खडी ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे रोहित 22 निवासी ग्राम कांथा थाना असोहा व उसका साथी अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गयी। जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल अरुण को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

परियर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

### दर्जनों गांव बाढ़ से प्रभावित, हजारों बीघे फसल नष्ट

**उन्नाव।** सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। रविवार शाम तक जलस्तर 113 तक पहुंच गया। यह खतरे के निशान के करीब है। गंगा के विकराल रूप धारण करने से क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति बन गई है। इससे हजारों बीघे फसल नष्ट हो गई है। कई गांवों में पानी भर गया है। लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रभावित गांवों में मानाबांग्ला, ललतूपुरवा, महानंदा पुरवा, टपरा, अतरी, बहरौला, पनपथा, जुड़ापुरवा, बाबूबंगला और वंदनपुरवा शामिल हैं। मरौंदा से पनपथा जाने वाले मार्ग पर पानी भर जाने से लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। लेखपाल प्रदीप कुमार के अनुसार, बाढ़ राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी नावें तैनात कर दी गई हैं। स्थानीय लोगों ने ऊंचे स्थानों और बाढ़ राहत शिविरों में शरण ली है।

### पिकअप बाइक की भिड़ंत में मां-बेटी व भतीजे की मौत



**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे बहेड़ा ओवरब्रिज के ऊपर बाइक सवार चालक पिकप वाहन में पीछे से जा घुसा। बाइक पर सवार एक बच्चा सहित तीन लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। अजीतमल थाना क्षेत्र के ग्राम अमावता निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फलाईलोन फोटोग्राफी का 24 बर्षीय बेटा कपिल सिंह रविवार की सुबह गांव से बाइक पर सवार होकर अपनी 45 बर्षीय चाची सोनी देवी पत्नी हरिश्चंद्र, अपर्णा उम्र 5 वर्ष बेटू उर्फबाबू उम्र करीब 3 वर्ष के साथ गांव से इटावा दवा लेने गए थे इटावा से दवा लेने के बाद सोनी देवी अपने मायके बिजौली में कुछ देर के लिए रुक गई वहां उनकी बड़ी बेटी नंदिनी उम्र करीब 8 वर्ष पहले से ननिहाल में थी। वहीं अपर्णा भी अपनी नानी के पास रुक गई और वह गांव बिजौली से बाइक पर बैठाकर अपनी चाची और चचेरी बहिन को लेकर गांव जा रहा था जैसे ही वह कानपुर आगरा नेशनल हाइवे दोपहर बारह बजे बहेड़ा ओवर ब्रिज के पास पहुँचा कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कपिल ,सोनी देवी एवं बेटू उर्फबाबू की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस एंबुलेंस द्वारा तीनों को सी एच सी महेवा लाई जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर गांव से परिजन महेवा पहुंचे तीनों के शव देखकर परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। कहा जाता है कि जब किसी का समय नहीं होता तो ईश्वर बुद्धि भी वैसी ही कर देता है यही वाकया नन्हीं से बीती अपर्णा के साथ घटित हुआ जहां सोनी देवी इटावा से वापस आते समय मायके बिजौली से नंदिनी को साथ ले जाने के लिए गई नंदिनी तो आई ही नहीं जिद करके अपर्णा भी ननिहाल में रुक गई यानी उन दोनों बेटियों की मौत नहीं थी। इस प्रकार दोनों बेटियां मायके बिजौली में छोड़कर भतीजे कपिल के साथ छोटी बेटी बाबू को लेकर गांव के लिए चल दी तथा रास्ते में दुर्घटना होने से काल के गाल में समा गई।

# गांधीवादी सिद्धांतों को जीवंत करने का आंदोलन है गांधी सप्ताहः गोप

- पोस्टर जारी करते हुए गांधी जयंती सप्ताह के कार्यक्रमों की हुई घोषणा
- पहली अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक गांधीमय से गुलज़ार रहेगा बाराबंकी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट, महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक संगठन है। गांधी ट्रस्ट 1978 से महात्मा गांधी के जन्मदिवस और उनकी पुण्यतिथि पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके समाज में शांति, एकता और सांप्रदायिक सौहार्द के भाव से आमजन को प्रेरित करता हैं। गांधी जयंती सप्ताह केवल एक स्मारक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हमारे समाज में गांधीवादी सिद्धांतों को फिर से जीवंत करने के उद्देश्य से एक आंदोलन है। यह बात रविवार को गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित गांधी जयंती सप्ताह के कार्यक्रमों की तैयारी बैठक की अध्यक्षता कर रहे गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। इस मौके पर श्री गोप ने गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के संयोजक राजनाथ शर्मा और अध्यक्ष मो उमेर किदवई के साथ मिलकर एक पोस्टर जारी करते हुए कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम



संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि बाराबंकी। 1978 से निरंतर आयोजित होने वाले गांधी जयन्ती सप्ताह की शुरूआत 01 अक्टूबर से देवा रोड स्थित गांधी भवन में होगी। जिसका समापन 07 अक्टूबर को में किया जाएगा। सात दिवसीय गांधी जयन्ती सप्ताह में प्रत्येक दिन विविध समसामायिक कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष मो उमैर किदवई ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपिता की जयंती के उपलक्ष्य में 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर को एक सप्ताह तक चलने वाला उत्सव पुनः मनाया जाएगा। इस सप्ताह में कई गतिविधियाँ होंगी, जिनमें सामाजिक सहभागिता सम्मान, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा, कौमी एकता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द विषयक पर सेमिनार, गांधी भजन, बच्चों की प्रतियोगिताएं, हॉकी टूर्नामेंट, पर्यावरण और जन जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम शामिल है, जो सभी समुदाय को सार्थक संवाद और कार्रवाई में शामिल करने के लिए पहल हैं। सह-संयोजक सलाउद्दीन किदवई ने कहा कि गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट आपको अपने साथ जोड़ने और महात्मा गांधी के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम के सह-संयोजक नवीन तिवारी, पूर्व विधायक सरवर अली खान, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अशोक शुक्ला, अर्ताउरहमान सज्जन, मो. अहमद शहंशाह, रणंजय शर्मा, ज्ञान सिंह यादव, सत्यवान वर्मा, विनोद भारती, हुमायूं नईम खान, राजा सिंह, तौकीर कर्रार, हशमत अली गुड्डू, नसीम खान, विजय सिंह मृन्ना, पाटेश्वरी प्रसाद, नीरज दूबे आदि लोग मौजूद रहे।

## दो घरों में हजारों की चोरी, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर बहुताधाम गेट के निकट स्थित दो घरों में बीती रात हुई चोरी में चोर हजारों की नगदी सहित लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात लेकर चंपत हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार गेट के निकट कबूलपुर गांव में सड़क के किनारे खेतों में मुख्यमंत्री आवास में रहने वाले रामनरेश राजपूत का परिवार एवं उनके घर आई साली और सास शनिवार की रात खाना खाने पीने के बाद बरामदे में पड़े तख्तों पर लगे बिस्तरों पर सो गए । सुबह 5:30 उठने पर कमरे का दरवाजा खुला मिला और बक्शो का सामान अस्त-व्यस्त मिला। पीड़ित ने बताया की चोर



लगभग रु.8000 की नगदी के अलावा उनकी पत्नी साली और सास की लगभग ढाई लाख रुपए कीमत के जेवर चुरा ले गए।

इस घटना को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद चोरों ने बहुता गेट के निकट मोती का पुरवा गांव में सड़क के किनारे ही स्थित सुशील कुमार पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण शुक्ला के घर में धावा बोला यहां पर चोर पिछवाड़े से खिड़की के सहारे दीवार फांदकर घर में घुसे और कमरे का दरवाजा खोलकर बक्सों में रखें लगभग रु.5000 के अलावा सोने चांदी के हजारो रुपए कीमत के जेवर चुराने के बाद घर के मुख्य दरवाजे को खोलकर फरार हो गए। पीड़ित शुशील कुमार की मां ने बताया कि रात्रि लगभग 1:00 बजे दरवाजे पर बंधी उनकी बछिया खुले दरवाजे से अंदर आ गई और आवाज करने लगी। जिससे नींद खुल गई तब चोरी का पता चल सका। पीड़ितों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा छानबीन की गई। पीड़ित रामनरेश ने बताया इस दौरान पुलिस द्वारा उनके घर के निकट हंसराज रावत के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा की रिकॉर्डिंग भी देखी गई जिसमें रात्रि लगभग 12:00 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति के अलावा रात्रि लगभग 1:00 बजे के करीब तीन अन्य संदिग्ध व्यक्ति कैमरे की रिकॉर्डिंग में कैद हुए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को अपने साथ ले गई है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** दहेज के लोभियो ने एक महिला से चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने को लेकर मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़ित ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुए उक्त आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरती देवी पत्नी मनीष कुमार पुत्री रामकुमार ग्राम खालिकपुरवा मचौची थाना जैदपुर ने शिकायत करते हुए जैदपुर थाने में बताया कि उसकी शादी 5 वर्ष पूर्व मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम नये पुरवा आदमपुर थाना कोठी के साथ हुयी थी। पति मनीष कुमार व सास मिथलेश कुमारी पत्नी राजेश कुमार व ससुर राजेश कुमार पुत्र स्व देवकली प्रसाद व ददिया सास दुर्गी पत्नी स्व देवकली प्रसाद दहेज में चार पहिया वाहन की मांग करके गालियां देने लगे तथा मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी देते रहे।जिसे ससुराली लोगों ने मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में भगा दिया जेवर भी ले लिया था।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गए सपा नेता स्व राधेश्याम वर्मा




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जनता की भलाई के लिए आवाज बुलंद करने वालों को जमाना हमेशा याद रखता है आज हम सब स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा जी को यहां एकत्रित होकर याद कर रहे हैं तो यह उनके कार्य संघर्षों की ही देन है क्योंकि यह दुनिया उन्हें ही याद रखती जिन्होंने देश समाज और आम जनमानस के हक अधिकारों को दिलाने के लिए संघर्ष किया हो।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने खाटी समाजवादी विधानसभा दरियाबाद के पूर्व विधायक स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा की 15वीं पुण्यतिथि पर पूर्व प्रमुख संतोष वर्मा द्वारा सफदरगंज स्थित आर.पी.बी.पी. मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के उपरांत उपस्थित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आगे कहा कि स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा जी ने जीवन भर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया हर परिस्थिति में संगठन की मजबूती और जनता की भलाई के लिए संघर्ष करते हुए जीवन व्यतीत कर दिया उनके कार्यों विचारों संघर्ष सदैव हमेशा प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश और प्रदेश की जनता की भलाई के लिए इस जालिम जुल्मी सरकार के खिलाफ डट कर खड़े हैं और हर जुल्म के खिलाफ लड़ते हुए प्रदेश की जनता को सुख समृद्धि पर लाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा ने समाज की भलाई के लिए हमेशा तन मन धन से मदद की है उनके कार्य और विचार सदैव हम लोगों को उत्साहित करते हैं।

सदर विधायक धर्मराज सिंह को सुरेश यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राम मगन रावत, रतनलाल राव, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व प्रमुख संतोष वर्मा, धीरेंद्र वर्मा विनोद यादव जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, राजेंद्र वर्मा पप्पू, डॉक्टर अलीम, बाल गोविंद वर्मा, मोहित यादव, विनय पांडे मास्टर प्रेम नारायण वर्मा लाल सिंह पूर्व प्रमुख यासिर अराफ़ात किदवाई सावन यादव मोहम्मद ताज ज्ञानचंद वर्मा प्रेम नारायण मिश्रा राजेंद्र प्रसाद वर्मा राजेश वर्मा राजबहादुर यादव अमरेंद्र यादव अमरेंद्र सिंह आदि प्रमुख पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य और प्रबुद्ध जनों ने स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## टीईटी की अनिवार्यता को हटाए जाने संबंधी ज्ञापन तनुज पुनिया को सौंपा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

एनसीटीई के नोटिफिकेशन दिनांक 23 अगस्त 2010 पैरा (4 एवं 5) तथा दिनांक 12 नवंबर 2014 (पैरा 4B) को आरटीई अधिनियम की धारा 23(2) में 23 अगस्त 2010 से प्रतिस्थापित करने एवं 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा संरक्षित करने हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में जनपद बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम व नियमावली में 23 अगस्त 2010 के बाद की नियुक्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया था, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में निर्धारित



समयावधि से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा हेतु 2 वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है । एनसीटीई द्वारा टीईटी को पात्रता परीक्षा का दर्जा दिया गया था सर्वोच्च न्यायालय ने उसको कांस्टीट्यूशनल राइट यानि संवैधानिक अधिकार मान लिया है । मुख्य मुद्दा पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता का था परंतु यह तो सेवा में अनिवार्यता का मुद्दा बन गया है। पहले ही बड़ी संख्या में शिक्षक पुरानी पेंशन से वंचित रह गए हैं और अब इस आदेश से नौकरी कर रहे शिक्षकों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। लंबे समय से कार्यरत शिक्षक पहले ही अपनी सेवाओं से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं, ऐसे में उनके लिए नए मानदंड लागू करना न तो न्यायोचित है और न ही व्यावहारिक। जिला महामंत्री नीरज वर्मा ने अनुरोध किया कि 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त सभी शिक्षक तथा 23 अगस्त 2010 के पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों से चयनित शिक्षक की सेवा बिना टीईटी के ही मान्य एवं सुरक्षित रखी जाए केवल पदोन्नति के स्तर पर टी ई टी की शर्त लागू की जाए इससे शिक्षकों की सेवा , सुरक्षा, शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता तथा न्यायिक स्पष्टता सुनिश्चित होगी। सांसद तनुज पुनिया ने सभी पदाधिकारियों को समाधान हेतु माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित पत्र शीघ्र अतिशीघ्र प्रेषित करने को आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अफजाल अहमद, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर शिवा जी मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर लोकेश शुक्ला, अरुण वर्मा सहित कई शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा जिलाध्यक्ष ने बांगरमऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

**उन्नाव।** सपा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने विधानसभा क्षेत्र बांगरमऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायज़ा लिया। इस दौरान स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हुए पीड़ित परिवारों को यथासंभव राहत सामग्री वितरित की और लोगों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया एवं साथ ही सपा नेता रईस अहमद ने भी स्थानीय लोगों को यथासंभव राहत सामग्री वितरित की। बांगरमऊ विधानसभा के कटरी क्षेत्र में गंगानदी के उफान से स्थानीय निवासियों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। पानी का बहाव तेज होने से अनेक गाँव पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। ग्रामीण अपने घरों के भीतर पानी भर जाने के कारण छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं। पशुओं के चारे की भी भारी कमी हो गई है और पीने के पानी की समस्या भी गंभीर रूप से सामने आई है। श्री यादव ने जनपद के उच्चाधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने, बीमारी से बचाव हेतु दवाओं के छिड़काव, पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं किसानों की फसलों के हुए नुकसान की भरपाई हेतु उन्हें उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की माँग की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हाजी सैय्यद इरफान, शिवशंकर गौतम, जिला सचिव रामबहादुर यादव, जिला सचिव लवकुश यादव, प्रिंस यादव, महिला सभा ज़िलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा, फ़ारूख़ ख़ान आदि लोग मौजूद रहे।

## फिर बढ़ा जलस्तर, नाव से आवागमन को मजबूर ग्रामीण

- खानाबदोश जीवन व्यतीत कर रहे लोग, सड़को पर बांधे मवेशी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

बीघापुर तहसील क्षेत्र के गंगा कटरी के इलाके में गंगा का जलस्तर बढ़ने से एक बार फिर लोगों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है। लोग नाव से आवागवन करने को मजबूर है। जानवरों को मुख्य सड़कों पर बांधकर चारा पानी की व्यवस्था की जा रही है। तहसील क्षेत्र के गंगा व पांडु नदी के बीच बसी लालखेड़ा व दूलीखेड़ा ग्रामसभा के मजरो में गंगा का जलस्तर बढ़ने से फिर समस्याएं बढ़ने लगी है। लोग फिर से दूलीखेड़ा शिवराजपुर मार्ग पर डेरा डालने लगे हैं। ग्राम प्रधान



श्रीकृष्ण यादव ने बताया कि पानी कम हो जाने से राहत मिलने लगी थी लेकिन फिर जलस्तर बढ़ने से लोग सड़क के किनारे खुले आसमान के नीचे रहने पहुंच गए हैं। नाव से ही लोग घर से आवागमन कर रहे है। रोहित निषाद, वीरेंद्र यादव, आकाश यादव ने बताया कि इस वर्ष तहसील प्रशासन की लापरवाही से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जयराजमऊ के मजरे पसनियाखेड़ा सीतारामखेड़ा में स्थिति खराब बनी हुई है लोगों का आवागमन पूरी तरह ठप है तहसील प्रशासन द्वारा किए जा रहे दावे लोगों के गले नहीं उतर रहे। गढ़ेवा में लोगों ने गांव के किनारे बंधा लगाकर गांव की तरफ पानी आने से रोकने का प्रयास किया है लेकिन यदि गंगा का जलस्तर बढ़ा तो गांव के किनारे पानी फिर से पहुंच जाएगा। गढ़ेवा निवासी उमाशंकर यादव प्रदीप शुक्ला सोनू सैनी सुधीर सिंह चौहान अन्नू सिंह ने बताया कि जलस्तर फिर बढ़ने से धान के फसल पर भी संकट के बादल मंडराने लगे है ज्यादा समय तक धान की फसल पानी में डूबी रही तो धान की फसल खराब होने लगेगी। एसडीएम रणवीर सिंह ने कहा कि तहसील क्षेत्र में बनाए गए 6 बाढ़ राहत केंद्र के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है किसी को कोई समस्या नहीं होने पाएगी।

### नवनिर्मित इण्टरलाकिंग मार्गों का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने नगर अलग-अलग वार्डो में नवनिर्मित इण्टरलाकिंग मार्गो का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर नगरवासियों ने अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मिश्रा एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि भानू मिश्रा ने नगर के वार्ड संख्या-24 गाँधीनगर में जगन्नाथ के मकान से आदित्य वर्मा के मकान तक निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का क्षेत्रीय सभासद दीपक दीक्षित मोनू के साथ लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इसी क्रम में वार्ड सँख्या-12 शिवनगर में राजकिशोर द्विवेदी के मकान से दीपक सिंह के मकान तक निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का स्थानीय सभासद गुड़िया सिंह के साथ लोकार्पण कर सम्मानित क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका अध्यक्षा व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। नगरपालिका अध्यक्षा ने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि यह कार्य आप सभी नागरिकों के सहयोग और आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। इस दौरान सत्यपाल सिंह फौजी, राजन सोनी, कल्लू वर्मा, रवि शाहू, घनश्याम त्रिपाठी, किरन अवस्थी, सोनी सिंह, योगेश सविता, रामसुमेर गौतम, गोपाल गुप्ता, किशन गौतम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सीएम योगी को ही आउटसोर्स करने की अब है ज़रूरतः अखिलेश

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है।

अपने पैतृक गांव सैफई में सपा समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आप चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी ओर की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। उन्होंने कहा कि जब



भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है।

## अल्पसंख्यक सभा के हनी वारसी बने कोषाध्यक्ष

**इटावा।** समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक इकाई ने एक अहम संगठनात्मक निर्णय लेते हुए हसनैन वारसी उर्फहनी को जिलाकोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। यह नियुक्ति समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील द्वारा की गई। फरहान शकील ने दरगाह वारसी कटरा साहब खां में हसनैन वारसी को पार्टी के जिलाकोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत करते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। इस नियुक्ति को पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय के बीच एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। फरहान शकील ने इस नियुक्ति की जानकारी देते हुए कहा कि हसनैन वारसी के अनुभव और क्षमता



पर पूरा विश्वास है और उम्मीद है कि वह पार्टी के वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलतापूर्वक करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय पार्टी को मजबूत करने और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच और अधिक सक्रियता से कार्य करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौक़े पर इमरान बैग, दिलशाद कुरैशी आदि लोगों ने हनी वारसी को बधाई दी।

# अनुभवहीन चिकित्सकों ने ले ली एक और प्रसूता की जान

**आर आर हॉस्पिटल में डॉक्टरों की लापरवाही के बाद परिजनों का हंगामा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





क्षेत्र में स्थित आरआर हॉस्पिटल में अनुभवहीन डॉक्टरों की कथित लापरवाही के कारण 25 वर्षीय प्रसूता करिश्मा की मौत हो गई और डॉक्टर तथा स्टाफ को अस्पताल में ताला लगाकर फरार होता देख परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पालमपुर निवासी करिश्मा पत्नी सुनील जाटव को शुक्रवार शाम 8 बजे डिलीवरी के लिए क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड़ स्थित आरआर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने प्रसूता का ऑपरेशन कर डिलीवरी कराई, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और समय पर उचित इलाज नहीं किया, जिससे उसकी जान चली गई, हालांकि बच्चा सुरक्षित है। घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ सीसीटीवी डिवाइस निकाल तथा अस्पताल में ताला डालकर फरार हो गए, जिससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। यह घटना पहली बार नहीं है। इससे पहले भी अनुभवहीन चिकित्सकों की लापरवाही से कई प्रसूताओं की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। उसके बाद अस्पतालों को बंद करा दिया जाता है, लेकिन अस्पताल संचालक उसे दोबारा से शुरू कर लेते हैं। इस घटना ने एक बार फिर निजी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और जवाबदेही पर सवाल खड़े किए हैं। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ महेंद्र बान, डिप्टी सीएमओ अमिता पटेरिया, क्षेत्राधिकारी सुरेश मलिक, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर व कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती, तो करिश्मा की जान बचाई जा सकती थी। अस्पताल में हुई इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है।

# जनसेवा ही राजनीति का मूल उद्देश्य : अर्चना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में उपचुनाव में विजयी भाजपा सभासद पंकज दुबे ने एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने पंकज दुबे को बधाई देते हुए कहा कि राजनीति का असली मकसद जनसेवा है, न कि केवल पद प्राप्त करना।

उन्होंने कहा कि शपथ जनता के प्रति जवाबदेही और दायित्व का बोध कराती है। पंकज दुबे को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की प्रेरणा दी। नगर पालिका के ईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि छिबरामऊ की 60 हजार की आबादी के लिए स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और आत्मनिर्भरता नगर पालिका के चार प्रमुख दायित्व हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के लिए 200 सफाई कर्मी निरंतर कार्यरत हैं, लेकिन इसके लिए जन सहयोग भी अनिवार्य है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

कार्यक्रम में जेई रविराज कौशल, आलोक गुप्ता टिल्लू, सभासद हिमांक त्रिपाठी, रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, नरेंद्र कुमार शर्मा, किशन लाल बाल्मीकि, चंदन सिंह, प्रदीप चौहान, दिलीप गुप्ता, आनंद गुप्ता, टिंकू दीक्षित, संध्या त्रिपाठी, सुमन पाराशर, शिवदेवी चौहान, प्रशांतानंद चंदन, राकेश मिश्रा, विवेक दुबे, अनुराग त्रिपाठी, श्यामू चौहान, संजय वर्मा, प्रदीप कश्यप, अमरदीप सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बालाजी मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन, उमड़े श्रद्धालु



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** सौरिख ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा बैगबां के मजरा देवपुर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में शनिवार रात्रि भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का संयोजन बालाजी मंदिर सेवा समिति की टीम द्वारा किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर इटावा से आई विशेष टीम द्वारा मंदिर प्रांगण में सुन्दरकाण्ड पाठ करवाया गया। भक्ति रस से सराबोर इस संगीतमय कार्यक्रम में सुंदर गायकों ने बजरंगबली के भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वनाथ शुक्ला, धीरज अग्निहोत्री, भुवनेश दुबे, विनोद दुबे, उदित दुबे, दीपू दुबे, रजनेश दुबे, सचिन दुबे, नवनीत अग्निहोत्री, अबधेश दुबे, संतोष दुबे, सुमित दुबे, पवन दुबे, पप्पू दुबे व सुनील दुबे सहित अनेक सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### अवैध फिजियोथेरेपी अस्पताल पर छापे के बाद संचालक पर मुकदमा दर्ज



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर के संत गेस्ट हाउस में अवैध रूप से फिजियोथेरेपी के नाम पर चल रहे अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। छापेमारी के दौरान दवाइयां और मशीनें जब्त की गई, साथ ही संचालक कामरान अहमद के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ राहुल मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गेस्ट हाउस में छापा मारा। जांच में पाया गया कि जनपद कासगंज के अमापुर मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी अस्पताल संचालक कामरान पुत्र नफीस अहमद के पास फिजियोथेरेपी में डिप्लोमा और बैचलर्स का प्रमाण पत्र तो था, लेकिन चिकित्सीय कार्य के लिए कोई वैध डिग्री या लाइसेंस नहीं था। इसके चलते उन्हें झोलाछाप डॉक्टर मानते हुए कानूनी कार्रवाई की गई। कामरान को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन उनके जवाब को अपर्याप्त पाया गया। छापेमारी में डॉ. अजय पाल, डॉ. प्रताप दीक्षित और डाटा ऑपरेटर की टीम ने गेस्ट हाउस से दवाइयां और मशीनें जब्त कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाई थी। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना की है, क्योंकि झोलाछाप डॉक्टरों के कारण मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा था।

### जनपद में दूसरे दिन 4430 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पीईटी परीक्षा



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। दो दिवसीय परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिये जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने छत्रसाल इंटर कॉलेज जालौन, जालौन बालिका इंटर कॉलेज, श्री बेनी माधव तिवारी इंटर कॉलेज आटा तथा ब्रज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पारदर्शिता और अनुशासन की स्थिति से संतोष जताया।जिलाधिकारी ने कहा कि नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित परीक्षा आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, और इसमें सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों का बेहतर समन्वय देखने को मिला। जनपद में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षा शांति एवं सुचारु रूप से हुई। प्रथम पाली में औसतन 6,672 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4,407 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 2,265 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4,507 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई और 2,165 अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा का अंतिम दिन भी पूरी तरह शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दलित-पिछड़ों को वोट के लिए इस्तेमाल, नेतृत्व में मौका नहीं : राजभर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**ओपी राजभर का सपा पर हमला**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर दलितों, अति पिछड़ों और मुसलमानों के शोषण का आरोप लगाया। लखनऊ से एटा जाते समय कन्नौज के छिबरामऊ में अपने कानपुर मंडल प्रतिनिधि सुरजीत फौजी के घर रुककर उन्होंने पत्रकारों से बात की।

राजभर ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दलितों, अति पिछड़ों और मुसलमानों को डराकर वोट तो लेती है, लेकिन इन समुदायों को नेतृत्व का अवसर नहीं देती। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा में केवल एक जाति का वर्चस्व है, जबकि वोट बंजारा, पाल, पासी, मुसलमान जैसी कई जातियां देती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सपा इनमें से किसी को मुख्यमंत्री नहीं बना सकती, तो कम से कम उपमुख्यमंत्री तो बना दिया होता। राजभर ने कहा कि उनकी पार्टी इन वंचित जातियों की आवाज उठा रही है, जिनके प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 30 हजार से 1 लाख तक वोट हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन समुदायों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और नेतृत्व के अवसर जरूरी हैं। जीएसटी में कमी के सवाल पर राजभर ने कहा कि सरकार का यह फैसला देश के 140 करोड़ लोगों को राहत देगा और सभी वर्गों को लाभ होगा। उन्होंने अपनी पार्टी के मिशन को दोहराते हुए कहा कि वह समाज के हर वर्ग के विकास और सम्मान के लिए काम करते रहेंगे।

इस दौरान सुरजीत फौजी, अखिलेश राजपूत, आयुष राजपूत, कल्लू नायक, जल सिंह नायक, नरेश नायक, मोतीलाल नायक, नरेंद्र सिंह बाथम व भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष सत्यम गुप्ता आदि ने माल्यार्पण करके ओमप्रकाश राजभर का जोरदार स्वागत किया।

## गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ

**डीजे व बैंड बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए विदा किए विघ्नहर्ता**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी के तत्वावधान में 27 अगस्त से प्रारंभ श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपूर्ण हुआ। शनिवार को हवन पूजन के साथ विघ्नहर्ता को नम आंखों के साथ विदा किया गया। विशाल विसर्जन यात्रा इंदिरा आवास कॉलोनी से चलकर फर्रुखाबाद चौराहे से पश्चिमी बाईपास मुख्य बाजार होती हुई मां कालका देवी मंदिर से आगे ककरारी तालाब पहुंची। सभी भक्तों की आंखें नम थी वह गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगा रहे थे। अबीर गुलाल उड़ाते हुए गाते बजाते झूमते हुए ककरारी तालाब पहुंचे। वहां पर आरती व पूजन के बाद भगवान श्री गणेश जी को भू विसर्जित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक सर्वेश कुमार तिवारी व समिति के सभी सदस्य प्रशांत त्रिपाठी, हिरदेश अग्रवाल, राजू गुप्ता, पवन गुप्ता, पंकज मिश्रा, रजनी सक्सेना, अनामिका तिवारी, मीना मिश्रा, गीता कश्यप, अनामिका अग्रवाल, यशिका रानी, राजेश कश्यप, सूरज, हरिओम मिश्रा, स्पर्श तिवारी, यश तिवारी, लालू, अजय, नानू, मनू गुप्ता, सुनीता, सोनल, तनु, सुमन, शैलेश, मिथिलेश शर्मा, आरती, पूजा, प्रगति, विनीता, कनक, काजल आदि मौजूद रहे।

# फूड प्वाइजनिंग से भट्ठा मजदूर के बच्चे की मौत, चार गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में सौरिख रोड पर खोजीपुर गांव के एक ईंट भट्टे पर बिहार से आए मजदूर परिवार के पांच बच्चों की फूड प्वाइजनिंग से हालत बिगड़ गई। इस घटना में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बच्चों को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

बिहार के गया जिले के नवादिया गांव के निवासी राजेश अपनी पत्नी रीना और पांच बच्चों के साथ दो महीने पहले खोजीपुर के ईंट भट्टा पर मजदूरी के लिए आए थे। रीना ने बताया कि शुक्रवार रात दाल-चावल खाने के बाद सभी सो गए। सुबह बच्चों को उल्टी और दस्त शुरू हो गए। राजेश बच्चों को सौ शैया अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उनके छह वर्षीय बेटे आकाश की मौत हो गई। सदमे में राजेश बच्चे के शव को भट्टे पर ले गए और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इस बीच उनकी 12 वर्षीय काजल, 8 वर्षीय पूजा 9 वर्षीय बलवीर और 3 वर्षीय अजय की हालत बिगड़ने पर भट्ठा मैनेजर ने उन्हें दोपहर 12-15 बजे सौ शैया अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया। हालांकि एम्बुलेंस की कमी के कारण दो बच्चों को देर शाम तक तिर्वा नहीं भेजा जा सका। चेस्ट फिजीशियन डॉ. संतोष मिश्रा ने बताया कि दूषित भोजन या पानी के सेवन से बच्चों की हालत बिगड़ी है। बाल रोग विशेषज्ञ न होने के कारण उन्हें रेफर किया गया।

# सीट आरक्षण वेब ऐप से सुरक्षित और समयबद्ध होगी यात्रा

**बीबीए के छात्र कर्तव्य त्रिपाठी का नवाचार**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के 17 वर्षीय बीबीए के छात्र कर्तव्य त्रिपाठी अर्पण ने एक अनूठा वेबऐप विकसित किया है, जो ट्रेन और स्थानीय वाहनों के बीच सामंजस्य स्थापित कर यात्रियों को सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा का अवसर प्रदान करेगा।

इस वेबऐप के माध्यम से यात्री ट्रेन के समय के अनुसार टैक्सी, बस या ऑटो में अपनी सीट ऑनलाइन बुक कर सकते हैं, जिसकी सूचना उन्हें एसएमएस और ईमेल के जरिए मिलेगी। इससे यात्रियों को घंटों पहले स्टेशन पहुंचने या डग्गामार वाहनों के इंतजार की जरूरत नहीं पड़ेगी। रोजाना हजारों लोग छिबरामऊ से गुरसहायगंज ट्रेन से सफर करते हैं, लेकिन स्थानीय वाहनों की अनियमितता के कारण अक्सर ट्रेन छूट जाती है। ट्रेन का किराया रोडवेज बसों से सस्ता होने के बावजूद, समय की कमी और वाहनों की अनिश्चितता से यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कर्तव्य ने बताया कि वह बीबीए की पढ़ाई कर रहे हैं।

अपने व्यक्तिगत अनुभवों से प्रेरित होकर यह वेबऐप बनाया। उन्होंने बताया कि कानपुर से लौटते समय रोडवेज बस न मिलने पर असुरक्षित वाहनों का सहारा लेना पड़ता था। वेबऐप का पायलट प्रोजेक्ट छिबरामऊ-गुरसहायगंज मार्ग पर शुरू किया गया है, जिसमें केवल परिवहन विभाग के मानकों को पूरा करने वाले वाहनों को पंजीकृत किया जा रहा है। भविष्य में दिल्ली, आगरा, जयपुर, गुड़गांव, फर्रुखाबाद, बिधूना और मैनपुरी जैसे मार्गों को जोड़ा जाएगा। सीट बुकिंग के लिए (कैब डॉट उड़ान ऑनलाइन डॉट इन) वेबसाइट शुरू की गई है, जिसमें सरकारी किराया दरें लागू हैं। जल्द ही इसे ज़रूरत ऐप से एकीकृत किया जाएगा। इस पहल से यात्रियों को समय, सुरक्षा और सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर एमसीएमआर ग्रुप संचालक गौरव त्रिपाठी, शानू राठौर, विकास यादव, सतेंद्र राठौर, गुड्डू, शरद मौजूद रहे।

# डकैती की साजिश नाकाम, पुलिस ने आठ शातिर बदमाशों को दबोचा

**कब्जे से भारी मात्रा में असलहे व उपकरण बरामद**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



खुलासा करते एसपी विनोद कुमार व मौजूद गिरफ्तार अभियुक्तगण

अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 08 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलहे, कारतूस, डकैती का उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद की।

थाना ठठिया प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक हसीब अहमद, उपनिरीक्षक राकेश कुमार पटेल, श्यामपाल सिंह, भूपसिंह, विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान सरसोन पूर्वा मोड़, चौकी क्षेत्र खानपुर में राहुल (21) पुत्र कमलेश गिहार, रितिक उर्फ कालिया (22) पुत्र महेश, गौरव (22) पुत्र राम औतार गिहार, देव (19) पुत्र बत्ती सिंह गिहार, करन पुत्र (26) नरेश चन्द्र गिहार, राजू (19) पुत्र धर्मवीर गिहार, भोला उर्फ अतुल (19) पुत्र धर्मेन्द्र गिहार, मोनू उर्फ चमट्टा (21) पुत्र महेश उर्फ खेमराज गिहार निवासीगण थाना करहल, मैनपुरी को गिरफ्तार किया।

ये सभी व्यक्ति कच्ची सड़क पर एकत्र होकर डकैती की योजना बना रहे थे। तलाशी के दौरान उनके पास से देशी बंदूक, तमंचे, जिन्दा कारतूस, हथौड़ी, आरी, छेनी, सील व एक होंडा साइन मोटरसाइकिल (UP84AL 8650) बरामद हुई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अपराधिक इतिहास के हैं अपराधी

**कन्नौज।** एसपी विनोद कुमार ने बताया कि डकैती की योजना बनाने बाले 8 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी अभियुक्त पहले भी लूट, चोरी, और डकैती की वारदातों में शामिल रह चुके हैं। विभिन्न जनपदों में अभियुक्तों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज है। इसके कब्जे से डकैती में उपयोग होने बाले हथौड़ी, छेनी आदि उपकरण बरामद किए गए है।

### अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास

**कन्नौज।** गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में लूट, चोरी, अवैध हथियार, एनडीपीएस एक्ट, पाक्सो एक्ट, व एक्साइज एक्ट के अंतर्गत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से राहुल, रितिक, गौरव, देव व करन के विरुद्ध दर्जनों मामलों का अपराधिक इतिहास है।

## हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़ने से कालपी में जल स्तर खतरे के निशान को कर सकता है पार



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** यमुना का जलस्तर रविवार दोपहर भले ही 107.43 मीटर पर ठहर गया हो पर इसके अभी कम होने के आसार नही है। रात तक हथिनी कुण्ड बैराज का पानी आने की आशंका है अगर ऐसा हुआ तो नदी खतरे का निशान पार कर सकती है। इस वर्ष यमुना तलहटी क्षेत्र के निवासियों के लिए मुसीबत बन गयी है आलम यह है कि एक माह के अन्तराल में नदी का जलस्तर तीसरी बार बढ़ा है जिसकी वजह से महज आवागमन ही प्रभावित नही होता है बल्कि किसानो की 3 हजार हैक्टेयर खरीफकी फसलें नष्ट हो चुकी है और अब सितम्बर माह भी नदी के जलस्तर के बढ़ने का सिलसिला जारी है जिससे नदी की परिधि में आई जमीन की बुवाई भी देरी से होने की सम्भावना बन गयी है। मालूम हो कि नदी का जलस्तर 28 जुलाई से बढ़ना शुरू हुआ था और 2 अगस्त को 112 मीटर पार कर गया था जिसमें क्षेत्र में भारी परेशानी और किसानों की क्षति हुई थी हालाकि कम होने पर लोगों ने राहत की सांस ली थी लेकिन महज दो सप्ताह बाद यमुना ने अपना रूप दिखाया था और महज दो दिनों में 109 मीटर तक पहुंच गई थी हालाकि लोगों को अधिक परेशानी नही हुई थी लेकिन सितम्बर माह की शुरुआत मे नदी का जलस्तर फ़िर से बढ़ना शुरू हो गया था और रविवार को आकँडा 107.43 दर्ज हुआ है। केन्द्रीय जल आयोग के प्रभारी रूपेश कुमार के अनुसार दोपहर में नदी का जलस्तर स्थिर हो गया है लेकिन अभी इसके कम होने के आसार नही है क्योंकि हथिनी कुण्ड बैराज से छोड़े गये पानी ने इटावा में दस्तक दे दी है अगर यहां पानी शीघ्र नही निकला तो जलस्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के मुताबिक यमुना अभी वढ़त में है लेकिन चिन्ता की बात नही है क्योंकि जलस्तर ज्यादा बढ़ने के आसार नही है फ़िर भी लोगों से नदी की धारा से दूर रहने की अपील की जा रही है।

# भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम रही भव्य कलशयात्रा



**श्रीराम कथा महा महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग का आयोजन शुरू**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित भव्य कलश यात्रा ने धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया। यह यात्रा सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालिकादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई और नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई विशुनगढ़ रोड के रास्ते श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। वहां विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई। इस यात्रा में 751 महिलाएं लाल चुनरी में सजी-धजी, सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव के साथ चल रही थीं, जिसने पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

कलश यात्रा के साथ श्री गोविंद सत् साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल के संयोजन में नौ दिवसीय श्रीरामकथा महा महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग का आयोजन भी शुरू हो गया। कलशयात्रा के दौरान भक्ति गीतों और भजनों की स्वर लहरियों ने माहौल को और भी रसमय बना दिया। युवा भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे। विशेष रूप से हनुमान स्वरूप में सजे सुशील पांडेय एडवोकेट की प्रस्तुति, खासकर "छम छम नाचे वीर हनुमाना" गीत पर उनकी अनुपम छटा, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। इसके अलावा, बनवासी राम की जीवंत झांकी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कलश यात्रा में नगर पालिका के अध्यक्ष मनोज दुबे सिर पर कलश लिए चल रहे थे, जबकि उनकी पत्नी नीरू दुबे राधा रानी का कलश लेकर भक्ति में लीन थीं। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पुराने सौरिख बस स्टॉप के पास श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा करके शोभा यात्रा का स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर पंडाल सजाए गए, जहां शीतल पेयजल, फल, मिठाई और मीठी लस्सी का इंतजाम किया गया। भीषण गर्मी में पसीने से तर-बतर होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

7 से 16 सितंबर तक श्री राम कथा महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग के 9 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में श्रीधाम वृंदावन से पधारे संत श्री प्रहलाद जी महाराज कथा व्यास हैं जबकि ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत स्वरूप दास जी महाराज एवं किशन जी महाराज संगीतमय प्रवचन का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर 1-30 से सांय 6 बजे तक संगीतमय श्री राम कथा एवं प्रवचन होंगे जबकि प्रातः कालीन बेला में सुबह 5 से 7 बजे तक गीतोक्त प्रस्तुति, प्रार्थना, प्रवचन एवं प्रभात फेरी के कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति ने कथा श्रवण हेतु सहयोगियों सहित सपरिवार आने और साथ में छोटे बच्चों (लड्डू गोपाल) को भी लाने की अपील की है।

# सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विशुनगढ़ के एके रिसॉर्ट में सपा के सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर सैनिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों, बूथ प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों, वरिष्ठ नेताओं, समर्पित कार्यकर्ताओं और जनसामान्य की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार और सार्थक बनाया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति और जनसंपर्क बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने सपा की नीतियों के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों को खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है। उन्होंने इसे निकम्मी सरकार करार देते हुए इसे उखाड़ फेंकने के लिए जनता की तैयारियों पर भरोसा जताया है। साथ ही अग्निवीर व्यवस्था को समाप्त करने की मांग उठाई।

इस दौरान कैप्टन रविंद्र सिंह, कैप्टन जोगराज सिंह, नायब अनिल पाल, पूर्व प्रत्याशी तिर्वा सुनील दिवाकर, सूबेदार लालजीत, सूबेदार मेजर श्याम सिंह, सूबेदार मेजर रामऔतार ठाकुर, नायब सूबेदार कर्मवीर सिंह, सूबेदार मेजर प्रवीण कुमार राजपूत, हवलदार नेम सिंह, सूबेदार रामपाल सिंह, रॉबिन यादव (राष्ट्रीय सचिव, सपा), अमित यादव (क्षेत्र पंचायत सदस्य), इस्लाम सिंह, सूबेदार रामबाबू सिंह, अर्पित शुक्ला, रवी यादव, हवलदार सलीम खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवनियुक्त 27 व्यवसाय अनुदेशकों को मिला नियुक्ति-पत्र

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में चयनित व्यवसाय अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण का शुभारंभ रविवार को मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित ऑडिटोरियम में किया।



इसी क्रम में जनपद के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि डॉ. मयंक त्रिपाठी तथा जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द सिंह चौहान व मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने संयुक्त रूप से जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों उरई, कालपी, माधौगढ़ एवं कोंच के 27 नवचयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह आयोजन मुख्यमंत्री के नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल नौकरी का अवसर नहीं, बल्कि विभाग एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का दायित्व भी है। नवनियुक्त अनुदेशक अपनी मेहनत और समर्पण से प्रदेश की प्रगति और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि चयनित अभ्यर्थियों की कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम है। इस नियुक्ति से न केवल उनके परिवार को नया सहारा मिलेगा बल्कि समाज और प्रदेश के विकास में भी उनका योगदान सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला अर्थसंख्या अधिकारी नीरज चौधरी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई की प्रधानाचार्या डॉ. नूपुर कश्यप, प्रधानाचार्य कोंच रमेश कुमार तथा प्रधानाचार्य कालपी श्रवण कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने रविवार को अमृतपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनीं और राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन की ओर से पहले चरण में राहत सामग्री वितरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचकर बाढ़ की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। जिससे यह पता चल सके कि कितने लोग प्रभावित हैं और भविष्य की रणनीति कैसे बनाई जाए। डीएम ने कहा कि अमृतपुर तहसील के अंतर्गत कुल 75 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों को जरूरी सहायता पहुंचाई जा रही है। प्रशासन की टीम लगातार क्षेत्र में मौजूद है और हालात पर निगरानी रखी जा रही है।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

## स्थायी समाधान की दिशा में पहल

बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि तटबंध निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्थायी राहत के बजाय दीर्घकालिक समाधान सर्वोत्तम होता है और प्रशासन इसी दिशा में कार्य कर रहा है।

## स्वास्थ्य कैंप का भी किया निरीक्षण



कैंप का निरीक्षण करते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह पी0एच0सी0 राजेपुर का निरीक्षण किया एवं बाढ़ पीड़ितों के समुचित इलाज के लिये डॉक्टरों को निर्देश दिये। बताते चलें कि गंगापार क्षेत्र में बाढ़ के कहर के चलते संक्रामक बीमारियों तेजी से पैर पसार रही हैं। वायरल फीवर, जुकाम, बुखार, त्वचा रोग तेजी से फैल रहे हैं। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि बाढ़ का पानी छंटते ही बीमारियां और तेजी से पैर पसारेंगी। इसलिए ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। अन्यथा वह बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

# श्राद्ध पूर्णिमा के साथ पितृपक्ष शुरु

- श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पितरों को किया जलदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को श्राद्ध पूर्णिमा के साथ पितृपक्ष प्रारंभ हो गए हैं। गंगा घाटों पर सुबह से ही पितरों को जलदान करने के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ जुट गई।

गंगा में स्नान करने के बाद श्रद्धालु भक्तों ने अपने पितरों को विधिविधान पूर्वक जलदान किया। यह क्रम लगातार पितृ पक्ष के दौरान 16 दिन तक जारी रहेगा।

संतों, तीर्थ पुरोहितों, ब्राह्मण और ज्योतिषाचार्य को भोज आदि कराकर दान दक्षिणा भी दी जाएगी। पितृ पक्ष के पहले दिन रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पांचाल घाट गंगा तट पर पहुंचे।

श्रद्धालुओं नें सबसे पहले गंगा स्नान किया। मंत्रोच्चारण के साथ पितरों को जलदान किया। हाथों में कुश लेकरअपने पितरों का ध्यान कर उन्हें जल पिलाया। जौ, काले तिल, सफेद कपड़ा, चावल आदि से तर्पण किया। सुबह भोर के साथ ही गंगाघाट पर श्रद्धालु पहुंचने लगे। दूर दराज क्षेत्रों से आने का क्रम बना रहा। शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में विधिपूर्वक श्राद्ध कर्म करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है और पितरों की कृपा जीवन में सुख शांति लाती है।



पितरों को जलदान करते श्रद्धालु

# रिटायर्ड सैनिक के यहां से लाखों की चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात किसी समय अज्ञात चोरों ने रिटायर्ड फौजी के घर को निशाना बनाते हुए नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। खटपट की आवाज सुनकर परिजन जाग गये और हंगामा करने पर चोर मौके से फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उम्मरपुर निवासी लालाराम राजपूत जो कि रिटायर्ड फौजी हैं।

लालाराम राजपूत अपने परिजनों के साथ घर में सोए हुए थे, तभी रात में किसी समय अज्ञात चोर उनके घर में घुस गये और अलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने व चांदी के गहने जिसमें एक जोड़ी झुमकी, दो जोड़ी तोड़ियां तथा 20 हजार की नकदी सहित अन्य सामान चोर चुरा लिया। जब चोर चोरी कर वापस जा रहे थे, तभी खटपट की आवाज सुनकर लालाराम की पत्नी जाग गयीं। उन्होंने देखा कि एक चोर जीने के रास्ते से उतर रहा था। उन्होंने शोर शराबा शुरु कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीणों मौके पर पहुंच गये, लेकिन तब तक चोर भाग चुके थे। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंचे हल्का के दरोगा ने जांच पड़ताल की और परिजनों को कार्यवाही करने का भरोसा दिया। सूत्रों द्वारा बताया गया है कि रिटायर्ड फौजी के घर में लाइसेंसी रायफल है जिसे वह चारपाई पर रखकर सो रहा था। वहीं कुछ कारतूस फौजी के पास थे, जबकि अन्य कारतूस सेफ में रखे थे।जिन्हें चोर चुरा ले गये। वहीं पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उसने कारतूस चोरी का उल्लेख नहीं किया है।



टूटी सेफ को दिखाते परिजन

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, ससुरालीजनों ने खेत में जलाया शव

- सूचना पर पहुंचे भाई ने किया विरोध, पुलिस के पहुंचने से पूर्व जल गया शव
- मायके वालों ने पुलिस को दी तहरीर, खबर लिखे जाने दर्ज नहीं हुआ मुकदमा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव बराबिकू निवासी बंटी उम्र 30 पत्नी पंकज जोशी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुरालीजनों का कहना था कि बेड से गिरकर उसकी हालत बिगड़ी थी। उसे एक निजी चिकित्सक को दिखाया। जिसने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलने पर जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव रफियाबाद से मृतका का भाई सचिन सहित अन्य परिजन मायके पक्ष से गांव पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि ससुरालीजनों द्वारा खेत में उसकी बहन का शव जलाया जा रहा था, तो उन्होंने विरोध किया। जिस पर ससुरालीजन गाली-गलौज कर मारपीट पर आमादा हो गए।

सचिन ने सूचना डायल 112 पर काल कर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। लाश जलती देख पुलिस ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर हल्का इंचार्ज मोहित द्विवेदी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। दरोगा ने बताया लाश जल चुकी थी। उन्होंने बताया उनका आपसी समझौता हो गया था। उसके बाद शव जलाया गया, लेकिन बाद में मृतका के मामा के पहुंचने पर विरोध हुआ। मृतका के भाई सचिन ने बताया कि उसने अपनी बहन का विवाह पांच वर्ष पूर्व अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज देकर किया था, लेकिन ससुरालीजन दिये गये दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे तथा अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और मांग रहे थे। इसके बाद दो लाख और दिये थे। इसके बाद भी और रुपयों की मांग कर बहन को परेशान करते थे। जिसके चलते शनिवार की रात उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। जब उसने फोन पर पोस्टमार्टम के लिए कहा तो ससुरालीजनों ने बिना बताए शव जला दिया। शव जलने के वीडियो भी पुलिस को दिए गए है। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण आसपास नजर आ रहे हैं। मृतका के भाई ने कोतवाली में तहरीर दी है, लेकिन अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।



रोते बिलखते मृतका के परिजन



मृतका का फाइल फोटो

# कंपिल का बेटा बना लेफ्टिनेंट, खुशी व गर्व से झूम उठा क्षेत्र

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

मां-बाप की परछाई किशोरावस्था की शुरुआती डगर में ही सिर से उठ चुकी थी, लेकिन सपनों की उड़ान ने बेटे को हारने नहीं दिया। किसान का बेटा ऋतिक मिश्रा कठिनाइयों से जूझते हुए भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गया। यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए संबल बनी, बल्कि पूरे कंपिल क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बन गई।

ऋतिक मिश्रा मूल रूप से थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अगू के रहने वाले हैं और वर्तमान में नगर पंचायत कंपिल के मोहल्ला टीचर कॉलोनी में रहते हैं। वह स्वर्गीय लालाराम मिश्रा (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यए जनता इंटर कॉलेज रशीदाबाद तिवारीयान) के पौत्र हैं। ऋतिक का चयन 28 अक्टूबर 2024 को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ था। उनकी ट्रेनिंग चेन्नई में पूरी हुई और 6 सितंबर 2025 को आयोजित कसम परेड में उन्होंने पद की शपथ ली। इस अवसर पर ताऊ शैलेश मिश्रा, चाचा मोनू मिश्रा और सोनू मिश्रा, बहन सौम्या मिश्रा तथा छोटे भाई कृष्णा मिश्रा चेन्नई पहुंचे।

परेड के बाद ताऊ ने भतीजे को कंधों पर बैठाकर सम्मान जताया और परिवार की आंखें खुशी से छलक उठीं। ऋतिक के पिता स्व0 सुदेश मिश्रा गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे। जिनका अप्रैल 2025 में निधन हो गया। उनकी मां स्व0 मंजू मिश्रा का देहांत वर्ष 2023 में ही हो चुका था। माता पिता की असमय मृत्यु ने परिवार को गहरे दुख में डाल दिया था, लेकिन ऋतिक की इस उपलब्धि ने उसी परिवार को गर्व और सम्मान की नयी ऊंचाई पर पहुँचा दिया। शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो ऋतिक ने इंटर तक की पढ़ाई सी0पी0 विद्या निकेतन कायमगंज से की। स्नातक छत्रपति शाहूजी विश्वविद्यालय कानपुर से और परास्नातक मद्रास से पूरा किया। मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले ऋतिक ने साबित कर दिया कि कठिनाइयों के बावजूद सपनों को सच किया जा सकता है। लेफ्टिनेंट बनने के बाद से कंपिल क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। लगातार लोग उनके कंपिल स्थित आवास पर बधाई देने पहुंच रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ऋतिक ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। इस मौके पर ताऊ शैलेश मिश्रा ने गर्व भरे स्वर में कहा माता-पिता के न रहने से परिवार टूटा जरूर था, लेकिन ऋतिक ने आज हमें सिर ऊँचा करने का अवसर दिया है। यह खुशी शब्दों में बयान नहीं की जा सकती।



लेफ्टिनेंट ऋतिक मिश्रा

# चरवाह समेत चार भैंसों की ट्रेन से कटकर मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मानसिक रूप से कमजोर 55 वर्षीय वृद्ध की चार भैंसों समेत ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला बहादुर निवासी छविनाथ सिंह के घर काम करने वाले 55 वर्षीय मुंशीलाल को शिकोहाबाद से कासगंज पैसेंजर ट्रेन की टक्कर लगने से मुंशीलाल तथा चार भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई है जिसकी लिखित फौती सूचना छविनाथ सिंह ने कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला को दी। छविनाथ सिंह ने बताया कि मुंशीलाल छविनाथ की ससुराल से आया था जो पिछले 20 वर्षों से उनके यहां भैंस चराने का कार्य करता था। मुंशीलाल मानसिक रूप से कमजोर था तथा वह खाने पर ही रहता था। मुंशीलाल का कोई पैतृक स्थान नहीं था ना ही कोई उसका नाते रिश्तेदार था। जिसके कारण वह उन्हीं के घर रहकर कार्य किया करता था। शाम लगभग 6:30 बजे मृतक मुंशीलाल भैंसों को चराकर वापस आ रहा था, तभी बहादुर नगला अंडरपास के पास फगुनातनपुर में पीछे से आ रही शिकोहाबाद कासगंज एक्सप्रेस ने टक्कर मार दी। जिससे मुंशीलाल तथा चार भैंसों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दरोगा विनोद कुमार यादव ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



थाना में मौजूद मृतक के परिजन

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज



**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज व गाड़ी के लिए 500000 की मांग करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

कस्बा मोहम्मदाबाद के वार्ड लोहिया नगर निवासी कन्नोजी सिंह की 24 वर्षीय पुत्री अलका की शादी हिंदू रीतिरिवाज के अनुसार जनपद मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर में 8 मार्च 2019 को अवधेश यादव के पुत्र विवेक यादव के साथ की थी। जिसमें पीड़ित ने अपनी पुत्री को अपनी समर्थ्य के अनुसार आवश्यक उपहार स्वरूप दान दहेज दिया था। शादी के बाद ही अलका का पति विवेक यादव, ससुर अवधेश यादव, देवी व आनंद, प्रियंका अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे तथा गाड़ी के लिए 500000 और अतिरिक्त दहेज मांगने लगे। जिससे आए दिन अलका के साथ मारपीट, मानसिक प्रताड़ना आदि करने लगे। 13 जुलाई 2025 को लगभग शाम 4:00 बजे ईको गाड़ी से पीड़िता को पति विवेक यादव, ससुर अवधेश यादव मोहम्मदावाद चौराहे पर छोड़ते हुए कहा कि या तू मर जा या तुझे तलाक दे देंगे और दूसरी शादी कर लेंगे जिंदगी में तुझे कभी घर नहीं बुलाएंगे। मेरे साथ मेरा छोटा पुत्र रितेश था। किसी तरीके से मैं अपने मायके पहुंची। वहां परिजनों के साथ कोतवाली मोहम्मदाबाद में तहरीर दी, लेकिन मेरी सुनवाई नहीं हुई। महिला थाना में हमें परामर्श के लिए बुलाया गया, लेकिन उक्त लोग ले जाने को राजी नहीं हुए। फिर कोर्ट के माध्यम से हमने डाक रजिस्ट्री से मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है तथा मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# इटावा-बरेली हाईवे पर लगा जाम, परीक्षार्थी व वाहन चालक जाम में घंटों जूझे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पुल की मरम्मत के चलते किये गये रुट डायवर्जन के बाद भी रविवार को पुल पर जाम लग गया। जिससे छोटे वाहन चालकों व पीईटी परीक्षा देने आये अभ्यर्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि बड़े वाहनों के प्रवेश के चलते जाम की स्थिति उत्पन्न हुई, जबकि सुबह 7 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है।

जानकारी के अनुसार पांचाल घाट पुल पर बीते करीब 15 दिनों से मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिसके चलते बड़े वाहनों का रुट डायवर्जन किया गया है, लेकिन रविवार को यहां पर जाम लग गया। जिससे दुपहिया वाहन चालक व छोटे वाहन चालक जाम में फंस गये। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी अभ्यर्थियों को हुई, तो जनपद में परीक्षा देने आये थे। वह घंटों जाम में फंसे रहे।

आसपास के लोगों का कहना था कि बड़े वाहनों के प्रवेश करने से जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयीं। जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पांचाल घाट चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा व ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर यातायात सुचारु किया गया। तब जाकर लोग अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो सके।



जाम में फंसे वाहन

# गंगा खतरे के निशान से अब भी 15 सेंटीमीटर ऊपर



राजेपुर बाजार व गांव में भरा बाढ़ का पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा खतरे के निशान से अब भी 15 सेंटीमीटर ऊपर बह रही हैं। कई गांव बाढ़ की चपेट में चल रहे हैं। राजेपुर बाजार में करीब डेढ़ फिट पानी ऊपर बह रहा है। जिससे दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि पानी की वजह से उनकी दुकानदारी ठंडी पड़ गयी है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 15 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। पिछले दो दिनों में जलस्तर में 5 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। गंगा का जलस्तर अब 137.25 मीटर पर है। रामगंगा 137.05 मीटर पर बह रही है। जो खतरे के निशान से 5 सेंटीमीटर नीचे है।

जनपद में एक माह से बाढ़ का प्रकोप जारी है। 150 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। कई लोग बाल शरणालय में शरण ले रहे हैं। कुछ लोग सड़कों पर पॉलीथीन तानकर रह रहे हैं। घरों में पानी भरने से कई लोगों को छतों पर रहना पड़ रहा है। राजेपुर बाजार में स्थिति फिर से बिगड़ गई है। मुख्य मार्ग पर डेढ़ फीट तक पानी बह रहा है।

कुछ दिन पहले जलस्तर में गिरावट आई थी और दुकानें खुलने लगी थीं, लेकिन अब फिर से बाजार में पानी भर गया है। सदर तहसील क्षेत्र के गांव ठटा की मड़ैया और गांव दोली में गंगा कटान कर रही है। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए 8 नाव और एक स्टीमर लगाया है। पंखियन की मड़ैया में स्थिति गंभीर है। यहां नाव से ही आवागमन हो रहा है। एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर नाव से बाहर लाकर एंबुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पीडीए एकता ही 2027 की आधारशिला है : चंद्रपाल सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बूथ कमेटियों के गठन, नए वोट बढ़ाने, फर्जी वोटों को कटवाने, संगठन को मजबूत करने, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत सामग्री बंटवाने और पीडीए जन पंचायतों को आयोजित कराने के एजेंडे पर चर्चा हुई। संचालन मुन्ना यादव ने किया।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल पाल सिंह यादव ने कहा पीडीए जितना मजबूत होगा। समाजवादी पार्टी उतनी ही मजबूत होती चली जाएगी। 2027 के चुनाव की आधारशिला ही पीडीए की एकता है। 2024 में इसी एकता ने हमें देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनाया था और आने वाले 2027 के चुनाव में यह पीडीए एकता ही उत्तर प्रदेश के विधानसभा में समाजवादी पार्टी का परचम बुलंदी पर लहराएगी। हम सब की जिम्मेदारी है कि पीडीए समाज को मजबूती के साथ पार्टी से जोड़ें, समूचे पीडीए समाज का सम्मान करें। रामसेवक सिंह यादव ने कहा सपा से ज्यादा जुझारू मेहनती और निःस्वार्थ कार्यकर्ता किसी भी पार्टी के पास नहीं हैं, हमारे सभी जुझारू फाइटर पूरी ताकत के साथ पार्टी को मजबूत करें, पीडीए को मजबूत करें।

सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी पूरे देश में अपना एक अलग स्थान बनाकर खड़ी है, हमारा नेतृत्व देश के ताकतवर नेतृत्वों में एक माना जाता है। आज हमारी स्थिति बहुत मजबूत है। इलियास मंसूरी ने कहा सभी कार्यकर्ता अपने बूथों पर फोकस करें यदि प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपना बूथ जिता लिया तो आपकी सीट जीत जाएगी और सभी लोगों ने अपनी-अपनी सीट जिता ली तो सरकार बन जाएगी। जेपी वर्मा ने कहा पीडीए समाज का सम्मान समाजवादी विचारधारा ही करती रही है। इस मौके पर राधेश्याम सविता, नरेंद्र सिंह यादव, सुभाष चन्द्र शाक्य, सौरभ कटियार, चंद्रेश राजपूत, सुनीता शाक्य, शिव शंकर शर्मा, रुकमंगल सिंह यादव आदि मौजूद रहे। बैठक में पूर्व सांसद मित्रसेन यादव व लखनऊ पार्टी कार्यालय सचिव एस0आर0एस0 यादव की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही मुलायम सिंह यूथ के जिलाध्यक्ष इज़हार खां ने चंद्रपाल सिंह यादव की अनुमति से शकेब खां को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का शमशाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान आलोक यादव, मुजाहिद अंसारी, मोहम्मद नफीस, अशोक अंबेडकर, मुजिबुल हसन, मनोज यादव, अश्विनी यादव, अरविंद यादव, ऋषिपाल, निजाम अंसारी, रविंद्र सिंह पाल, कमल हसन, अमीर सिंह राजपूत, जुल्फिकार अब्बास जैदी, बलराम सिंह यादव, बिहारी यादव, डॉ0 अभिषेक शर्मा, लकी शर्मा, विजय अनुरागी, अजय यादव, देवेंद्र सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, श्याम सिंह यादव, सुरजीत सिंह उर्फ सोनू राठौर, मोहम्मद अकलीम खान आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद सपा नेता

# बाढ़ पीड़ितों को रेड क्रॉस सोसायटी ने वितरित की चार्जेवल टार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डीएम अशुतोष कुमार द्विवेदी व सोसायटी की चैयरमैन डा0 रजनी सरीन के सहयोग से 1650 चार्जेवल टॉर्च का बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया गया।

बाढ़ पीड़ित गांव आशा की मड़ैया, उदयपुर, जोगराजपुर, जगतपुर, सवलपुर, लायकपुर गाँव में रेड क्रास सोसायटी के सदस्यों ने वितरित की। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में काफी दिनों से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त है। ऐसे में रात्रि में रोशनी की बहुत आवश्यकता पड़ती है।

जहरीले कीड़े मकौड़ों का खौफ बना रहता है। चार्जेवल टार्च होने से ग्रामीणों को रात्रि में रोशनी के लिए सहायता मिलेगी। टार्च वितरण के दौरान वाईस चेयरमेन शीश महरोत्रा, आयुष्मेंद्र परिहर, डा0 नावेद, डा0 ज्योति, धीरेन्द्र वर्मा, आकाश, भारती, निशान्त तिवारी आदि ने नाव से जाकर स्वच्छता के लिए ग्राम वासियो को प्रेरित किया।


टार्च दिखाते बाढ़ पीड़ित

# सेवा समिति ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट व औषधि सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा समिति फर्रुखाबाद की टीम द्वारा हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर बाढ़ पीड़ित इलाकों में धारा नगरी से स्टीमर से राहत सामग्री लेकर कई बाढ़ ग्रस्त गांवों में पहुंचकर लंच पैकेट के साथ साथ मेडिकल की सुविधा भी उपलब्ध कराई।

सेवा समिति पीछे कई सालों से समाज की सेवा करने का काम करती है, यह ऐसी संस्था है जब भी फर्रुखाबाद में मुसीबत का दौर आता है चाहे कोराना काल हो या गरीब असहाय लोगों को कम्बल मेडिकल कैम्प आई कैम्प लगवाना टीम के सेवक बखूबी अपनी जिम्मेदारियों को निभाते है। मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर बाढ़ पीड़ित लोगों को राहत सामग्री देना का काम किया है तो वही उन्हें मेडिकल सुविधा भी दी गई है। समाज में सभी लोगों आगे आना चाहिए, यह आपदा बहुत विकराल रूप ले चुकी है। इस मौके पर फरियाब खान, सलीम राजा, डॉ0 समीर राजा, डॉ0 एस0ए0 जाफरी, शकील अहमद, तालिब मंसूरी, हिलाल शफीकी, आदिल हुसैन, अमन सलमानी, सोहेल मंसूरी, अमन खान, मेहनूरुद्दीन शेख, रूशद खान, शाहरुख खान, फरीद खान आदि लोग मौजूद रहे।


बाढ़ पीड़ितों को सामग्री वितरित करते संस्था के लोग

# पर्यूषण पर्व पर निकाली गई भगवान आदिनाथ की यात्रा

- जगह-जगह यात्रा का स्वागत कर उतारी गई आरती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जैन समाज के दस दिन के पर्यूषण पर्व समाप्ति के बाद सधवाड़ा स्थित श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर से श्री 1008 भगवान आदिनाथ की मनोहर प्रतिमा रथ पर विराजमान कर जैन समाज के लोगों ने यात्रा बैड़ बाजों के साथ निकाली।

भजनों के साथ गायन व आगे जैन ध्वजा व केसरिया झण्डी लगी हुई गाड़िया चल रही थी। समाज के लोग नारे व नृत्य कर झूम रहें थे। पीछे भगवान जिस रथ पर विराजमान थे, वह चल रहा था। पीछे-पीछे महिलायें व बच्चे भजन कीर्तन कर रहें थे। रथ पर सवार एक इन्द्र भगवान को पकड़े खड़े, दो इन्द्र अलग बगल रथ पर भगवान की चमर दुला रहें थे। एक भगवान के सारथी बने रथ को चला रहें थे।

रथ सहाबगंज चौराहा, अंगूरीबाग, जैन वाटिका धारा नगरी पहुंच कर पाण्डुशिला पर भगवान आदिनाथ के सिंहासन पर विराजमान कर पूजा व अभिषेक किया गया तथा बाग में ही मेले के रूप में लोग एक दूसरे के गले मिल व क्षमा भाव किया। यात्रा वहां से वापसी के लिए चली जो रास्ते में लोगों ने अपने-अपने दरवाजों पर रोककर भगवान की आरती की व प्रसाद वितरण किया।

यात्रा अंगूरीबाग, सहाबगंज चौराहा होते हुए सधवाड़ा जैन मन्दिर पर समाप्त हुई। मन्दिर में भगवान का अभिषेक करके भगवान आदिनाथ को उनके स्थान पर विराजमान किया गया। इस मौके परद अध्यक्ष ऋषभ शरण जैन, विक्रांत जैन, राहुल जैन, अमन जैन, छेदालाल जैन, डा0 नेमशरण जैन, आमोद जैन, प्रमोद जैन, नीरज जैन, विकास जैन, गुंजा जैन, संध्या जैन, साधना, चित्रा, नेहा, मिनी, माला, दीपांशु, जैन मणी, दिलीप जैन, शैलेन्द्र जैन, दीपक जैन आदि लोग मौजूद रहे।


भगवान आदिनाथ की यात्रा में मौजूद अनुयायी


आदिनाथ की पूजा करते समाज के लोग

# धूमधाम से भगवान गणेश को किया गया विदा

- डीजे रोकने पर भक्तों की पुलिस से हुई नोंकझोंक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को नगर के मुख्य बाजार थाने के सामने स्थित हनुमान मंदिर में स्थापित गणेश प्रतिमा की गणपति बप्पा मोरया कमेटी के लोगों ने पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्य तिराहे से अबीर गुलाल उड़ाकर ढोल नगाड़ों व डीजे के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा को मुख्य बाजार मार्ग पर निकाला गया।

विसर्जन यात्रा में रथ पर सवार श्री गणेश की प्रतिमा के आगे चल रहे डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवक व युवतियां गुलाल उड़ाकर जयकारों के साथ नाचते नजर आए। विसर्जन यात्रा को मुख्य बाजार मार्ग पर घुमाकर मुख्य चौराहे पर ले जाया गया। जहां से गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए पांचालघाट ले जाया गया। वहीं मोहल्ला चिक वाली गली स्थित कमल मंदिर से भी मूर्ति विसर्जन यात्राएं निकाली गई। लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर मिठाईयां व फल बांटे। इसके साथ मैन चौराहा पंचवटी मंदिर, नया गनीपुर स्थित हनुमान मंदिर, पुराना गनीपुर बार्ड दीन दयाल नगर से भी मूर्ति विसर्जन यात्राएं निकाली गई। लोगों द्वारा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ आदि जयकारों के साथ श्री गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पांचालघाट ले जाया जा रहा था, लेकिन हथियापुर रेलवे क्रॉसिंग पर पुलिस ने डीजे संचालकों को फर्रुखाबाद बाजार में डीजे ले जाने से रोक दिया।

कमेटी के पदाधिकारियों ने जब इस बात का विरोध जताया और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धार्मिक कार्य में डीजे की परमीशन दे चुके है तो और एसडीएम द्वारा भी परमिशन मिलने के बाद भी आप गणेश प्रतिमा के साथ डीजे जाने से क्यों रोक रहे हो, तो पुलिस कर्मियों ने डीजे सीज होने की धमकी देकर अपनी जिम्मेदारी पर ले जाने की बात कही। इस बीच लगभग 2 घंटे तक कमेटी के पदाधिकारियों की पुलिस से नोंकझोंक भी हुई। जिसके बाद बिना डीजे के गणेश प्रतिमा को फर्रुखाबाद बाजार होते हुए पांचाल घाट ले जाया गया, जहां पर विसर्जन किया गया। इस मौके पर हनुमान मंदिर के पुजारी रामजी, गणपति बप्पा मोरिया समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, भाकियू स्वराज गुट जिलाध्यक्ष अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, गणपति देवा मोरिया कमेटी के अध्यक्ष आनंद कश्यप, भोले गुप्ता, सनी भारद्वाज, राजीव गुप्ता, अनुज गुप्ता, सुनील राठौर, अन्नू राठौर, पप्पू राठौर, गोल्डी गुप्ता, कोमल गुप्ता, आलोक गुप्ता, गोविंद गुप्ता, आर्यन भारद्वाज, राजीव गुप्ता आदि लोग रहे।


विसर्जन यात्रा में झूमते भक्तगण

# राठौर साहू समाज के अधिवेशन में 239 मेधावियों का हुआ सम्मान

- समाज के लोग राजनीति में आयें : कामिनी राठौर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला राठौर साहू समाज के तत्वाधान में ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में 34वां वार्षिक अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। हाईस्कूल से लेकर परास्नातक तक के कुल 239 मेधावियों को अधिवेशन में सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न ब्लाकों से आये बुजुर्ग एवं सम्मानित व्यक्तियों को भी समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ाकर भारतीय सेवा में जाकर समाज का उत्थान करना चाहिए और कुछ लोगों को पढ़ लिखकर राजनीति में आकर देश की सेवा भी करनी चाहिए। प्रशासनिक कार्य करके समाज व देश को जो बच्चे गौरवांवित करते है, जिससे समाज का गौरव बढ़ता है। सभी को संगठित होकर राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की जरुरत है। जिलाध्यक्ष रामसिंह राठौर ने कहा कि सभी मेधावी मेहनत करें और पढ़ाई करें और आगे बढ़े। समाज की ओर से ऐसे लोगों से आर्थिक सहयोग भी किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि समाज को राजनीति में भागीदारी करनी पड़ेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र राठौर ने कहा कि बच्चों को अवश्य पढ़ाये और नशा से दूर रखें। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी

# हमले में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दत्तूनगला तथा हाल निवासी अल्लाहदादपुर निवासी मीन उर्फ मनोज कुमार यादव पुत्र विजय सिंह 02 अगस्त को अपनी फोर वीलर कार की मरम्मत करवाने के लिए बाईपास रोड स्थित खॉन पेट्रोल पम्प के पास मिस्त्री रावेज के यहाँ गया था। वहाँ पर पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने मीनू उर्फ मनोज को गाड़ी से खींचकर लोहे की राड मारकर हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मनोज के पिता ने कोतवाली में विनेश व अंकुर पुत्रगण बच्चन सिंह निवासी मोहल्ला चौहट्ठा थाना शमशाबाद, अनमोल पुत्र प्रदीप निवासी फरसोली अलीगंज, अमित पुत्र नेत्रपाल रेलवे रोड, अरबाज निवासी सुभानपुर और हीरालाल निवासी लालपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दिनदहाड़े हुई घटना में मनोज का साथी ऋषभ भी गंभीर रुप से घायल हुआ था। विजय सिंह ने हमलावरों पर एक मोबाइल और 43 हजार रुपए लूट ले जाने का भी आरोप लगाया था। इस मारपीट को लोग अवैध खनन कारोबार और पुरानी रंजिश से जोड़ रहे थे। मारपीट में घायल मनोज को सीएचसी ले जाया गया था। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लोहिया से परिजन उसे सैफई मेडिकल कालेज ले गए थे। जहां इलाज के दौरान मनोज ने शनिवार रात दम तोड़ दिया। परिजन उसके शव को घर ले आए। घटना की विवेचना कर रहे कस्बा इंचार्ज नागेंद्र सिंह अपने हमराह कांस्टेबिल विजय गुर्जर, सचिन, विनीत कुमार को साथ लेकर मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जवान बेटे की मौत से मां निर्मलादेवी, पत्नी गुड़िया, भाई संजय सिंह और मनोज का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पांच साल पहले ही शादी हुई थी।


मृतक का फाइल फोटो

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक के हाथ में लगी गोली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में हाथ में गोली लग गयी। रात में ही युवक थाने पहुंचे। पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदन निवासी एक युवक के बीते रात संदिग्ध परिस्थितियों में हाथ में गोली लग गयी। जिससे वह घायल हो गया। घायलावस्था में युवक परिजनों के साथ थाने पहुंचा। थाना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार दे के बाद डाक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर बबना चौकी इंचार्ज दरोगा राजेश कुमार पहुंचे। तथा मामले की जांच पड़ताल की। वहीं खबर लिखे जाने पर थाना पुलिस से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि युवक के गोली लगी है, लेकिन उसको रात में ही लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल युवक तरह-तरह की बातें बताकर घुमा रहा है। अभी थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीईटी परीक्षा का दूसरा दिन-12070 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आयोजित हुई पीईटी परीक्षा दूसरे दिन भी शन्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी। फिलहाल दो दिनों में कुल 34368 परीक्षार्थियों में से 10489 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सुरक्षा के भी चाक चौबंद इंतजामात किये गये थे। आलाधिकारी भी भ्रमणशील रहे।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2025, 6 व 7 सितंबर को आयोजित की गयी। जिसके लिए कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। जिसमें दूसरे दिन की परीक्षा में कुल 17184 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें प्रथम पाली में 8592 में कुल 6044 परीक्षा में बैठे जबकि 2548 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। दूसरी पाली में भी 8592 में से 6026 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 2566 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर दूसरे दिन दोनों पालियों में 17184 में कुल 12070 परीक्षार्थी बैठे, जबकि 5114 शामिल नहीं हुए। दोनों दिनों में 34368 में से 23879 शामिल हुए, जबकि कुल 10489 परीक्षार्थी परीक्षा देनें नहीं पंहुचे। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी तथा पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पीईटी परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरुकुल स्कूल, बद्री विशाल कालेज का निरीक्षण किया।

**5114 रहे अनुपस्थित**


परीक्षा का जायजा लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

# संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक घायल

- स्वजनों ने रंजिश में गोली मारने का लगाया आरोप
- पुलिस ने की जांच, बोली युवक ने स्वयं मारी गोली

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए युवक को सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया रेफर किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। स्वजनों ने रंजिश में गोली मारने का आरोप लगाया। जबकि पुलिस के अनुसार युवक ने स्वयं गोली मारी है।

क्षेत्र के गांव बिल्हा निवासी 35 वर्षीय रामप्रकाश जाटव पड़ोसी गांव स्थित एक दूध डेयरी पर काम करता है। प्रतिदिन की भांति रविवार सुबह चार बजे वह घर से डेयरी पर जाने के लिए निकला था। रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक के गोली लग गई।

भुजा में गोली लगने से युवक खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा। कुछ समय बाद रामप्रकाश की पत्नी मीनू ने फोन लगाया। फोन न उठने पर उन्होंने छोटे देवर राहुल को जानकारी दी।

राहुल को भाई रामप्रकाश रस्ते में खून से लथपथ अवस्था में पड़े मिले। चीखपुकार की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। जहां घायल का इलाज जारी है। स्वजनों के अनुसार रामप्रकाश का गांव निवासी एक युवक से विवाद चल रहा है। आरोप है कि उसी युवक ने रंजिश में जान से मारने की नियत से रामप्रकाश को गोली मार दी। हालांकि मामला संदिग्ध निकलने पर घायल के भाई राहुल को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया युवक ने स्वयं ही गोली मारी है। मामले की जांच की जा रही है।


अस्पताल में भर्ती घायल

# सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

- फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर किशोरी की फोटो पर अश्लील सामग्री की थी प्रचलित, पुलिस ने की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र, आरक्षी भीमेन्द्र सिंह, महेश चन्द टीम के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रानी चाह मोहल्ल्ला निवासी रीता अवस्थी पत्नी अमरदीप द्वारा साइबर क्राइम थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा उनकी पुत्री की फोटो पर अश्लील भाषा एवं मोबाइल नम्बर अंकित कर, इंस्टाग्राम पर एक फर्जी आईडी बनाकर उसे वायरल किया गया। प्रकरण में थाना साइबर क्राइम द्वारा तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान इंस्टाग्राम से संबंधित आवश्यक रिकॉर्ड व तकनीकी साक्ष्य संकलित कर अभियुक्त की पहचान दिव्यांशू पुत्र मन्नीलाल उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी रानी चाह, थाना कोतवाली कन्नौज के रूप में की गई। साइबर क्राइम टीम द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल फोन Vi1O 1917 (रंग नीला) बरामद किया।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# महराजगंज में आंखों से जुड़ी खास पहल

▶ नेत्रदान को लेकर जागरुकता का अनोखा संदेश



महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

भारतवर्ष में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर में नेत्रदान को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में जनपद महराजगंज में भी इस पुनीत कार्य को लेकर कई प्रेरणादायक गतिविधियां संपन्न हुईं।

सीएमओ कार्यालय और नगर पालिका सभागार में हुई कार्यशालाएं महराजगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार तथा नगर पालिका परिषद सभागार में गोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में आम नागरिकों को नेत्रदान की प्रक्रिया, इसके स्वास्थ्यगत पहलू और समाज पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### समापन समारोह आज

पखवाड़े के अंतिम दिन यानी 8 सितंबर 2025 को दोपहर 3:00 बजे जिले का सबसे बड़ा समापन समारोह सूजन आई हॉस्पिटल, चौपरिया में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एन. वर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

### नेत्रदान शिविर व सम्मान समारोह

इस आयोजन में नेत्रदान शिविर भी लगाया जाएगा, जहां लोग नेत्रदान का संकल्प ले सकेंगे। साथ ही, जिले के सभी नेत्रदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मान उन सभी के लिए प्रेरणा बनेगा जो भविष्य में नेत्रदान के लिए आगे आना चाहेंगे।

### विशेषज्ञों की राय व नागरिकों से अपील

नेत्र विशेषज्ञों का कहना है कि देश में लाखों लोग अंधेपन से पीड़ित हैं, और ऐसे में एक जोड़ी आंखें किसी की पूरी दुनिया रोशन कर सकती हैं। इस अभियान का उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान के लिए जागरूक हों। आयोजन समिति ने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि वे इस पवित्र सामाजिक अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और नेत्रदान – सबसे बड़ा दान के संदेश को जन–जन तक पहुंचाएं।

# आरोग्य मेले को लेकर सख्त निर्देश जारी

**मरीजों की खून जांच अनिवार्य, डॉक्टर व स्टाफ को समय पर आने का हुआ आदेश**



महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

संचारी रोगों से बचाव के लिए आयोजित होने वाले आरोग्य मेलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। नोडल अधिकारी डॉ.के.पी.सिंह ने रविवार को अर्बन पीएचसी इंदिरानगर का निरीक्षण किया। डॉ.सिंह ने सभी ब्लॉक अधीक्षकों को मेले का समय पर आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित ड्रेस में समय पर कार्यस्थल पर पहुंचना होगा। बुखार से पीड़ित मरीजों की खून जांच अनिवार्य की गई है।

मेले में आने वाले मरीजों की आभा आईडी बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। नोडल अधिकारी ने कहा कि वर्षों से मेले का आयोजन हो रहा है। लेकिन अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव स्तर से इसकी मॉनिटरिंग की जाती है।

डॉ.सिंह ने चेतावनी दी कि मेलों के आयोजन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सक और स्टाफ को समय पर उपस्थित होकर जिम्मेदारी से काम करना होगा। जिले की स्थिति बेहतर रखने के लिए हर ब्लॉक को गंभीरता से मेले का आयोजन करना होगा। मरीजों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## खबरें एक नजर में

### आरोग्य मेले का 2127 मरीजों ने उठाया लाभ

▶ 808 पुरुष, 966 महिलाएं व 353 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 250 गोल्डेन कार्ड बने

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आज रविवार को आयोजित किया गया। यह मेला जनपद की 41 चिकित्सा इकाइयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा। मेले में कुल 2127 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के अनुसार, मेले में 808 पुरुष, 966 महिलाएं और 353 बच्चों का इलाज किया गया। मरीजों को विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श और आवश्यक दवाएं दी गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया। इलाज की सुविधा मिलेगी। लोगों को संचारी रोगों से बचाव और मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला जनता को नजदीकी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने का माध्यम है। मेले के सफल आयोजन में स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सकों और प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही।

### बाइक की चपेट में आये घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**हलिया-मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी बाजार में शनिवार की शाम भैस लेकर पैदल जा रहे अधेड़ की बाइक के धक्के से सड़क पर गिरने से घायल हो गया परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लेकर गये जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई ।सूचना पर हलिया पुलिस रविवार को पीएम कार्रवाई कराया। थाना क्षेत्र के देवरी गाँव निवासी श्याम लाल (55) अपनी भैस लेकर सिवान से वापस घर आ रहे थे जैसे ही हलिया देवरी मार्ग के बाजार में पहुंचे कि तेज गति से पीछे से आ रहे एक बाइक पर दो लोग सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुचे परिजन आनन फानन में घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लेकर गये जहाँ इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई।रविवार को सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जूट गई।अभी परिजनों द्वारा थाना में तहरीर नहीं दी गई है। वही बाइक से धक्का मारने वाला मौके से फरार हो गये है। मृतक को पांच संतानों में दो पुत्री व तीन पुत्र है। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी श्याम कली रो.रो कर बेहोश हो जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाइक के धक्के से पैदल जा रहे अधेड़ की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई है।शव का पीएम कराया गया है परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर व्यक्त की संवेदना

**चुनार, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी सीखड़ क्षेत्र के पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय के भाई विनोद कुमार पांडेय की पुत्र वधू हनी पांडेय पत्नी धीरज पांडेय की असामयिक निधन होने कि सूचना पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनके निवास पिपराही गांव जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढाढस बधाई। उन्होंने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान के आगे किसी का वस नहीं चलता। इस अवसर पर विजय नारायण रायए दीपू सिंह, दिनेश मिश्रा, नीरज पांडेय, प्रत्यूष त्रिपाठी, मनोज कुमार त्रिपाठी, गौरव पांडेय एसंदीप अवस्थी, हर्षित सिंहएगोविंद सोनकर, धीरज सिंह सहित भाजपा व अपना दल के कार्यकर्ता रहे।

### मानदेय नहीं बढ़ा तो करेंगे विरोध, चुनाव पर पड़ेगा असर : प्रतिमा सिंह

▶ नगर के नवीन सब्जी मंडी परिसर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बैठक कर बनाई रणनीति



**समृद्धि न्यूज, सोनभद्र।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने रविवार को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर के सब्जी मंडी परिसर में बैठक किया। बाद उन्होंने समस्याओं का समाधान न होने पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशी का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह ने बताया कि जिस प्रकार गुजरात सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में बढ़ोतरी कर उनके साथ न्याय किया है, उसी क्रम में उत्तर प्रदेश के आंगनवाड़ी कार्यकर्तिओ के भी मानदेय में बढ़ोत्तरी की जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो सभी लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी। श्री सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के प्रतिनिधि द्वारा अपने लेटर पैड पर सरकार आने से पहले 120 दिन में सम्मान जनक मानदेय देने का वादा किए थे, लेकिन सरकार के 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी यूपी की आंगनवाड़ी कार्यकर्तिओ और सहाइकाओ के मानदेय में 1 रुपए की भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई है । वहीं मुख्यमंत्री द्वारा 1500 की बढ़ोतरी की गई, वह भी प्रोत्साहन धनराशि के नाम से दिया गया है, जो कभी–कभी मिलता है। ऐसी स्थिति में हम सभी कर्मचारियो ने नाखुश होकर यह निर्णय लिया है कि अगर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कर्मचारियों के हित में निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी चुनाव में इनकी सरकार नहीं बनने देंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव साधना विश्वकर्मा, उर्मिला सिंह, विभा सिंह, प्रियंका, हेमलता, गीता, रेनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

▶ भीषण गर्मी से लोगों ने ली राहत की सांस
▶ अपने बच्चों के भोजन को लेकर व खेती के प्रति हुए गाढी कमाईं के खर्च से चिंतित रह रहे किसान मुस्कुरा उठे

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

इन्द्र भगवान की कृपा आज रविवार को इस कदर हुई कि झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी लौटी। वहीं भीषण गर्मी से रात दिन परेशान रह रहे लोगों ने राहत की सांस ली।

आज रविवार सुबह से गरज तड़क के साथ हुएं झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बरसात होने से खाद,दवा खरीदने को लेकर दुकानों की ओर किसान रुख कर लिया है। श्रावण मास शिव का महिना होता है लेकिन बरसात न होने से किसान आसमान निहार रहे थे। वहीं तेज़ धूप से बढी गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था।

जैसे ही आज रविवार को भगवान इन्द्र की कृपा हुई है सुबह से झमाझम बरसात शुरू होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे हैं उनके सूख रहे धान की फसलों को संजीवनी मिल गई है। धान के साथ सूख रहे किसान धान के फसल के साथ साथ किसान भी हरे भरे हो खुशी का इजहार कर रहे हैं। आज सावन के 23वें दिन मूसलाधार बारिश हो जाने से फरेंदा, धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर, भैया फरेंदा, कोल्हुई बहादुरी, नौतनवां तहसील व महराजगंज सदर के किसानों की उम्मीद जाग उठी है।अब तक अपने बच्चों के भोजन को लेकर और गाढी कमाईं के हुए खर्च से चिंतित किसान हूए झमाझम बारिश से मुस्करा उठें है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

▶ सिसवा में ध्वज पूजन के साथ हुई शुरुआत

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

पूर्वांचल में अपनी भव्यता और भक्ति के लिए प्रसिद्ध सिसवा का दुर्गा पूजा महोत्सव इस वर्ष भी पूरे जोश और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत रविवार को रोडवेज बस स्टैंड दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन से हुई, जो कि महोत्सव की औपचारिक और धार्मिक शुरुआत मानी जाती है। समृद्धि न्यूज़ संवाददाता के अनुसार, ध्वज पूजन समारोह में समिति के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर ध्वज फहराया और मां दुर्गा से आगामी आयोजन की सफलता के लिए प्रार्थना की।

समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रिंकू ने जानकारी दी कि इस वर्ष की थीम भी बेहद खास और भक्तिमय होगी।



### पर्यटन स्थल के रूप में होगी पहचान

पिछले कई वर्षों से यह समिति सिसवा के दुर्गा पूजा महोत्सव को एक आध्यात्मिक पर्यटन स्थल का रूप देने में जुटी है। माता वैष्णो देवी की गुफा, अमरनाथ धाम और अन्य प्रसिद्ध तीर्थों की झांकियां यहां पहले भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही हैं। इस बार की थीम में तकनीकी प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्तों के लिए सुविधाजनक दर्शन की विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी।

तीन खंडों वाले भव्य पंडाल में माता दुर्गा की प्रतिमा के साथ-साथ शक्तिपीठ मैहर देवी और ज्वाला देवी के दिव्य रूपों की झांकियां भी सजाई जाएंगी।

ध्वज पूजन समारोह में मुन्ना बर्नवाल, जवाहर लाल गुप्ता, गौतम कन्नौजिया, शिव चौरसिया, सुरेश यादव, उमेश, ओमप्रकाश कन्नौजिया, राजन जायसवाल, रामजी जायसवाल, तारकेश्वर सिंह, प्रिंस खरवार, सुमित सिंह राजपूत, अमित गुप्ता, आकाश जायसवाल, अक्षय यादव, आकाश मद्धेशिया, रमेश सिंह, आशीष, संतोष, विनोद, राजू बर्नवाल सहित समिति के कई सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। सभी ने अपने-अपने विचार साझा किए और बताया कि यह महोत्सव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

समिति का उद्देश्य है कि हर वर्ष दुर्गा पूजा को नये स्तर पर ले जाया जाए और युवाओं को भी इसकी तैयारियों में सक्रिय रूप से जोड़ा जाए। इसमें स्वयंसेवकों की टीम दिन-रात मेहनत कर रही है ताकि माता रानी के दर्शन हर किसी के लिए यादगार बनें। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में भक्तों की भारी भीड़ और रंगारंग कार्यक्रम इस पूजा को एक उत्सव का रूप देंगे।

# विसर्जन, शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

▶ डीजे, ढोल-नगाड़े से गूंजा क्षेत्र, सप्तसागर तालाब में हुआ विसर्जन

मिर्जापुर, विंध्याचल, समृद्धि न्यूज।



श्री गणेश महोत्सव पूजा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अटल चौक पर (अटल चौक के राजा) गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। दस दिनों तक पूजा-अर्चनाए भंडारा, जागरण और विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माहौल भक्तिमय बना रहा।

5 अगस्त को अटल चौक पर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें करीब सात हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भक्तों की भारी भीड़ के बावजूद पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गयाए जिसकी सराहना हर किसी ने की। शनिवारए 6 अगस्त को समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान डीजेए ढोल.ताशा की गूंज और भक्तिमयी झांकियों के साथ-साथ भक्त कन्याओं ने आकर्षक शक्ति नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभायात्रा में क्षेत्र के कोन-कोने से भारी संख्या में भक्तजन शामिल हुए और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा के पश्चात विंध्याचल क्षेत्र स्थित सप्तसागर तालाब में गणपति प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्री गणेश महोत्सव पूजा समिति अटल चौक के राजा के मुख्य रूप से प्रवीण बरनवाल, रिंकू अग्रहरि, सुमित जायसवाल, आशुतोष मोदनवाल, दलजीत गुप्ता, कृष्णानंद जायसवाल, अनूप जायसवाल, शुभम चौरसिया, शुभम जायसवाल, गोपाल मोदनवाल समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

**छात्रा की मौत मामले में आया नया मोड़**

# सहेली सहित चार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

बीते दो सितंबर को कटहरा क्षेत्र के बगीचे में पेड़ से फंदे से लटके मिले छात्रा के शव के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित सहेली सहित चार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में कटहरा टोला समय स्थान निवासी रविंद्र उर्फ पप्पू साहनी ने बताया कि बेटी सुनीता कक्षा छह की छात्रा थी। बागापार स्कूल आने-जाने के दौरान गोपाल, छोटू और शैलेंद्र छेड़छाड़ करते थे। कई बार समझाने के बाद भी वह मानने को तैयार नहीं थे और हमेशा जान से मारने की धमकी देते थे। एक सितंबर को तीनों लोग बेटी को कहीं गायब कर दिए। काफी खोज-बीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। दो सितंबर को आरोपितों ने सुनीता की हत्या कर शव को फंदा लगाकर आम के पेड़ से लटका दिए। बेटी का कपड़ा भी फाड़ दिए और उसके पैर में काफी चोटें भी आई है। इस पूरे प्रकरण में राधिका का हाथ है। वह अपने मोबाइल से तीनों लोगों से हमेशा बातचीत कराती थी। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि छात्रा के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हैंगिंग आया है। अब तक की जांच में प्रेम प्रपंच की बात सामने आई है।

सहेली एक लड़के से सुनीता की बात कराती थी। तीन दिनों से बात नहीं हो पाने से वह आहत थी और आत्महत्या कर ली थी। फिलहाल तहरीर के आधार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना चल रही है।

# बालू घाट स्थित गंगा तट पर सजाई गई क्षीरसागर की झांकी



▶ भव्य झांकी के दर्शन करने उमड़े लोग

चुनार, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को नगर के बालूघाट स्थित गंगा तट भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी जी कि भव्य झांकी सजाई गई। यहां क्षीरसागर कि झांकी 139 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। नगर के वृद्ध महिला पुरुष बच्चों कि भीड़ दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ी। आयोजक नरेंद्र नाथ पांडेय पवन व अखिलेश मिश्र बच्ची, वेंकटेश्वर पांडेय, चंद्रहास गुप्ता, विकास पांडेय, किशन मिश्रा, धीरेंद्र नाथ पांडेय, राजू चौबे, अविनाश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विक्की गुप्ता, परिवेश अग्रवाल, रामेश्वर दास अग्रवाल आदि रहे।

# भाजपा सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त : सपा



▶ सपा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में नेताओं ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

समृद्धि न्यूज, सोनभद्र।

सपा जिला कार्यालय पर रविवार को कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक हुई। जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बैठक की अध्यक्षता व जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी में संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद छोटेलाल सिंह खरवार उपस्थित रहे।

पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करती है, लेकिन इस भाजपा सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है । किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे है , बावजूद इसके भाजपा सरकार के प्रतिनिधि कान में तेल डाल कर सो रहे है। इसलिए हम समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लें। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि गरीबों का भला समाजवादी पार्टी में है, जिसके मुखिया अखिलेश यादव हैं। समाजवादी पार्टी किसानों, मजदूरों, नौजवानों , महिलाओं और हर तबके की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। मौके पर प्रदेश सचिव हाजी मुनीर अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल, श्याम बिहारी यादव, संजय यादव, विजय यादव, जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी, अनिल प्रधान, जिला उपाध्यक्ष वेदमाणी शुक्ला, राम प्यारे सिंह पटेल, लाल बहादुर पाल, डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल, त्रिपुरारी गौड़, सुरेश यादव, रमेश सिंह यादव, अशोक पटेल, रमेश कुमार वर्मा, रवि कुमार गौड़, विपिन श्रीवास्तव, गीता गौर, सरदार पारब्रह्म सिंह, मन्नू पांडे, राधा सिंह, हिदायत उल्ला खान, जुबेर आलम, बाबूलाल यादव, विजय शंकर जायसवाल, परमेश्वर यादव, पवन पटेल, फारुख अली, अजीत मौर्य, प्रदीप कनौजिया, चंद्र भूषण यादव, रमजान अली, संजय यादव, शिवनारायण चौहान, सनी पटेल, राजेश विश्वकर्मा, जलालुद्दीन, प्रमोद यादव, बाबू हाशमी, लालबरत यादव, राम लखन, अजय, विपिन श्रीवास्तव, अमरेश आदि मौजूद रहे।

# विहिप की प्रान्तीय मार्गदर्शक मण्डल बैठक सम्पन्न

▶ धर्मांतरण व विषमता समाप्त कर हिंदू समाज को एकजुट करने का किया आह्वान

चुनार, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) का धर्माचार्य सम्पर्क विभाग काशी प्रान्त के वार्षिक प्रान्तीय मार्गदर्शक मण्डल की बैठक का आयोजन रविवार को सुरभि शोध संस्थान रामबाग चुनार में सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दू धर्म की नित्य–नैमित्तिक उपासना और अनुष्ठानों से संबंधित आगामी योजनाओं पर विचार.विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के बौद्धिक वक्ता केंद्रीय सहमंत्री व केंद्रीय धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने कहा की जहाँ पर धर्मांतरण की संभावना हो वहां संतों का प्रवास हो ।जो किसी लोभ लालच की वजह से धर्मांतरित हो गए है वे पुन: अपने हिन्दू धर्मों में आये इस कार्यों के लिए संतो का सहयोग व आर्शीवाद आवश्यक है ।नकारात्मक विचारों को बढ़ाया जा रहा है जिससे समाज में विषमता फैल रही हैए जहां संत आए वहां पूज्य संतों का सहयोग व आशीर्वाद मिलेए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने व्यापक संपर्क का कार्यक्रम बनाया है जिसमें संपूर्ण विचार परिवार की सहभागिता होगी हिंदू धर्म की गूंज संपूर्ण दुनिया में हैए शास्त्रों शास्त्र में निपुण मातृशक्ति ही राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने की दिशा में सहायक होंगे। समाज समरस रहेए एकात्मिक अखंड रहे इसके लिए संत समाज का मार्गदर्शन करे ।उन्होंने आगे सम्बोधन करते हुए कहा की संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है संघ ने शताब्दी वर्ष में व्यापक रूप से संपर्क करने को कार्य किया है ।संघ ने पांच परिवर्तन का सूत्र दिया है कुटुंब प्रबोधनएप्लास्टिक का बहिष्कारएस्व का स्वाभिमान के अंतर्गत अपनी भाषाए अपना वेशएअपना संस्कृतिएअपने जीवन मूल्यएअपने मान बिंदु इसके लिए स्व को जागरण करना होगा। इस सबके लिए विदेश की नकल न करके स्व भाव का जागरण करना है। कुटुम्ब प्रबोधन के अंतर्गत परिवार में सभी लोग नियमित अपने त्यौहार मनाए सामूहिक भोजन करेएआपस का संवाद उत्तम करे और कुटुंब भावना जिसका ह्रास होता जा रहा हो वो पोषित हो। चौथा नागरिक कर्तव्य है जो सरकार की संपति उसका दुरुपयोग नहीं करना कही भी चलते समय नागरिक होने का पालन करना चाहिए हमें अनुशासन में रहना चाहिए जो हमें अच्छे नागरिक होने की प्रेरणा देते है।

समाज अच्छा कैसे बने इसके लिए विचार होना चाहिए जिससे समाज संगठित हो ।विहिप केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी ने कहा की संतो के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण एक महत्वपूर्ण कार्य है ।सीता नवमी के दिन अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण का कार्यकम होगा ।विहिप के द्वारा सप्ताहिक सत्संग के कार्य चलते है ।विहिप युवाओं के बीच में बजरंग दल का कार्य चलता है ।सेवा विभाग के द्वारा छात्रावासए कला केन्द्रएगौशाला जैसे अनेकों कार्य चल रहा है। विगत रामनवमी पर विभिन्न स्थानों पर 75 हजार जगहों पर आयोजन हुए। कबीर मठ लहरतारा के महाराज गोविंद दास ने संबोधित करते हुए कहा की हिन्दू समाज संगठित होकर धार्मिक कार्यों में बढ़े ।जब हमने इस शरीर को धारण कर लिया तो परेशानियों का आगमन होगा हमें इस समस्याओं से खुद निवारण करना होगा ।हम सभी हिन्दू जनमानस को हिन्दू परिवार में कम से कम तीन बच्चों को उत्पन्न करना चाहिए जिससे हिन्दू जनसंख्या में कमी न हो। साध्वी गीता माँ ने कहा की आज हमारे हिन्दू धर्म की ध्वनि उठ रही है ।हमारे घर की बेटियों को संस्कारवान के अलावा शास्त्र के साथ ही साथ शस्त्र की शिक्षा देनी चाहिए ।सनातनी शक्ति ने अनेकों बार सत्य की स्थापना हुई है ।सनातन धर्म हमें सदा अग्रणी बनाता है।

स्वामी शिवधारी महाराज ने कहा की वाणी व कर्म में समानता होनी चाहिए। शब्द ब्रह्म होती है जो एक बार निकलने के उपरांत अपना असर ही करती है। हमारी कमियों को विधर्मी सदा अपने उपयोग में लाकर द्वेष फैला रहे है। धर्म कहता है की जो अपराधी हो उसका परित्याग होना चाहिए ।धर्म व संविधान का समन्वय होना चाहिए।

स्वामी सुदर्शन महाराज ने कहा की जब अंग्रेजों के शासन चल रहा था तब रामकृष्ण गोखले ने हिन्दू धर्म ध्वजा का उत्थान किया ।विहिप का आदर्श है की कोई भी हिन्दू अछूत नहीं है सभी हिन्दू सहोदर आपस में भाई भाई है। स्वामी बालक दास महाराज ने कहा की सभी हिन्दू परिस्थितियों को देखते हुए धरातल पर आपसी रूप से संगठित हो ।बिना एक दूसरे के कोई चल नहीं सकता है इसलिए हम सभी को आपस में एक साथ चलने की परम्परा बनानी चाहिए। स्वामी कृष्णानंद महाराज कैलाश आश्रम झूसी ने कहा की सभी को आपसी प्रेम भाव से राष्ट्र उत्थान के लिए आगे बढ़ना चाहिए। साध्वी माँ त्रिकाल भवंता ने कहा की दुख देने से दुख मिलता है सुख देने से सुख मिलता है ।हमें समाज को समरसता बनाए रखना चाहिए ।जब जब भगवान के ऊपर कष्ट हुआ या धर्म की हानि हुई तो विभिन्न रूपों में प्रकट हुई और सभी का नाश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी रामाश्रम शास्त्री महाराज व संचालन प्रान्त धर्माचार्य संपर्क प्रमुख आद्या शंकर ने किया।

इस दौरान संतो में मीरजापुर से आये संत नरसिंह कुटी मीरजापुर से गिरधारी महाराज, बदवरा नाथ आश्रम से महाराज महेन्द्र नाथ गिरी, महाराज शक्तिपुरी, महाराज कमलनयन, विष्णुहरिदास, वीरेन्द्र दास, प्रयाग विभाग से पूज्य स्वामी रमण महाराज, स्वामी प्रमोदानंद महाराज, आचार्य आलोक शुक्ला, आचार्य पंकज शरण, स्वामी रामचंद्र दासएमहंत सुदर्शन महाराज, वाराणसी से स्वामी गोविंद दासएस्वामी प्रहलाद दास, स्वामी यतींदानंद, बाबा शिवानंद महाराज, महाराज भरत रहे।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व केंद्रीय सह धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख हरिशंकर, क्षेत्र धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख जितेंद्र, प्रान्त संगठन मंत्री नितिन भारत, प्रान्त सहमंत्री सत्यप्रकाश, प्रान्त सह धर्माचार्य सम्पर्क आनन्दए प्रान्त धर्मप्रसार प्रमुख नर सिंहएविभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ला, विभाग संयोजक प्रवीण, विभाग संगठन मंत्री अमित, जिला मंत्री कृष्ण, जिला सहमंत्री अभय, जिला धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख डॉक्टर संतोष, जिलाध्यक्ष चुनार दिनेश, जिला संगठन मंत्री विवेक, अर्जुन मौर्यए, वंशीधर चतुर्वेदी, सुनील गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।